आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 33°C | 23°C |

इनसाइड न्यूज

लापरवाही ने फीकी की कई घरों की खुशियां अस्पतालों में दिवाली की...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 23 अक्टूबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 12 www.janexpresslive.com/epaper



दिल्ली अभी दूर है, 2029 तक महाराष्ट्र... 12

# दिल्ली में छठ पूजा, यमुना किनारे 17 मॉडल घाट बनेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि राजधानी में इस बार छठ महापर्व को दिवाली जैसी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसलिए यमुना नदी के किनारे 17 मॉडल छठ घाट बनाए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालु साफ-सुरक्षित वातावरण में पूजा कर सकें। पूरे शहर में करीब 1500 घाटों पर छठ पूजा होगी। सीएम गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सरकार का फोकस सफाई और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर है। इसके लिए सफाई अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें सांसद, विधायक और पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों पर जाकर सफाई अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि यमुना किनारे छठ पूजा करने पर दर्ज सभी पुराने केस वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2021 में पिछली सरकार ने कई श्रद्धालुओं के खिलाफ धारा 188 (सार्वजनिक आदेश उल्लंघन) के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

### सफाई अभियान शुरू, सीएम गुप्ता बोलीं, श्रद्धालुओं पर दर्ज सभी पुराने केस होंगे वापस



### सचदेवा बोले, दिल्ली में 1500 घाटों पर पूजा होगी

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने बीजेपी के एक और वादे को पूरा किया है, अब दिल्ली में छठ पूजा 1,500 घाटों पर होगी, जिनमें यमुना के किनारे बने घाट भी शामिल हैं। सचदेवा ने बताया कि करीब 1,300 कृत्रिम घाट अलग-अलग इलाकों में बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा 200 नई जगहों को भी जनता की मांग पर पूजा स्थल के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा कि पहले की आम आदमी पार्टी सरकार ने यमुना किनारे पूजा करने पर जो बैन लगाया था, वह अनैतिक था। बीजेपी ने उस समय यमुना की गंदगी और उस पर कोई ठोस कदम न उठाने को लेकर तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल की नाकामी उजागर की थी।

### सीएम बोलीं, 1000 से ज्यादा समितियों ने आवेदन दिए

पिछले साल जहां पूजा केवल 929 जगहों पर हुई थी, इस बार सरकार को 1,000 से ज्यादा पूजा समितियों से आवेदन मिले हैं। सभी समितियों को सरकार की ओर से सुविधाएं और व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए शौचालय, पेयजल, बिजली, रोशनी, चाय और सुरक्षा व्यवस्था जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं की जा रही हैं।

### छठ पूजा का महत्व

यह चार दिवसीय पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। इसमें व्रत, उपवास, स्नान और नदी या तालाब के किनारे सामूहिक पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व खास तौर पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। दिल्ली में बसे लाखों पूर्वांचलवासी हर साल बड़ी श्रद्धा और उत्साह से छठ पर्व मनाते हैं।

# नीरज चोपड़ा लेफ्टिनेंट कर्नल बने

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दी उपाधि, थल सेना प्रमुख भी रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पानीपत

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) बन गए हैं। बुधवार को दिल्ली में अलंकरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उन्हें उपाधि दी। इस दौरान उनकी मां सरोज देवी, पिता सतीश चोपड़ा, चाचा भीम चोपड़ा और पत्नी हिमानी मोर भी मौजूद रहीं। हरियाणा में पानीपत के रहने वाले नीरज चोपड़ा 26 अगस्त 2016 को सेना में नायब सूबेदार के पद पर भर्ती हुए थे। 2021 में उन्हें सूबेदार बनाया गया। टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उन्हें सेना द्वारा परम विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया गया। 2022 में नीरज को सूबेदार मेजर के पद पर पदोन्नति मिली।



### 16 मई को क्रॉस किया था 90 प्लस का मार्क

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर भाला फेंककर करियर का बेस्ट थ्रो किया था। उन्होंने पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा। फिर नीरज ने तीसरे प्रयास में 90.23 का थ्रो किया। इससे पहले उनका बेस्ट थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 2022 डायमंड लीग में हासिल किया था। हालांकि, नीरज दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.06 मीटर के थ्रो के साथ पहले और ग्रेनेडा के पीटर्स एंडरसन 85.64 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

### 14 मई को टेरिटोरियल आर्मी में दी गई थी उपाधि

भारतीय सेना ने 14 मई को नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी थी। नीरज को यह सम्मान खेल में असाधारण योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी कमिटमेंट के लिए दिया गया था। राजपत्र के मुताबिक यह नियुक्ति 16 अप्रैल से प्रभावी हुई थी।

### 2016 से ही आर्मी से रहा है नीरज का नाता

पेरिस ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट वैसे तो 2016 से ही इंडियन आर्मी से जुड़े हुए हैं. 26 अगस्त 2016 को ही वो इंडियन आर्मी में नायब सूबेदार बन गए थे. 2021 में प्रमोशन के बाद वह सूबेदार बने. अर्जुन अवॉर्ड और खेल रत्न पुरस्कार जीत चुके नीरज को इंडियन आर्मी की ओर से टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद परम विशि?ष्ट सेवा मेडल भी दिया गया था. 2022 में उनका फिर प्रमोशन हुआ और वह सूबेदार मेजर बन गए थे. हालांकि?, इस ऑनररी पद को स्वीकार करने से पहले ही नीरज सूबेदार मेजर के पद को छोड़ चुके हैं. वो इसी साल आर्मी से रिटायर हुए. इसके बाद मई में उन्हें ऑनररी लेफ्टिनेंट कर्नल के रैंक से नवाजा गया. वैसे वो 16 अप्रैल, 2025 को ही लेफ्टिनेंट कर्नल बन गए थे. लेकिन, डायमंड लीग और वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशि??प के कारण वह देश से बाहर थे. इसलिए अब देश लौटने पर 22 अक्टूबर को उन्हें कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया.

### देश के सबसे महान एथलीट्स में शुमार हैं नीरज

नीरज देश के सबसे महान एथलीट्स में से एक है. वो अकेले इंडियन एथलीट हैं, जिन्होंने लगातार दो ओलंपिक में एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है. नीरज से पहले शूटर अभि?नव बिंद्रा एकमात्र एथलीट थे, जिन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में इंडिविजुअल गोल्ड मेडल जीता था. नीरज ने ये कारनामा 2020 टोक्यो ओलंपिक में दोहराया. इसके बाद अपनी लेगेसी को आगे बढ़ाते हुए नीरज ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीता और चौथे भारतीय एथलीट बन गए, जिन्होंने दो ओलंपिक मेडल जीते. उनसे पहले, ये कारनामा पहलवान सुशील कुमार, शटलर पीवी सिंधु और पेरिस में ही दो ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर ने किया था. नीरज इसके अलावा 2018 में कॉमनवेल्थ गेम्स और 2018 और 2023 में एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं. साथ ही 2023 में वह जैवलिन थ्रो में वर्ल्ड चैंपियन भी रह चुके हैं.

### लगातार दो ओलंपिक में जीते हैं पदक

हरियाणा के पानीपत के पास खंडरा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय भाला फेंक एथलीट ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक 2024 में उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। इस साल नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई थी, लेकिन बुधवार को समारोह के दौरान उन्हें उपाधि दी गई। नीरज से पहले भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को भी 2011 में प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद पद दिया गया था। अधिसूचना में कहा गया था, प्रादेशिक सेना विनियम 1948 के पैरा-31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति हरियाणा के पानीपत के गांव और डाकघर खंडरा के पीवीएसएम, पद्मश्री, वीएसएम पूर्व सूबेदार मेजर नीरज चोपड़ा को 16 अप्रैल 2025 से प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद पद प्रदान करती हैं।

### कौन हैं नीरज चोपड़ा?

नीरज चोपड़ा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने भारत को ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स का पहला गोल्ड मेडल दिलाया है. वो देश के सबसे सफल और लोकप्रिय एथलीटों में गिने जाते हैं. नीरज का जन्म हरियाणा के पानीपत जिले के खंडरा गांव में हुआ था.

### ऐसे की जेवलिन की शुरुआत

बचपन में नीरज का वजन थोड़ा ज्यादा था, जिससे उन्हें कई बार दोस्तों के ताने सुनने पड़ते थे. मोटापा कम करने के लिए उन्होंने पानीपत खेल स्टेडियम में दौड़ लगानी शुरू की. वहां नीरज ने कुछ खिलाड़ियों को जेवलिन की प्रैक्टिस करते देखा. जेवलिन को थामा और फिर पीछे मुड़कर नहीं दिखा.

### प्रारंभिक जीवन और संघर्ष

नीरज चोपड़ा का जन्म 24 दिसंबर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खंडरा गांव में हुआ था. एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले नीरज के पिता सतीश कुमार किसान हैं और माता सरोज देवी गृहिणी हैं.

### पेरिस ओलंपिक में जीता था सिल्वर मेडल

2024 में हुए पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था। उन्होंने 89.45 मीटर का थ्रो किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

# कई शहरों में खुलेगा निवेश नेटवर्क

## मुंबई से चेन्नई तक होंगे 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट ऑफिस



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार देश के पांच प्रमुख महानगरों मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोलने जा रही है। इन ऑफिसों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता और औद्योगिक अवसरों को सीधे देश के बड़े कारोबारी केंद्रों तक पहुंचाने की योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन को मंजूरी दे चुके हैं। इसी क्रम में अब यह सैटेलाइट ऑफिस योजना लागू की जा रही है, जो निवेशकों और सरकार के बीच संवाद को मजबूत करेगी और राज्य की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस छवि को और सुदृढ़ बनाएगी।

### प्रत्येक ऑफिस में होगी समर्पित टीम

प्रत्येक सैटेलाइट ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की नियुक्ति की जाएगी।

### निवेश से विकास' की दिशा में बड़ा कदम

सरकार का मानना है कि देश के इन प्रमुख शहरों में मौजूदगी से न केवल उत्तर प्रदेश को घरेलू निवेश में बढ़त मिलेगी, बल्कि विदेशी निवेश आकर्षण में भी तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अब केवल उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। सैटेलाइट ऑफिस इस दिशा में सेतु का काम करेंगे और राज्य को देश के शीर्ष औद्योगिक नेटवर्क से सीधे जोड़ेंगे। इन ऑफिसों की स्थापना से उत्तर प्रदेश मेक इन यूपी अभियान को और गति देगा और वैश्विक निवेश मानचित्र पर अपनी स्थायी पहचान दर्ज कराएगा।

### हर शहर का अलग फोकस एरिया तय

- राज्य सरकार ने हर सैटेलाइट ऑफिस के लिए उस शहर की औद्योगिक और आर्थिक विशेषताओं के आधार पर रणनीतिक सेक्टर तय किए हैं।
- मुंबई ऑफिस वित्तीय सेवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक और ईएसजी फंड पर केंद्रित रहेगा।
- बेंगलुरु ऑफिस जीसीसी (ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर), एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ईवी और डीपटेक उद्योगों को लक्ष्य बनाएगा।
- हैदराबाद ऑफिस फार्मा, डेटा सेंटर, हेल्थटेक और एंटरप्राइज सेक्टर पर फोकस करेगा।
- चेन्नई ऑफिस ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और हार्डवेयर निर्माण क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करेगा।
- नई दिल्ली ऑफिस इन्वेस्ट यूपी और एशिया-यूरोपीय संघ सहयोग सुविधा केंद्र के रूप में काम करेगा।

सभी पांचों केंद्रों पर कुल मिलाकर लगभग 12 करोड़ की वार्षिक धनराशि व्यय होने का अनुमान है। इन ऑफिसों का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना ही नहीं, बल्कि निवेशकों को परियोजना क्रियान्वयन, नीति मार्गदर्शन और राज्य के औद्योगिक माहौल की प्रत्यक्ष जानकारी देना भी है।

# अमेरिका जा रहा एअर इंडिया विमान रास्ते से मुंबई लौटा



- 3 घंटे बाद पायलट को खराबी का शक हुआ, दोनों तरफ की उड़ानें रद्द

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी। फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया। इस कारण मुंबई और नेवार्क के बीच चलने वाली एआई-191 और एआई-144 (नेवार्क-मुंबई) दोनों फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई में फंसे यात्रियों के लिए होटल और दूसरी उड़ानों की व्यवस्था की गई है, जबकि नेवार्क में मौजूद यात्रियों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। उनके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। हांगकांग से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान में गुरुवार सुबह दिक्कत आ गई। फ्लाइट एआई315 के उड़ान से पहले उसमें एक पुर्जे को रिसैट किया गया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर मौजूद डेटा के अनुसार, बोइंग 787-8 विमान की फ्लाइट एआई315 को हांगकांग एयरपोर्ट से सुबह लगभग 8.50 बजे (स्थानीय समयानुसार) उड़ान भरनी थी, लेकिन इसमें देरी हुई और यह लगभग 11.30 बजे रवाना हुआ। एअर इंडिया का ये वही विमान था जिसमें 18 दिन पहले भी समस्या आई थी। तब यह विमान अमृतसर से इंग्लैंड के बर्मिंघम जा रहा था। लैंडिंग से पहले विमान की रैम एयर टरबाइन अपने आप एक्टिव हो गई।

### 7 अक्टूबर को एअर इंडिया विमान से पक्षी टकराया था

एअर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से मंगलवार को एक पक्षी टकराने (बर्ड हिट) से फ्लाइट को नुकसान पहुंचा है। सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन ने चेन्नई से कोलंबो जाने वाली वापसी उड़ान को फिलहाल रद्द कर दिया है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि विमान जब चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी उसके इंजन से पक्षी टकरा गया, जिससे विमान के इंजन से आवाज आने लगी। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को चेन्नई एयरपोर्ट पर उतार लिया।

# लखनऊ में आतिशबाजी के धुएं से फूली सांसें, एक दिन में 144 से 250 पहुंचा एयर क्वॉलिटी इंडेक्स

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दिवाली पर आतिशबाजी के धुएं और धीमी हवाओं के चलते अगले दिन मंगलवार को लखनऊ की हवा का औसत एक्यूआई 250 दर्ज हुआ। यह ऑरेंज जोन में आता है। ऐसी प्रदूषित हवा बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों के लिए खराब मानी जाती है। इसके ठीक एक दिन पहले 20 अक्तूबर यानी सोमवार को लखनऊ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 144 दर्ज किया गया था, जो सेहत के लिए तुलनात्मक रूप से बेहतर था। वहीं, बुधवार को 183 एक्यूआई के साथ लखनऊ की हवा की सेहत में थोड़ा सुधार दिखा। बीते वर्ष दिवाली के अगले दिन लखनऊ का एक्यूआई 306 दर्ज हुआ था। वहीं साल 2023 में दिवाली के अगले दिन लखनऊ में एक्यूआई 219 दर्ज किया गया था। यानी पिछले साल 2024 की दिवाली की तुलना में इस साल कम और साल 2023 की तुलना में ज्यादा प्रदूषण रहा।

# बिहार के चुनावी रण में मोर्चे पर डटे उत्तराखंड भाजपा के सूरमा, पुष्कर सिंह धामी स्टार प्रचारक

जन एक्सप्रेस। देहरादून

बिहार विधानसभा के चुनावी रण में उत्तराखंड भाजपा के सूरमा भी मोर्चे पर डटे हैं। समान नागरिक संहिता लागू करने समेत अनेक ऐतिहासिक निर्णय लेकर देशभर में चर्चा में आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वाभाविक रूप से पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं तो प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार को बिहार के 42 विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। नैनीताल सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट को वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा तीन विधायकों को भी मोर्चे पर लगाया गया है। अब भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा की टोलियां भी चुनाव प्रचार के लिए बिहार भेजने की तैयारी है। उत्तराखंड में भाजपा वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से अजेय बनी हुई है। तब से लेकर अभी तक के प्रत्येक चुनाव में वह विपक्ष को चारों खाने चित्त करती आई है तो इसमें उसके बेहतर बूथ प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। चुनाव कोई भी हो, उसमें बूथ प्रबंधन के तहत प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुखों की तैनाती, बूथ स्तर पर टोली कार्यकर्ताओं की निरंतर सक्रियता और की-वोटर से लगातार संपर्क पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसीलिए, उत्तराखंड भाजपा के बूथ प्रबंधन को बेहतर माना जाता है और इसी के दृष्टिगत पार्टी नेतृत्व लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनावों में यहां के पार्टी नेताओं का भरपूर उपयोग किया जाता है। इसी कड़ी में उत्तराखंड से भाजपा नेताओं को बिहार विधानसभा चुनाव में मोर्चे पर उतारा गया है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बिहार के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। पार्टी के प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार एक माह पहले से बिहार में मोर्चा संभाले हुए हैं। पिछले तीन सप्ताह से नैनीताल सांसद अजय भट्ट भी वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में सभाओं, रोड शो, बैठकें समेत अन्य कार्यक्रमों में सक्रिय हैं। इसके साथ ही विधायक प्रदीप बत्रा, शिव अरोड़ा व अरविंद पांडेय को भी अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। नैनीताल सांसद भट्ट के अनुसार पूरे बिहार में भाजपा-एनडीए के पक्ष में जबर्दस्त लहर चल रही है। इधर, सीतामढ़ी विधानसभा क्षेत्र के छह दिवसीय दौरे से लौटे विधायक एवं पूर्व मंत्री अरविंद पांडेय के अनुसार वह उन्हें आवंटित सीतामढ़ी क्षेत्र के 247 बूथ इकाइयों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुके हैं। एक-दो दिन बाद वह फिर से सीतामढ़ी क्षेत्र के लिए रवाना होंगे। इसी प्रकार अन्य नेता भी अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं।



> उत्तराखंड से भी पार्टी नेताओं को बिहार विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत वहां भेजा गया है। सभी अपने-अपने क्षेत्रों में डटे हुए हैं। अब भाजयुमो और महिला मोर्चा की टीमें भी बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए भेजी जाएंगी।
> – कुंदन परिहार, प्रदेश महामंत्री भाजपा

# मेहुल चोकसी के लिए ऑर्थर रोड जेल में बैरक तैयार, दो सेल में अटैच टॉयलेट समेत टीवी-पंखे होंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए भारत ने बेल्जियम अधिकारियों को मुंबई की आर्थर रोड जेल की आधिकारिक तस्वीरें सौंपी हैं। इनके जरिए बताया गया कि चोकसी को प्रत्यर्पण के बाद जब ऑर्थर रोड जेल में रखा जाएगा तो वहां उसे क्या सुविधा मिलेगी। बुधवार को सुनवाई में बेल्जियम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि चोकसी पर लगाए गए अपराध भारत और बेल्जियम, दोनों देशों के कानूनों के तहत प्रत्यर्पण योग्य हैं। इसके बाद कहा जा रहा है कि मेहुल चोकसी को डिपोर्ट किया जा सकता है। दरअसल, बेल्जियम के एंटवर्प शहर की एक कोर्ट ने 17 अक्टूबर को भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। कोर्ट ने माना था कि भारतीय एजेंसियों के अनुरोध पर बेल्जियम पुलिस द्वारा की गई चोकसी की गिरफ्तारी वैध थी।



### बेल्जियम पुलिस ने 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था

बेल्जियम पुलिस ने भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर इसी साल 12 अप्रैल को पंजाब नेशनल बैंक से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी मेहुल चोकसी को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जेल में है। चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपए का घोटाला करने का आरोप है। मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा था, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। गिरफ्तारी के समय मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया था। ये मुंबई की एक अदालत ने 23 मई 2018 और 15 जून 2021 को जारी किए थे।

### 46 वर्ग मीटर का बैरक

तस्वीरों में 46 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की बैरक दिखाई गई है। इसमें 2 सेल (कमरे) हैं। प्रत्येक में निजी शौचालय और बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। ये तस्वीरें भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया के रूप में भेजी गईं, ताकि चोकसी के इस दावे का खंडन किया जा सके कि भारतीय जेलें भीड़भाड़ वाली और असुरक्षित हैं।

### 12 नंबर बैरक में रहेगा चोकसी

दस्तावेजों के अनुसार, चोकसी को मुंबई की हाई सिक्युरिटी वाली आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। यह वही जेल कैंपस है, जहां 26/11 आतंकी अजमल कसाब को भी रखा गया था। बैरक में दो कमरे हैं। इनमें अटैच टायलेट-बाथरूम हैं। चोकसी को मेडिकल और पेशी के लिए जेल परिसर से बाहर जाने की अनुमति होगी। उनकी हिरासत न्यायिक निगरानी में होगी, ना कि किसी जांच एजेंसी के पास।

## स्काउट गाइड ने दीपावली मेला में दिया सहयोग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दीपावली अमावस्या मेला में दीपदान एवं परिक्रमा करने के लिए चित्रकूट आए लाखों श्रद्धालुओं के बच्चे व बुजुर्ग अपनों से बिछुड़ गए जिन्हें मिलाने के लिए खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भारत स्काउट और गाइड के स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर्स एवं स्काउट शिक्षक रामघाट, खोही व सीतापुर में सेवा शिविर लगाकर सेवा का कार्य करके पुण्य लाभ प्राप्त करने का काम किया। साथ ही जिला प्रशासन चित्रकूट द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण में भी सहयोग प्रदान किया। इस पुण्य कार्य में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्य में प्रेमचंद, श्याम बिहारी सिंह, सुरेश प्रसाद, गोपाल कृष्ण, मोहनलाल दीन, लालमन, रामराज सिंह, रामकिशोर यादव, जयनारायण, विश्वनाथ, कमलेश यादव, देव यादव, मइयादीन पटेल, सत्येंद्र सिंह, दिनेश सिंह, हरिहरनाथ सिंह, दयानंद सिंह, बद्री नारायण कुशवाहा, छेदीलाल सोनकर, रामदयाल, ललित कुमार, जानकी शरण आदि शिक्षकों का प्रमुख सहयोग सेवा कार्य में रहा।

# तुलसी उत्सव रघुनाथ गाथा का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास एवं तुलसी शोध संस्थान द्वारा चार दिवसीय तुलसी उत्सव-रघुनाथ गाथा समारोह 18 से 21 अक्टूबर तक तुलसी मंच प्रमोदवन में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ 18 अक्टूबर को तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण व मंगला चरण के साथ किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने चित्रकूट में दीपोत्सव के महत्व पर सामजिक समरसता तथा सनातन संस्कृति महत्व पर प्रकाश डाला। संत रामहृदय दास महराज ने भगवान श्रीराम के चित्रकूट प्रवास के दौरान विभिन्न घटनाओं का तथा श्रीराम के मर्यादा स्वरूप का वर्णन किया। डॉ प्रमिला मिश्रा के द्वारा चित्रकूट के विषय पर व्याख्यान दिया गया। रीवा के डॉ. नलिन दुबे ने दण्डकारण्य में श्रीराम विषय पर व्याख्यान दिया। नीलांगी कलात्रे द्वारा लीला प्रस्तुति की गई। तुलसी शोध संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. अवधेश प्रसाद पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम के महत्व एवं चित्रकूट की महिमा, श्रीराम के आदर्श स्वरूप का विवेचन किया। भैरवदास महराज ने मगंलाचरण प्रस्तुत किया। तुलसी शोध संस्थान की वर्तमान निदेशक डॉ. मन्जूषा राजस जौहरी ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दूसरे दिन खजुरीताल के रामभूषण दास महराज द्वारा स्थापित रामलीला समिति द्वारा श्रीरामजन्म, ताडकावध, अहिल्या उद्धार के प्रसंगों की बहुत सुन्दर प्रस्तुती की गई। इसके बाद गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी द्वारा 'वनवासी श्रीराम' विषय पर व्याख्यान दिया। प्रांतीय कलाकार संघ रीवा द्वारा श्रीराम के



जीवन पर आधारित भजन प्रस्तुत किया गया। ओरछाधीश सेवा समिति ओरछा द्वारा नीलम सिंह के साथ राघव सिंह द्वारा विनय पत्रिका के कई पद संगीत के साथ प्रस्तुत किये गये। पूर्व जनपद न्यायाधीश अरूण ने कहा कि पवित्र मन व निष्कपट हृदय द्वारा ही भक्ति की जा सकती है। इंदौर के पं. अभय माणके द्वारा संगीतमयी गीतरामायण प्रस्तुत की गई।

तृतीय दिन 20 अक्टूबर को श्रीरामलीला में कैकेई मंथरा संवाद, श्रीराम वन गमन, केवट प्रसंग, भरतमिलाप आदि का मंचन किया गया। इसके बाद काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. नवलकिशोर मिश्रा ने वर्तमान समय में श्री राम के आदर्श की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान देते हुए श्रीराम के आदर्शो पर चलने का आवाहन किया। मऊगंज की स्नेहा मिश्रा और उनकी टीम द्वारा बघेली लोक गीत प्रस्तुत किये गये। अखाडा परिषद् के राष्ट्रीय कोतवाल महंत भैरवदास महराज द्वारा भी भजन प्रस्तुत किये गये। इसके बाद दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन 21 अक्टूबर को श्रीरामलीला में लंकादहन, विभीषण शरणागति एवं अंगद रावण संवाद, रावण वध का सुन्दर मंचन किया गया। इसके बाद ग्रामोदय विश्वविद्यालय के डॉ. घनश्याम गुप्ता ने श्रीराम पर्यावरण प्रेम एक शाश्वत सन्देश विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ आर.के. पाण्डेय ने श्रीरामकथा के महत्व का भजन के साथ प्रस्तुत किया। अजय मिश्रा, अर्चना पाण्डेय एवं साथियों द्वारा बघेली लोक गीत में रामचरित्र का गायन किया। अरविन्द कुमार पटेल ने बघेली में श्रीराम जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। कामदगिरी पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य ने दीपोत्सव का महत्व बताते हुये कहा कि अयोध्या से भी प्राचीन दीपोत्सव चित्रकूट का है। भगवान राम ने वनवासियों के साथ यहां दीपोत्सव मनाया था। कार्यक्रम के अंत में सभी को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तुलसी शोध संस्थान के रामेश्वर प्रसाद पटेल आदि मौजूद रहे।

## आदिवासी गांव बिजहना में अंधेरे घरों की दिवाली बनो कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद की अति पिछड़े पाठा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोडा माफी के मजरा बिजहना कोल आदिवासी बस्ती में आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय द्वारा अंधेरे घरों की दिवाली बनो कार्यक्रम का आयोजन कर आदिवासी समाज के लोगों के साथ दिवाली मनाई। समाजसेवियों के समूह के साथ जब पाठा के आदिवासी महिला, पुरुष व बच्चों ने अपने घरों में दिए जलाए, तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के निदेशक समाजसेवी गोपाल भाई के निर्देशन में अंधेरे घरों की दिवाली बनो कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 300 आदिवासी परिवारों को दिवाली की सामग्री और मिष्ठान का वितरण किया गया। बिजहना गांव में इस कार्यक्रम को लेकर आदिवासी परिवारों में उत्साह व उल्लास देखने को मिला। आदिवासियों ने उत्साहपूर्वक

**■ कोल आदिवासी परिवारों को वितरित की गई दिवाली पूजन सामग्री, हुआ सामूहिक भोज**

छियूल का मंडप बनाया, जिसके नीचे बैठने की व्यवस्था थी। इसके साथ ही जमीन की लिपाई गाय के गोबर से की, वहीं पर रंगोली भी सजाई गई, जो बच्चियों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन था। आदिवासी महिलाओं व पुरुषों ने अपने पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम के संयोजक बलवीर सिंह ने बताया कि कई वर्षों से गरीबों की बस्तियों में जाकर उनके घरों को रोशन करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस वर्ष बिजहना गांव की आदिवासी बस्ती में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कहा कि यहां के लोगों की जो समस्याएं हैं, उनके समाधान के लिए संस्थान प्रयास करते हुए सभी आदिवासी समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। बताया कि इस गांव को एसडीएम मानिकपुर मोहम्मद जसीम ने विकास की दृष्टि से गोद लेने का भी निर्णय लिया है। कार्यक्रम में आदिवासी बच्चियों द्वारा गीत प्रस्तुत किए। इसके बाद आदिवासी कुल देवता का पूजन करते हुए दीप जलाए गए। इसके बाद सभी को दिवाली मनाने की सामग्री एवं उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन आदिवासी बालिका भारती ने किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर डॉ मनोज द्विवेदी, रामनिधि दास, सुषमा सिंह प्रमिला, अनीता सिंह, लल्लू राम शुक्ला, राकेश माथुर, पंकज दुबे, सभासद शंकर यादव, अजय यादव, देव शुक्ला, देशराज यादव, राजेश दुबे, रामलाल, विजय सिंह, अजीत कुमार, रामराज, मोगली, धनराज, संजय, भरत, संध्या, आरती, देशराज, जय, गोपाल, सरल, देव कुमार, विश्वदीप, रामविलास, मयंक सिंह, दीपक सिंह, सत्यनारायण, उमेश कुमार, लक्ष्मण लाल, बदरुद्दीन खान आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं और महिलाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिये चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस कप्तान के निर्देशन में

थानो में तैनात महिला पुलिस कर्मियों, मिशन शक्ति टीम ने अपने-अपने क्षेत्र के तहत प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों सहित जरुरी जगाहों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के बारे में जागरुक किया जा रहा है। इसी के तहत बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच, बैड टच सहित उनके अधिकारों और महिलाओं से जुड़े अपराधों से बचाव के लिये जागरुक किया गया । इस मौके पर बताया गया कि बस,रास्तों,सार्वजनिक जगाहों में मनचलों और शोहदों के छेडखानी करने पर डरने के बजाय फौरन



हेल्पलाइन नंबर 1090 सहित थाने में जाकर फौरन एफ0आई0आर0 दर्ज करायें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम का बड़ी ही होशयारी से इस्तिमाल करने की जानकारी दी गई । महिला और बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। साथ ही स्वयं नियमों का पालन करते हुये अपने घर और आसपास के लोगों को भी जागरुक करने के लिए कहा गया । महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिये एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सर्विस 1930 साइवर हेल्पलाइन के बारे में खुलकर पूरी जानकारी दी गई।

## खेत जा रही महिला से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । बांदा

थानक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने छेड़छाड़ व पिटाई की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि 14 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे खेत जाते समय गांव के ही दिनेश गुप्ता उर्फ फड़वाला ने बुरे इरादे से पकड़ लिया। विरोध करने पर उसने पिटाई की। वहीं जब उसके चंगुल से छूटकर भागने लगी तो आरोपी ने जानमाल की धमकी दी। इसकी शिकायत करने गए पति के साथ भी आरोपी ने अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष कुलदीप कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर लगने बाइक सवार की मौत, बेटा घायल

जन एक्सप्रेस । बांदा

बहन के घर से लौट रहे युवक की बाइक में पीछे से आए ट्रैक्टर की टक्कर लग गई। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई जबकि उसका बेटा घायल हो गया। उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के इटवां गांव निवासी अरुण कुमार (22) ने बताया कि वह अपने पिता चंद्रशेखर वर्मा (60) के साथ अपनी बुआ के घर रविवार को गए थे। वहां से देर शाम करीब छह बजे लौट रहे थे। बाइक अरुण चला रहा था। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के फफूंदी व पवैया गांव के बीच पीछे से आए ट्रैक्टर से उनकी बाइक में टक्कर लग गई। हादसे में दोनों पिता-पुत्र गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों को बबेरू सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने चंद्रशेखर को मृत घोषित कर दिया। अरुण को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुत्र अरुण ने बताया कि वह तीन भाई व दो बहन हैं। मां सुमित्रा की जुलाई माह में मौत हो चुकी है। पिता किसानी करते थे। बबेरू कोतवाल राजेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से हादसा हुआ है।

## मिशन शक्ति टीम ने आपसी घरेलू झगड़े का कराया निपटारा

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

राठ के मिशन शक्ति सेन्टर में आवेदिका रेखा पत्नी कंधीलाल अनुरागी, निवासी अतरौलिया राठ ने आकर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपने पति कंधीलाल अनुरागी के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट करने की शिकायत की थी। सेन्टर की टीम ने प्रार्थना पत्र के आधार पर दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र राठ बुलाकर आपस में बातचीत कराई गई, साथ ही दोनों की परेशानी को गौर से सुना गया। दोनों पक्षों के बीच पैदा पारिवारिक झगड़े के निपटारे के लिये काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के



दौरान दोनों पक्षों को आपसी झगड़ा खत्म कर शांतिपूर्ण तरीके से जिंदगी गुजारने के लिये प्रेरित किया गया। टीम ने आवेदिका और उसके पति को पारिवारिक जीवन के महत्व, आपसी मदद और इज्जत करने की मिसाल देकर समझाया गया। साथ ही पति कंधीलाल अनुरागी को भविष्य में गाली-गलौज और मारपीट न करने की सख्त हिदायत दी। काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति व्यक्त करते हुए आगे से किसी भी तरह का झगड़ा न करने और परस्पर सहयोग से जीवनयापन करने की बात कही। मिशन शक्ति टीम ने आवेदिका रेखा की परेशानी का निपटारा कर जिंदगी में आवश्यकतानुसार सहयोग का आश्वासन दिया गया। दोनों पक्षों को सकुशल रुक्खसत किया गया।

## रघुवीर मंदिर में की गई गोवर्धन पूजा



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

धर्मनगरी के रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को श्रीराम नाम कीर्तन के साथ बृज के भगवान और पर्वतों के राजा कहे जाने वाले गिरिराज गोवर्धन की पूजा विधि विधान और हर्षोल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर गोवर्धन भगवान को अन्नकूट के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। जानकीकुंड के रघुवीर मंदिर में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर पद्मश्री डॉ बीके जैन, ऊषा जैन, दमयंती बेन, सेज पाल, रमा बेह हरियाणी, मिलोनी बेन मुम्बई, डॉ ईलेश जैन, एवं सदगुरू परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में भजन कीर्तन हुआ और भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चन की गई। इसके बाद गोवर्धन भगवान को छप्पन तरह के व्यंजनों का भोग लगाया, जिसे अन्नकूट भी कहते है। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## त्योहार में एटीएम बंद होने से उपभोक्ता रहे परेशान




जन एक्सप्रेस । बांदा।

दीपावली पर बैंक बंद होने से ग्राहकों को कैश की दिक्कत न हो, इसके लिए बैंकों के प्रत्येक एटीएम में पर्याप्त नकदी की व्यवस्था की गई थी लेकिन त्योहार पर एटीएम ही बंद मिलने से लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ा। जनपद में हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर को मनाया गया। रविवार का दिन होने से बैंक बंद रहे। त्योहार पर नकदी की समस्या से जूझ रहे लोगों ने एटीएम मशीनों की ओर रुख किया तो उन्हें मायूसी हाथ लगी।

शहर के कई एटीएम बंद होने से उपभोक्ता नकदी के लिए यहां-वहां भटकते रहे। वहीं आगामी 22 व 23 अक्टूबर को परीवा व भैयादूज पर्व होने से बैंक बंद रहेंगे। इसके बाद 25 व 26 अक्टूबर को भी बैंक आखिरी शनिवार व रविवार के चलते बंद रहेंगे। ऐसे में उपभोक्ताओं के पास सिर्फ शुक्रवार का दिन ही बचेगा, जिसमें वह बैंक से निकासी कर सकते हैं। हालांकि पर्व को देखते हुए जिले के सभी एडीएम मशीनों में पर्याप्त कैश जमा कराया गया था। लेकिन हीलाहवाली के चलते लोगों का इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। त्योहार पर बैंकों के अवकाश को देखते हुए कैश क्षमता को बढ़ाया गया है। जिले के सभी एटीएम में पर्याप्त राशि की व्यवस्था कराई गई है। कोई भी एटीएम खाली न रहे इसके लिए व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। शहर में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के एटीएम में कैश पर्याप्त है।

### स्टिंग ऑपरेशन के बाद तीन थाना प्रभारी निलम्बित

**चित्रकूट।** पत्रकार द्वारा किए गए स्टिंग ऑपरेशन में प्रवेश शुल्क के नाम पर अवैध वसूली के खुलासे के बाद चित्रकूट पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने राजापुर, पहाड़ी और भरतकूप थाना प्रभारियों को निलम्बित कर दिया है। साथ ही राजापुर के एक उपनिरीक्षक, सिपाही तथा भरतकूप व पहाड़ी के एक-एक सिपाही को भी निलम्बित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व हुए इस स्टिंग ऑपरेशन में पत्रकार द्वारा खनिज सामग्री से भरे ट्रकों को निकलवाने की बात की गई थी, जिसके एवज में भरतकूप और पहाड़ी थाने में कार्यरत सिपाहियों व राजापुर थाने में कार्यरत एक उपनिरीक्षक द्वारा पैसों की मांग की गई और पैसे ले लिए गए। यह क्रियाकलाप वीडियो कैमरे में कैद हो गए। जिसके बाद बुधवार को यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गए। इसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने राजापुर थाना प्रभारी पंकज तिवारी, उपनिरीक्षक इमरान खान, आरक्षी अजय कुमार, भरतकूप थाना प्रभारी मनोज चैधरी, आरक्षी रणवीर सिंह, पहाड़ी थाना प्रभारी अनुपमा तिवारी व आरक्षी शुभम द्विवेदी को निलम्बित कर दिया है। साथ ही प्रकरण की प्रारम्भिक जांच अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है।

## दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बदलते प्रतिमान पर होगा त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान में इंडियन डेंटल एसोसिएशन-यूके तथा सेवा-यूके के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 31 अक्टूबर से दो नवम्बर तक चित्रकूट में ÷दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बदलते प्रतिमान~ नवोन्मेष एवं उनके आगे का भविष्य÷ पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भारत तथा इंग्लैंड के वरिष्ठ दंतचिकित्सकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा विषय के छात्रों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है, जहां दंत चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और भविष्य की संभावनाओं पर विशेषज्ञ विमर्श करेंगे।

आरोग्यधाम दंत चिकित्सा विभाग के प्रभारी डॉ वरुण गुप्ता

**■ यूके के डेंटिस्ट एवं शिक्षाविद करेंगे अपने अनुभव साझा**

ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य दंत चिकित्सा में उच्चतम अंतर्राष्ट्रीय मानकों को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करना है, साथ ही नवीनतम तकनीकों, डिजिटल दंत चिकित्सा, दंत प्रत्यारोपण और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन भी शामिल हैं। वास्तविक दुनिया में प्रभाव पैदा करने वाले उन्नत ज्ञान को जमीनी स्तर पर मौखिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के साथ जोड़ना और दंत चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के अवसरों में ब्रिटेन और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी का निर्माण करना है।

## दीपावली मेले में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने श्रद्धालुओं को बांटा हलवा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दीपावली अमावस्या मेला के पावन पर्व पर परिक्रमा मार्ग के बरहा हनुमान मंदिर में प्रशासन द्वारा आयोजित भंडारे में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ तनुषा टीआर ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। साथ ही दीपदान मेले के अवसर पर डीएम ने परिवार सहित मां मंदाकिनी की पूजा-अर्चना की।

जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली अमावस्या मेला में



उत्तर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा के साथ कराया जा रहा है। उन्होंने दीपावली अमावस्या मेले में आए हुए श्रद्धालुओं एवं स्थानीय आम जनमानस को दीपावली की शुभ कामनाएं भी दी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव आदि मौजूद रहे।



### केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का हेलिकॉप्टर गड्ढे में...

केरल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलिकॉप्टर बुधवार को उतरने के बाद गड्ढे में फंस गया। मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर को धक्का देकर गड्ढे से निकाला। प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में.... पढ़ें पेज 12 पर...

# लापरवाही ने फीकी की कई घरों की खुशियां अस्पतालों में दिवाली की रात पहुंचे कई मरीज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ में रोशनी के पर्व दिवाली पर इस बार भी कई घरों की खुशियां पटाखों की लापरवाही ने फीकी कर दीं। पटाखा किसी के हाथ में फट गया, तो किसी की जेब में। नतीजतन किसी की उंगलियां उड़ गईं, तो किसी के पैर झुलस गए। राजधानी में दिवाली की रात 200 से अधिक घायल केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर और अन्य प्रमुख अस्पतालों में पहुंचे। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में सबसे अधिक गंभीर मरीज भर्ती किए गए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि पटाखों से झुलसे घायलों के आने का सिलसिला दिवाली की रात से शुरू हुआ और मंगलवार शाम तक जारी रहा। इस दौरान कुल 37 घायल ट्रॉमा सेंटर लाए गए, जिनमें से 15 को गंभीर रूप से झुलसने के कारण प्लास्टिक सर्जरी विभाग में भर्ती करना पड़ा। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रो. विजय कुमार के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले इस बार गंभीर घायलों की संख्या अधिक रही। पिछले वर्ष जहां संख्या दहाई में थी, वहीं इस बार कई दर्जन लोग बुरी तरह झुलसे। केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि कुल 37 घायलों में से 19 को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि बाकी को भर्ती रखना पड़ा। डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में भी दिवाली की रात 53 मरीज पहुंचे, जिनमें अधिकांश आग और पटाखों से झुलसने वाले थे।

### कई घायलों के चेहरे और हाथ झुलसे

ट्रॉमा सेंटर में लाए गए कई मरीजों के चेहरे पटाखे फूटने से बुरी तरह झुलस गए। कई के हाथ-पैर और हड्डियां तक क्षतिग्रस्त हुईं, जिन्हें हड्डी रोग विभाग में भर्ती करना पड़ा। राहत की बात यह रही कि इस बार सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या कम रही। आमतौर पर जहां ऐसे 60-70 मरीज आते हैं, वहीं, इस बार संख्या करीब 20 तक सीमित रही।

### अस्पतालों में भी बढ़ी भीड़

बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि दिवाली की रात 67 मरीज इमरजेंसी में लाए गए, जिनमें से 49 लोग पटाखे या सड़क हादसे के शिकार थे। अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि 40 घायल लाए गए, जिनमें से 28 मरीज झुलसे हुए थे। वहीं, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में भी दिवाली की रात 40 घायलों को लाया गया।

# तेज़ रफ्तार ने मचाई तबाही, लापरवाह ड्राइवर की टक्कर से युवक गंभीर घायल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में सोमवार की आधी रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। लापरवाही से दौड़ती एक डीसीएम ने ओवरटेक कर रही कार को ऐसी भीषण टक्कर मारी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार युवक पंकज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उनकी जान बाल-बाल बची।

### आधी रात को गूंजा धमाका, क्षतिग्रस्त हुई कार

घटना सोमवार रात करीब 12:30 बजे की है। पंकज सिंह अपनी कार से दुबग्गा चौराहे की ओर से ठाकुर गंज की तरफ जा रहे थे। तभी बराबर से चल रही बेकाबू रफ्तार में डीसीएम ने लापरवाही से ओवरटेक करते हुए कार में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। मौके पर कार बुरी तरह पिचक गई और घायल पंकज को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला।

### घायल को अस्पताल नहीं, डीसीएम को थाने ले गई पुलिस

सूचना मिलते ही पुलिस की 112 सेवा मौके पर पहुँची। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस ने पहले घायल को अस्पताल पहुँचाने की बजाय डीसीएम को थाने ले जाने पर ध्यान दिया। बताया जा रहा है कि घायल पंकज सिंह को मौके पर ही छोड़ दिया गया और बाद में थाने में बुलाकर तहरीर लेकर कहा गया — सुबह डाक्टरी कराकर आ जाना, मुकदमा लिख देंगे। इस रवैये से स्थानीय लोग भी आक्रोशित हैं।

### पीड़ित की माँग, आरोपी ड्राइवर पर हो सख्त कार्रवाई

घायल पंकज सिंह ने थाना दुबग्गा में तहरीर देकर आरोपी डीसीएम चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की माँग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि क्षेत्र में रफ्तार पर नियंत्रण के लिए कड़ी कार्यवाही की जाए। लोगों का कहना है कि जब तक ऐसे लापरवाह चालकों पर सख्त सजा नहीं दी जाएगी, तब तक सड़कों पर यह रफ्तार का आतंक यूँ ही कहर बरपाता रहेगा।

### भाग निकला आरोपी ड्राइवर, लोगों ने दी पुलिस को सूचना

हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। राहगीरों ने डीसीएम को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक मौके से गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ लोगों ने बताया कि डीसीएम चालक नशे में था और तेज रफ्तार में ओवरटेक करते वक्त वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह भयानक हादसा हो गया।

# 'सरकार की नाक के नीचे सिरप की आपूर्ति हो रही, मंत्रालय चुप क्यों?'



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज सका। उन्होंने एक्स पर लिखा, सरकार की नाक के नीचे जानलेवा सिरप की आपूर्ति अस्पतालों, जेलों और घरों तक में हो रही है। लेकिन, स्वास्थ्य मंत्रालय चुप्पी साधे बैठा है। इस मौन के कारण किसको क्या लाभ मिल रहा है? और किसकी इस घुट्टी के घोटाले में संलिप्तता है। इसकी तत्काल जांच होनी चाहिए। कहीं ऐसा तो नहीं कि कोई सत्ता से नजदीकी संबंधों का नाजायज फायदा उठाकर ऐसे नकली सिरप की आपूर्ति कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा का भ्रष्टाचार अब लोगों के जीवन तक से खिलवाड़ कर रहा है। जिसका भी इस सिरप घोटाले से मुनाफाखोरी का रिश्ता है, वो उजागर हो और दंडात्मक निष्कासन भी हो। भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का जो पहाड़ खड़ा हो रहा है, उसका मूल कारण वसूली करने वाले नहीं हैं बल्कि वे मुख्य सत्ताधारी लोग हैं, जो वसूली करवा रहे हैं, क्योंकि उनकी आपस की लड़ाई बहुत बड़ी है और पद की प्रधान महत्वाकांक्षा भी।

### अकूत धन से महापद की तैयारी हो रही

वसूली, घूस, कमीशन और चंदे से जमा किए जा रहे अकूत धन से दरअसल महापद की तैयारी हो रही है। भाजपा और उनके संगी-साथियों की यही परंपरा रही है कि जिसके पास महाकोष की व्यवस्था होगी, उसकी ही प्रधान दावेदारी होगी। महापद की इस प्रतिस्पर्धा में वसूली के कारण हर चीज का दाम बढ़ रहा है और आखिर में इस रस्साकशी में आम जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

# मंदिर में पूजा करने गई महिला की साड़ी दीपक की चपेट में आने से महिला जली

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मलीहाबाद लखनऊ मंदिर में पूजा करने गई वृद्धा की साडी दीपक की ज्योत की चपेट में आने से साड़ी जोर से जलने लगी यह देख मंदिर पर अफ़रा तफरी मच गई वही मंदिर में दो अन्य महिलाएं भी दीपक की लव से। झुलस गई। बताते चलें कि दीपावली के पावन पर्व तथा सोमवारी अमावस्या पर मां बाराही देवी मंदिर पर हजारों दीप जलाए गए रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जिंदौर के मजरा गढ़ी निवासी अमृत लाल की पत्नी रामरती भी आस्था का दीप लेकर मां बाराही देवी मंदिर जलाने गई दीप जलाने के बाद जब रामरति हवन कुंड से भभूति उठने लगी इसी दरमियान उनके साड़ी का पल्लू दीपक की आज की चपेट में आ गया साड़ी जोर-जोर से जलने लगी साड़ी जलते देखा मंदिर परिसर में अपरा तफरी मच गई इस दौरान रामरति ने सूझबूझ का परिचय देते हुए साड़ी को वही खोल कर डाल दिया साड़ी पूरी तरह जल गई रामरति भी आग़ से बुरी तरह झुलस गई परिजन जिन्हें उपचार के लिए रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है। वही मंदिर परिसर में देर शाम तक दो अन्य महिलाएं भी दीपक की लव से आग की चपेट में आई जिन्हें मेला समिति के कर्मचारियों ने आग़ बुझाकर उनकी जान बचाई।

### मुख्यमंत्री ने भैया दूज तथा चित्रगुप्त जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ** । सीएम ने भैया दूज तथा चित्रगुप्त जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम ने कहा कि भैया दूज भाई-बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह व विश्वास का त्योहार है। यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, सामाजिक एकता व सद्भाव की भावना का प्रतीक है। सीएम ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की जयन्ती अच्छे कर्म करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

# छठ पर्व की तैयारियों को लेकर ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- छठ घाटों की व्यवस्था, प्रकाश एवं फॉगिंग कार्यों में तेजी लाने के निर्देश
- निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं साफ-सफाई पर विशेष बल
- नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने छठ पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत अपने कैंप कार्यालय पर नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था एवं जनभावना से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री शर्मा ने विशेष रूप से यह निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था, फॉगिंग, कीटाणुनाशक दवा के छिड़काव, घाटों का समतलीकरण तथा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख मार्गों एवं घाटों तक जाने वाले रास्तों की मरम्मत एवं गड्ढामुक्ति तत्काल पूरी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पर्व के अवसर पर स्वच्छता एवं व्यवस्था ही सबसे बड़ा सेवा कार्य है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ मैदान में उतरें।बैठक के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि घाटों एवं पूजा स्थलों के आसपास विशेष रूप से अस्थायी प्रकाश व्यवस्था, हाईमास्ट लाइटों की कार्यशीलता तथा विद्युत सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाए।उन्होंने सभी सुपरिन्टेंडिंग इंजीनियरों एवं अधिशासी अभियंताओं को यह निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान 24 घंटे नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहें तथा किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री श्री शर्मा ने यह भी कहा कि सभी फीडरों एवं ट्रांसफार्मरों की पूर्व जांच कर ली जाए, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी की स्थिति उत्पन्न न हो।नगर विकास विभाग के अधिकारियों को मंत्री श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि छठ घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों की समतलीकरण, साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था एवं सड़क मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निकायों द्वारा घाटों पर अस्थायी चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालयों की उपलब्धता तथा कचरा निस्तारण की विशेष व्यवस्था की जाए। श्री शर्मा ने कहा कि घाटों पर भीड़-भाड़ को देखते हुए अग्निशमन एवं चिकित्सा दल को भी तैनात रखा जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर की गरिमा और श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।बैठक में नगर विकास प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा, निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे, ऊर्जा विभाग के चेयरमैन आशीष गोयल, एम डी पंकज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ की ऐतिहासिक रेजीडेंसी बनेगी सांस्कृतिक पर्यटन का नया केंद्र : जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लखनऊ रेजीडेंसी परिसर में भव्य लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ किया गया है। यह आकर्षक प्रस्तुति दर्शकों के समक्ष लखनऊ की समृद्ध धरोहर, पारंपरिक खानपान, स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई भूमिका, वीर क्रांतिकारियों के अदम्य साहस तथा शहर से जुड़े विविध ऐतिहासिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है।उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दर्शक न केवल रेजीडेंसी के इतिहास से परिचित होंगे, बल्कि वे उस दौर की संघर्ष गाथा और साहसिक घटनाओं को भी अनुभव कर सकेंगे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। यह शो प्रत्येक शाम 06 बजे से आयोजित किया जा रहा है। प्रारंभिक कुछ दिनों तक पर्यटक इसका निःशुल्क आनंद ले सकेंगे। आंशिक शुल्क रखा जाएगा, ताकि रेजीडेंसी घूमने आने वाले अधिक से अधिक लोग इस शो का हिस्सा बन सकें।श्मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का उद्देश्य रेजीडेंसी में आयोजित इस शो के माध्यम से हर आयु वर्ग के लोगों को इतिहास से जोड़ना है। आगंतुक अपने परिवार के साथ इस शो का आनंद ले सकते हैं। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहेगा। रेजीडेंसी की ऐतिहासिक इमारतें आज भी 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गवाही देती हैं। इसकी दीवारों पर आज भी गोलियों और तोप के गोले के निशान उस बलिदान और वीरता की कहानी सुनाते हैं, जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी थी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने इस अभिनव पहल के माध्यम से न केवल लखनऊ की ऐतिहासिक रेज़ीडेंसी को पुनर्जीवित किया है, बल्कि राज्य में सांस्कृतिक एवं विरासत पर्यटन को भी एक नई ऊर्जा और दिशा दी है। यह लाइट एंड साउंड शो विभाग के उस दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जिसमें इतिहास के संरक्षण और पर्यटन संवर्धन को समान महत्व देते हुए दोनों को एक सूत्र में पिरोया गया है। यह प्रयास अतीत की यादों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए देशभक्ति, गौरव और सांस्कृतिक चेतना का अनुभव कराता है।

## अनियंत्रित बाइक टकराई युवक की हालत नाजुक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**मलिहाबाद।** दीपावली पर्व पर अपने घर लौट रहे बाइक सवारों की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ ग्रामीणों ने गंभीर हालत देख उसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हरदोई जनपद के मल्लावां निवासी अमन अपने साथी प्रियांशु के साथ बाइक से लखनऊ पारा से दीपावली त्यौहार पर अपने घर लौट रहा था। तभी क्षेत्र के भतोइया ओवर ब्रिज अंडरपास के ऊपर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे बने डिवाइडर से जा टकराई जिससे अमन के सिर में गंभीर चोट पहुंची।

# गौवंश से टकराई बाइक एक की मौत एक घायल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मलिहाबाद।रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद कटौली निवासी रामकिशोर 35 रविवार शाम को बाइक से अपने साथी अभिषेक संग भतोइया बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। तभी कटौली गांव के पास पहुंचते ही बाइक के सामने रात के अंधेरे में सड़क पर अचानक बेसहारा गोवंश सामने आ जाने से बाइक गोवंश से टकरा गई। जिससे बाइक चला रहे रामकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई। उसी गांव निवासी साथी अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों की मदद से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने रामकिशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मृतक के परिवार में पत्नी रामकिशोरी और उसके बेटे प्रिंस, आशु है।सोमवार परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के समय बाइक सवार हेलमेट नही पहने हुए थे।रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोवंश से टक्कर होने के बाद युवक की मौत हुई है। जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।

## उप मुख्यमंत्री ने भैया दूज व चित्रगुप्त जयन्ती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चित्रगुप्त जयंती एवं भाई दूज के पावन अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ दी हैं।अपने शुभकामना संदेश में श्री मौर्य ने कहा है कि चित्रगुप्त जयंती का यह पावन पर्व ज्ञान, बुद्धि और कर्म के संतुलन का प्रतीक है। इस दिन पूजा कर हम संकल्प लें कि अपने कर्मों से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देंगे।उन्होंने आगे कहा कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और एकता का प्रतीक है। यह त्यौहार हमारे परिवार और समाज में प्रेम, सौहार्द और एकजुटता का संदेश देता है। कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल लेकर आए।उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इन पावन पर्वों को आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएँ तथा प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान दें।

# गृहिणी होती है असली गृह लक्ष्मी : स्वामी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- स्वामी प्रसाद मौर्य का विवादास्पद बयान, लक्ष्मी पूजा पर उठाए सवाल

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने माता लक्ष्मी की पूजा पर सवाल उठाए हैं। श्री मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट में गृहणी को असली गृह लक्ष्मी बताया और माता लक्ष्मी को %बाहरवाली लक्ष्मी% करार दिया। इस ट्वीट के बाद विवाद बढ़ने पर मौर्य ने अपनी बात स्पष्ट की है।उन्होंने अपने ट्वीट में दीपोत्सव के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों में दीप जलाने के साथ-साथ पड़ोसियों के घरों में भी दीप जलाने का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने असली गृह लक्ष्मी, यानी गृहणी की पूजा और सम्मान करने की बात की, जो घर को सुंदर और स्वर्ग जैसा बनाती हैं। मौर्य ने कहा कि बाहरवाली लक्ष्मी केवल बाजार से आती हैं और फिर चली जाती हैं, जिससे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होता।मौर्य ने कहा कि उन्होंने दीपोत्सव पर शुभकामनाएं दीं और लोगों से अपने घरों में दीप जलाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि देवी लक्ष्मी की पूजा एक परंपरा हो सकती है, लेकिन यह वास्तविकता से दूर है। यदि लक्ष्मी की पूजा से धन आता, तो भारत गरीब देशों की सूची में नहीं होता।स्वामी प्रसाद मौर्य ने यह भी कहा कि 80 करोड़ लोग जो 5-10 किलो चावल पर जीवन यापन कर रहे हैं, क्या वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिला सकते हैं? उन्होंने बेरोजगारी की समस्या पर भी चिंता जताई और कहा कि यदि धन की देवी लक्ष्मी से प्रार्थना करने से गरीबी दूर होती, तो देश की स्थिति अलग होती। उन्होंने किसी पूजा का विरोध नहीं किया है, बल्कि उन्होंने केवल यह कहा कि असली गृह लक्ष्मी गृहिणी होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि पूजा करनी है, तो घर की देवी यानी गृहिणी की पूजा करें ताकि घर में सुख-समृद्धि बनी रहे।

# अस्पताल के कमरे में मिला संचालक का शव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

इंदिरानगर सेक्टर-15 स्थित सनराइज अस्पताल के सह संचालक श्रावस्ती स्थित इकौना निवासी आयुष जायसवाल (30) का शव मंगलवार शाम अस्पताल के कमरे में बेड पर पड़ा मिला। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने कोई आरोप भी नहीं लगाया है। वहीं पुलिस उनकी मौत को स्वभाविक मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। हार्ट और विसरा डॉक्टरों ने जांच के लिए सुरक्षित रखा है। एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह ने बताया कि आयुष जायसवाल चिनहट के कामता इलाके में पत्नी आरती, दो बेटे व एक बेटी के साथ रहते थे। वह सनराइज अस्पताल में मैनेजमेंट का काम देखते थे। उनका अस्पताल में शेयर भी था। उनके भाई नीरज ने बताया कि आयुष दिवाली के मौके पर परिवार के साथ गांव आए थे। सोमवार रात में जानकारी हुई कि एक पेशेंट की हालत खराब है। वह परिवार को गांव में छोड़कर रात को ही अस्पताल के लिए निकल गए।

# बाढ़ प्रभावित पंजाब को यूपी ने भेजे एक हजार क्विंटल गेहूं के बीज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



बाढ़ से बेहाल पंजाब के किसानों को गेहूं के उन्नत एक हजार क्विंटल बीज यूपी सरकार ने भेजे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर पंजाब के लिए रवाना किया। उन्नत किस्म का रोग प्रतिरोधी गेहूं का बीज पंजाब के किसानों के लिए भेजा गया है।पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि केंद्र व उप्र की डबल इंजन सरकार पंजाब के किसानों के साथ मजबूती से खड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में बड़े कार्य किए जा रहे हैं। योगी ने कहा,आपदा की घड़ी में पंजाब के किसान अकेले नहीं हैं। भारत सरकार पर्याप्त मात्रा में फंड उपलब्ध करा रही है। आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ है।प्रदेश के कृषि विभाग और उप्र बीज विकास निगम की ओर से 2500 बोरे अर्थात एक हजार क्विंटल उन्नत किस्म का डीबीडब्ल्यू-327 किस्म का गेहूं बीज पंजाब को भेजा है। इस गेहूं बीज को करन शिवानी नाम से भी जाना जाता है। यह रोग प्रतिरोधी व जिंक बॉयो-फोर्टिफाइड है। यह बीज 155 दिनों में तैयार हो जाता है और औसतन प्रति हेक्टेयर 80 क्विंटल इसकी उपज है।यूपी में लगातार कृषि उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। उप्र में देश की 11 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि आती है और यह देश का 21 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करता है। आज देश की खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में यूपी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उप्र बीज विकास निगम का लाभांश अब 148 करोड़ रुपये हो गया है। दीपावली का पांच दिवसीय पर्व और खास हो गया है क्योंकि हम अपनी खुशी व उत्साह में पीड़ित लोगों को शामिल कर उनका दर्द बांटने जा रहे हैं। पंजाब के किसानों को इससे राहत मिलेगी। इससे पहले यूपी सरकार ने हिमांचल प्रदेश, उत्तराखंड व पंजाब के लोगों को बाढ़ राहत सामग्री भेजी थी।प्रदेश में उन्नत किस्म के बीज किसानों को उपलब्ध कराने के लिए पांच सीड पार्क बनाए जाएंगे। लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर सीड पार्क बनेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख व कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# कारोबारी चार घंटे डिजिटल अरेस्ट...वसूले डेढ़ लाख

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

साइबर जालसाजों ने इंदिरानगर निवासी कारोबारी को चार घंटे डिजिटल अरेस्ट रखकर उनसे डेढ़ लाख रुपये वसूल लिए। आरोपियों ने पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के संस्थापक ओएम अब्दुल सलाम से पीड़ित के संबंध होने की बात कही। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में फोन नंबर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।कारोबारी के मुताबिक 14 अक्तूबर को सुबह उनके पास अन्जान नंबर से व्हाट्सएप ऑडियो कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड ऑफ इंडिया से विशाल शर्मा बताया। उसने कहा कि तुम्हारे मोबाइल से अश्लील बातें और विडियो देखी जा रही हैं। कारोबारी के मुताबिक 14 अक्तूबर को सुबह उनके पास अन्जान नंबर से व्हाट्सएप ऑडियो कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड ऑफ इंडिया से विशाल शर्मा बताया। उसने कहा कि तुम्हारे मोबाइल से अश्लील बातें और विडियो देखी जा रही हैं।

# हनुमानगढ़ी पर चल रहे हनुमत जयंती कार्यक्रम का अन्नकूट भंडारे के साथ समापन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर नगर के वीर विनय चौराहा स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर में चल रहे श्री हनुमत जयंती महोत्सव कार्यक्रम का समापन बुधवार को अन्नकूट भंडारे के साथ किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में एक सप्ताह से चल रहे श्री हनुमत जयंती महोत्सव के अंतिम दिन हनुमानगढ़ी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत महेंद्र दास ने यज्ञ-हवन व पूजन किया। समापन मौके पर आयोजित हनुमान जी महराज की आरती में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य लोग शामिल हुए। हनुमानगढ़ी में हनुमानजी महराज की महा आरती उतारकर अन्नकूट भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में आस पास के क्षेत्रों के भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। हनुमानगढ़ी मंदिर के महाआरती में शामिल पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, सदर विधायक पलटू राम, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को मंदिर के उत्तराधिकारी महेन्द्र दास ने अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा की हनुमान गढ़ी मंदिर पर आयोजित अन्नकूट भंडारा सामाजिक समरसता का सन्देश देता है। विधायक पलटू राम ने कहा कि हनुमत जयंती समरोह से हिंदू जनमानस को ऊर्जा मिलती है। यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। महेन्द्र दास ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बर्ष भी हनुमत जयंती के अवसर पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आस पास जिलों के श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम संतों को भोजन कराया गया। इस मौके पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, भाजपा नेता महेश तिवारी, राजेश तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, पंकज सिंह चौहान, विशाल सिंह, वरुण सिंह मोनू, अजय सिंह पिंकू, डब्बू मिश्र, मनोज पांडेय, प्रवीण सिंह विक्की, अजय, अनूप गुप्ता, संदीप वर्मा, उमा शंकर तिवारी व डीपी सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर श्री हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।

## दरबार ए मुग़लिया में कैसे मनाया जाता था दीपावली, प्यार की जोत से घर- घर है चराग़ाँ वर्ना, एक भी शम्अ न रौशन हो हवा के डर से

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। दीवाली का जश्न पौराणिक के साथ-साथ भारतीय संस्कृति की विरासत का भी प्रतीक है। शास्त्रों में भी इसे मान्यता भी प्राप्त है और इस त्योहार का मूल तत्व बुराई पर अच्छाई की विजय है। दीवाली प्रेम, भाई-चारा और उल्लास का संदेश पूरी दुनियां को दे रही है और एक ऐसे समाज की कल्पना को साकार करने का प्रयास कर रही है जहां मनुष्य से मनुष्य के बीच नफरत नहीं बल्कि मोहब्बत हो इस पर इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि दीवाली को भव्यता और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने में मुग़लों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। मुग़ल दरबार में जिस साझी विरासत का जन्म हुआ दीवाली ने उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

# एसएसबी 50 वीं वाहिनी में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को किया गया नमन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में मंगलवार को 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय पर "पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर परेड का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर को सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी मुख्यालय पर "पुलिस स्मृति दिवस'' मनाया गया। कमांडेंट संजय कुमार ने देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और जनता की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस कर्मियों व केंद्रीय सशस्त्र बलों के बल कर्मियों की नामावली पढ़कर शहीदों के सम्मान में रीत अर्पण कर 02 मिनिट का मौन धारण कर नमन किया गया । कार्यक्रम में मुकेश कुमार गुर्जर उप कमांडेंट, विकास कुमार सिंह, उप कमांडेंट, रजत पाण्डेय सहायक कमांडेंट संचार एवं अधिनस्थ अधिकारी व बल कर्मी उपस्थित रहे।

# संदीक्षा सदस्यों ने प्रतियोगिताओं के बीच दीपावली को किया सेलिब्रेट

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी मुख्यालय पर मंगलवार को दीपावली के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । प्रतियोगिताओं के बीच संदीक्षा सदस्यों ने दीपावली पर्व सेलिब्रेट किया ।

जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर को नौवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय के परेड ग्राउंड में दीपावली के शुभ अवसर पर संदीक्षा सदस्यों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। संदीक्षा सदस्यों के बीच तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । रंगोली एवं दीप सजावट प्रतियोगिता में सदस्यों ने रचनात्मकता और टीम भावना के साथ रंगोली सजाई और दीपों से सुंदर सजावट की। क्षेत्रीय पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में में सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर अपनी सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित किया तथा चित्रकला प्रतियोगिता में संदीक्षा सदस्यों के बच्चों के बीच विशेष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतियोगियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सुधा पाण्डेय, संदीक्षा अध्यक्षा द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संदीक्षा सदस्यों और बच्चों ने खुशियों और उल्लास के साथ दीपावली के त्योहार का आनंद लिया। यह आयोजन सदस्यों और उनके बच्चों के लिए सांस्कृतिक जागरूकता, रचनात्मकता और उत्सव भावना को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

## रायबरेली वासियों ने दीपावली में फोड़ दिए 5 करोड़ से अधिक के पटाखे

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

इस दिवाली पर करीब पांच करोड़ रुपये के पटाखे बिक गए. पटाखा कारोबारियों के मुताबिक, लोगों ने जमकर पटाखे खरीदे. यही कारण रहा कि पांच करोड़ से अधिक के पटाखे बिक गए. अकेले रायबरेली शहर में ही दो करोड़ से ज्यादा के पटाखे बिक्री की बात कही जा रही है. पटाखे इस बार खासे महंगे भी थे। इस बार पटाखे खरीदने गए लोग कम से कम एक से डेढ़ हजार रुपये खर्च करके लौटे. अनुमानन लोगों ने आठ-दस हजार रुपये तक की आतिशबाजी खरीदी. शहर के जीआईसी मैदान में पटाखा बाजार सजाया गया. जहां प्रशासन की अनुमति से करीब 50 से अधिक दुकानें लगीं, जिन पर पटाखों की बिक्री हुई. इसके अलावा गोरा बाजार, आईटीआई, मुंशीगंज बाईपास पर पटाखा बाजार लगा. ग्रामीण क्षेत्रों में भी खूब पटाखे खरीदे और जलाए गए. पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे।

# बनवासी कल्याण आश्रम की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में मंगलवार को अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की अहम बैठक महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में श्री राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलनके पक्षकार रहे बाबू राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर निर्णय लिए गए ।

जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर को महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के प्रथम पक्षकार बाबू राजेंद्र सिंह ने छात्रावास के संचालन तथा सनातन धर्म के प्रचार प्रसार व राष्ट्रहित के कार्यों हेतु अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के योगदान के लिए सराहना किया । विभाग संगठन मंत्री सचिन जी ने आश्रम की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया । उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक का अनुसांगिक संगठन है । संगठन को जिम्मेदारी दी गई है कि देवीपाटन मंडल के तीनों जनपदों बलरामपुर श्रावस्ती तथा बहराइच साथ ही पड़ोसी जनपदों सिद्धार्थ नगर महाराजगंज व खीरी लखीमपुर में निवास कर रहे थारू जनजातीय गांव में संपर्क अभियान चला कर लोगों को जागरूक करना है । उन्होंने बताया कि नवनिर्मित छात्रावास के लोकार्पण हेतु कोई तिथि निश्चित की जानी आवश्यक है । छात्रावास के अध्यक्ष एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन व वनवासी महिला छात्रावास की संयोजिका आद्या सिंह ने लोकार्पण के लिए दिसंबर माह के प्रथम पक्ष में कोई तिथि निर्धारण करने का सुझाव दिया । महामंत्री इंदू भूषण व कोषाध्यक्ष मंगल बाबू ने 10 दिसंबर की तिथि निर्धारित करने का सुझाव दिया जिसका सभी ने समर्थन किया । 10 दिसंबर को छात्रावास लोकार्पण की तिथि निर्धारित कर दी गई । वरिष्ठ उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रमेश पाहवा प्रचार प्रमुख अखिलेश्वर तिवारी तथा रामकुमार मिश्र ने थारू जनजातीय गांव में जनसंपर्क तथा प्रवास के लिए बलरामपुर जिले के गैसड़ी पचपेड़वा के साथ श्रावस्ती जनपद के थारू बाहुल्य गांव में चलने का सुझाव प्रस्ताव रखा जिसका सभी ने समर्थन किया। नवंबर माह के 10 से 15 तारीखके मध्य थारू जनजातीय गांवों में प्रवास व संपर्क अभियान चलने का निर्णय लिया गया । वरिष्ठ उपाध्यक्ष पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी व वेद प्रकाश मिश्रा ने छात्रावास लोकार्पण कार्यक्रम भव्य रूप से करनेका सुझाव दिया । अध्यक्ष ने छात्रावास के बच्चों से परिचय प्राप्त करते हुए उत्साहित किया तथा पुनः घोषणा करते हुए कहा कि जो भी बच्चाअपने कक्षा म प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करेगा उसे सम्मानित किया जाएगा । अध्यक्ष ने छात्रावास के बच्चों को एमएलके कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों के अनुभवी अध्यापकों द्वारा अलग से शिक्षा प्रदान कराने का आश्वासन दिया । नवासी छात्रावास के वरिष्ठ सदस्य पंडित रघुनाथ शुक्ला ने स्वस्तिवाचन किया तथा बच्चों को अच्छे-अच्छे सुझाव दिए।

# पुलिस ने ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**



जनपद पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत धनौढा में मिशन शक्ति के फेज 5 चरण के अभियान कार्यक्रम में ग्रामीण चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने बताया कि प्रदेश सरकार की बेटियों को स्वावलंबन बनाने के लिए नारी शिक्षा व सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। छात्राएं मुसीबत के समय मदद के लिए आवाज जरूर लगाएं।

थाना प्रभारी ने महिला आरक्षियों व कांस्टेबल पुलिस कर्मीयो के साथ मिशन शक्ति फेज पर के तहत ग्रामीणों को बताया कि सुरक्षा के लिए शासन द्वारा पुलिस हेल्पलाइन लाइन 1090, 1076, 112, 108, 102, 181, चला रखे हैं। महिला शोषण के खिलाफ उक्त नंबरों पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है?। अगर कहीं पड़ोस या रिश्तेदारी मे किसी महिला का शोषण हो रहा हो तो उसकी मदद के लिए तत्काल इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर पर दे। छात्रों को डरने की जरूरत नहीं है। बल्कि उसका साहस से मुकाबला करने का जरूर होता है। क्षेत्र में महिलाएं पहले की अपेक्षा से सशक्त हो रही है। सरकार ने छात्राओं व महिलाओं के तमाम योजनाएं संचालित की है। जिसका फायदा भी उनको मिल रहा है। उप निरीक्षक आदित्य यादव ने ग्रामीणों को बताया कि प्रदेश सरकार की इस कार्यक्रम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। छात्रों को जागरूक करते हुए बताया कि अगर छात्राओं को कोई परेशान करता है। तो इसकी जानकारी अपने अभिभावकों और पुलिस को तुरंत दें। शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना राष्ट्रीय पोषण मिशन आपके बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर कांस्टेबल प्रमोद कुमार, नीरज मिश्रा, महिला कांस्टेबल अनीता गुप्ता, सपना राज, स्वेता मधेशिया सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## दिवाली की रात सोता रहा परिवार: चोरों ने कर दिया घर साफ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिले के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ओई मजरे चकवड़िया गांव में दीपावली की पर्वरात्रि पर चोरों ने एक घर को निशाना बनाया. त्योहार की धूम में परिवार के घर का ताला तोड़कर चोर शांतिपूर्वक घुसे और लाखों रुपये के आभूषण व नकदी पर हाथ साफ कर लिया. घटना इतनी सफाई से अंजाम दी गई कि घर में सो रहे परिजन को कानोंकान खबर न हुई. सुबह जब आंख खुली तो सामान बिखरा पड़ा देख मकान स्वामी को चोरी का अहसास हुआ. इलाके में दहशत फैल गई है, क्योंकि हाल ही में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं. घटना की सूचना मिलते ही हरचंदपुर थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची. दरोगा प्रवेश तुषार ने बताया कि चोर संभवतः रात के अंधेरे का फायदा उठाकर ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए।

# छत के रास्ते घुसे चोर लाखों के जेवर और नकदी लेकर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के संग्रामपुर क्षेत्र के डेवणसा पूरे मुहिबशाह में मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर से करीब लाखों रुपये के नकदी और आभूषण चुरा लिए।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय घर में अकेली महिला मौजूद थी।सूचना मिलने पर संग्रामपुर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।पीड़िता ज्योति वर्मा ने बताया कि उनके पति अमरदीप वर्मा और देवर-देवरानी घर से बाहर रहते हैं।ज्योति ने बताया कि मंगलवार रात खाना खाने के बाद सभी कमरों में ताला लगाकर वह बरामदे में सो गईं।सुबह 5¬30 बजे उठने पर उन्होंने देखा कि घर के सभी कमरों के ताले खुले थे।और अलमारी व पेटियों का सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था।चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए।उन्होंने दीवार पर टंगी चाभी का इस्तेमाल कर ऊपर के दो और नीचे के तीन कमरों सहित कुल पांचों कमरों के ताले खोले।इसके बाद अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।चोरी हुए सामान में चांदी की दो करधन,सोने के झुमके, सोने के दो टॉप,सोने के तीन मंगलसूत्र,चांदी की हाथ मेहंदी और तीन जोड़ी पायल शामिल हैं।उनकी देवरानी की एक सोने की नथुनी, बिछुआ की एक जोड़ी और एक सोने का मंगलसूत्र भी चोरी हुआ है। घटना की सूचना 112 पीआरबी पुलिस को दी गई।संग्रामपुर इंस्पेक्टर और फोरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची।फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट सहित अन्य साक्ष्य जुटाए।थाना प्रभारीनिरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया घटना की सूचना 112 पीआरबी पुलिस को दी गई।संग्रामपुर पुलिस और फोरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची।फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट सहित अन्य साक्ष्य जुटाए।थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# दिवाली की रात रायबरेली पुलिस ने बच्चों और बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली पुलिस ने इस बार त्योहार को लेकर लोगों की धारणा बदलने के लिए दिवाली कुछ अलग ढंग से मनाई।जहां आम लोग रोशनी, पटाखों और मिठाइयों से त्योहार मनाते हैं, वहीं रायबरेली पुलिस ने समाज के उन हिस्सों तक खुशियां पहुंचाने का बीड़ा उठाया जो अक्सर इस उजाले से दूर रह जाते हैं – अनाथालय, वृद्धाश्रम, झुग्गी-झोपड़ पट्टियां और बेघर लोग।रायबरेली पुलिस के अधिकारी सड़कों, झोपड़पट्टियों और आश्रमों में जाकर उन चेहरों पर मुस्कान बांट रहे हैं जिनके पास कोई नहीं।इस विशेष पहल के तहत जिले भर के पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे स्थानों का चयन किया जहां मदद की सबसे अधिक आवश्यकता थी। पुलिसकर्मियों ने स्वयं बच्चों और बुजुर्गों के साथ दीप जलाए, मिठाइयां बांटीं।दीवाली की शाम जिला अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने मिलएरिया स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों संग दीपावली की खुशियां साझा किया। वहीं बुजुर्गों को मिष्ठान, फल, मोमबत्ती आदि वितरित किया। बुजुर्गों के साथ फूलझड़ी पटाखा जलाकर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की।वहीं वृद्धाश्रम के संचालक को वृद्धाश्रम में उपलब्ध कराई जाने वाली समस्त सुविधाओं सहित भोजन, नाश्ता व रहने की व्यवस्था आदि को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए।दिवाली पर अपनों से दूर रह रही यह बेसहारा वृद्धाएं एकदम अचरज में पड़ गईं और अपने बीच डीएम और एसपी को पाकर उनका खुशी का ठिकाना नहीं रहा.उनके इस स्नेहपूर्ण व्यवहार और आत्मीयता से वृद्धजन अत्यंत प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर एएसपी संजीव कुमार सिन्हा,सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार,सीएफओ सुनील कुमार सिंह,मिलएरिया थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे। उधर, जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों ने भी सोमवार शाम अपने-अपने क्षेत्र के गरीब, असहाय परिवार बच्चों के बीच त्योहार मनाने के लिए मिठाई, फल और पटाखे का वितरण किया। उनके साथ कुछ समय व्यतीत कर खुशियां बांटी।इस दौरान भदोखर थाना प्रभारी राकेश चंद्र आंनद,डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज,सदर कोतवाल शिव शंकर सिंह,मिलएरिया थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह,जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी,ऊंचाहार कोतवाल अजय कुमार राय,गदागंज थानाध्यक्ष दयानंद तिवारी ने अपने-अपने इलाका क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों में पहुंचकर बच्चों और गरीब परिवारों को मिठाइयां व पटाखे वितरित किए। पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए इस नेक कार्य ने लोगों के दिलों को छू लिया। गरीब तबके के लोग मिठाइयां और उपहार पाकर खुशी से झूम उठे। पुलिस का यह संवेदनशील और मानवीय चेहरा देखकर सभी ने उनकी सराहना की।

# दीपावली पर्व पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को दीपों का पंच पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया । छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभा किया।

जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, में 'दीपावली' का पर्व मनाया गया। दीपावली के शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित अध्यापक अध्यापिकाओं ने श्री गणेश व लक्ष्मी जी का माल्यार्पण करके आरती उतारी। प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने बच्चों को बताया कि दीपावली पर्व कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। दीपावली भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। दीपावली दीपों का त्योहार है। अध्यात्मिक रूप से यह 'अन्धकार पर प्रकाश की विजय' को दर्शाता है। दीपावली के दिन भगवान राम 14 वर्षो के वनवास के बाद अपनी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण और उनके उत्साही भक्त हनुमान के साथ अयोध्या लौटे थे । अमावस्या की रात होने के कारण दीपावली के दिन काफी अंधेरा होता है, जिस वजह से उस दिन पूरे अयोध्या को दीपों और फूलों से श्री रामचंद्र के लिए सजाया गया था। तब से लेकर आज तक इसे दीपों का त्योहार और अंधेरे पर प्रकाश की जीत के रूप में मनाया जाता है। बच्चे इस दिन अपनी इच्छानुसार फुलझड़िया तथा अन्य पटाखे खरीद कर आनंद उठाते है। साथ ही हमे इस बात को समझना होगा कि दीपावली के त्योहार अर्थ दीप, प्रेम और सुख-समृद्धि से है। दीपावली का त्योहार हमें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। दीपावली का त्योहार सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। इस त्योहार के कारण लोगों में आज भी सामाजिक एकता बनी हुयी है। साथ मे यह भी बताया कि दीपावली का त्योहार करीब 5 दिनों का होता है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता व सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में अध्यापिकाओं की संरक्षता में आलिया, आस्था, साहवी, पलक, नित्या, समृद्धि, हिमांशी, अनुकृति, अलीशा एवं आराध्या आदि छात्राओं ने बढ़-चढ कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के आडोटोरिम में सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । रंगोली कार्यक्रम, फैन्सी ड्रेस, सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फैन्सी ड्रेस मे कक्षा-नर्सरी से कक्षा-1 के नन्हें-मुन्नें बच्चों में सैयद हादिया (श्रुतिकृति), कृतिका (मांडवी), आदिती (उर्मिला) श्राविका, आयुशी (सीता), अर्जुन, हर्षिता, अनन्य (राम) मानस, अध्यात्म (लक्ष्मण) अर्थव (भरत), रूद्र प्रताप (शत्रुध्न), अर्थव (हनुमान), शिवांस (लक्ष्मण), आकृति (कौशल्या), आयुशी (सुमित्रा),



आरयना (कैकेयी), त्रिशा (लक्ष्मी) एवं उमरा, संध्या ने सरस्वती माता का आकर्षक परिधान में अभिनय किया। कक्षा-2 की छात्र- छात्राओं द्वारा एक सुन्दर सा समूह नृत्य गीत-हैप्पी दिवाली नामक गीत पर काव्या, आतिफ, हलाता, रूद्र, प्रेरणा, प्रशांत, परिधि, प्रखर, सानवी, आर्यन, सिया, आयुष्मान, प्रखर आदि कक्षा-4 के छात्राओं द्वारा समूह नृत्य-आज की रात नामक गीत पर श्रृष्टि, आशी, आव्या, कोमल, श्रेया, नितिका, श्रद्वा, कक्षा-5 की छात्र-छात्राओं द्वारा समूह नृत्य गीत-मेरे घर राम आये नामक गीत पर सौम्या, श्रृष्टि, आकृति, रत्ना, श्रेया, आरोही, माहिका, अनुष्का, आस्था, शंशाक एवं दक्षेस, कक्षा-7 की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य गीत-सजा दो घर को गुलशन सा नामक गीत पर आस्था, मानवी, पलक, प्राख्या एवं सिद्धी ने अत्यन्त मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके दर्शको का मन मोह लिया। इसी क्रम में भाषण कार्यक्रम में मेधावी, मरियम, वर्षान, दक्षेस, आदित्य, प्रथमेश, अमन, प्राज्ञा, पारूल एवं सिद्वार्थ ने दीपावली के पावन पर्व पर बहुत ही सुन्दर भाषण प्रस्तुत किया।

# देहरादून एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्स प्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 23 अक्टूबर, 2025






**मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिला प्रशासन ने...**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल ने गत दिवस जिला प्रशासन के अधिकारियों का एक दल आपदा प्रभावित गांव सैंजी पहुंचा। अधि -कारियों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सैंजी में रह रहे आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर... पढ़ें पेज 07 पर...

# उत्तराखंड के पांच आईटीआई होंगे अपग्रेड, हब एंड स्पोक मॉडल से बढ़ेगा युवाओं का कौशल

'इस तकनीकी ढांचे का लाभ यह है कि उच्च स्तर की तकनीकी जानकारी और संसाधन एक ही स्थान पर केंद्रित रहते हैं, जिससे समग्र दक्षता और प्रशिक्षण का स्तर बेहतर होता है। उत्तराखंड में भी एक हब और चार स्पोक संस्थानों के जरिए इसी माडल को अपनाया जाएगा, जिससे राज्य के युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा मिल सकेगी।'
(सौरभ बहुगुणा, कौशल विकास मंत्री, उत्तराखंड)



जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड के पांच औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को केंद्र सरकार की योजना के तहत हब एंड स्पोक मॉडल में अपग्रेड किया जाएगा। इसमें एक आईटीआई को "हब" के रूप में विकसित किया जाएगा, जबकि चार अन्य "स्पोक" के रूप में उससे जुड़ी होंगी।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित करना और उन्हें रोजगार के लिए अधिक सक्षम बनाना है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की नेशनल स्कीम फॉर इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अपग्रेडेशन के तहत देशभर में 1000 सरकारी आईटीआई को आधुनिक तकनीक और उद्योग आधारित प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

योजना का कुल वित्तीय आकार लगभग 60 हजार करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार 30 हजार करोड़, राज्य सरकारें 20 हजार करोड़ और देश के उद्योग जगत 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।

उत्तराखंड में इस योजना के अंतर्गत आने वाले पांच आईटीआई का चयन जल्द ही किया जाएगा। चयन के लिए विभागीय बैठक बुलाई जा रही है। चयनित संस्थानों को अत्याधुनिक उपकरण, डिजिटल लैब, उन्नत मशीनें, और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे।

**यह है हब एंड स्पोक मॉडल**

हब एंड स्पोक मॉडल एक समन्वित ढांचा है जिसमें "हब"केंद्रीय इकाई के रूप में कार्य करता है। इसमें विशेषज्ञ प्रशिक्षक, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और मुख्य संसाधन होते हैं। "स्पोक" संस्थान क्षेत्रीय केंद्रों की तरह काम करते हैं, जिन्हें हब से नियमित रूप से तकनीकी अपडेट और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होता है। इससे सभी संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता समान रहती है और छात्रों को आधुनिक औद्योगिक वातावरण का अनुभव मिलता है।

**स्वामित्व सरकार का, प्रबंधन उद्योगों के हाथ में**

कौशल विकास विभाग के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य सरकारी आईटीआई को उद्योगों से सीधे जोड़ना है। चुने गए संस्थानों का स्वामित्व सरकार के पास रहेगा, लेकिन उनका प्रबंधन उद्योगों के हाथों में सौंपा जाएगा। इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और पाठ्यक्रमों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप लगातार अपडेट किया जा सकेगा। राज्य सरकार का मानना है कि इस योजना से न केवल युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, बल्कि उत्तराखंड को एक उभरते औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में पहचान भी मिलेगी। कौशल विकास के क्षेत्र में यह पहल प्रदेश के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगी और स्थानीय उद्योगों को भी प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी।

## रजत जयंती सप्ताह में विविध कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 3 से 9 नवंबर तक पूरे जनपद में रजत जयंती सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान नारी शक्ति, सुशासन, युवा खेल, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, शहीदों को नमन, सांस्कृतिक विरासत, रोजगार और स्वदेशी खाद्य जैसे विषयों पर प्रतिदिन अलग-अलग थीम के साथ भव्य कार्यक्रम होंगे।

बुधवार को जिलाधिकारी सविन बंसल ने तैयारियों की बैठक में अधिकारियों को समयबद्ध योजना और जन सहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति दिवस पर स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी, सुशासन दिवस पर बहु - उद्देशीय शिविर और यूथ दिवस पर क्रॉस कंट्री दौड़, पैराग्लाइडिंग व हॉट बैलून जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हों। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम और शिक्षण संस्थानों में विजन-2050 विषय पर प्रतियोगिताएं कराई जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता बढ़ाने को

## यूकेएसएसएससी का बड़ा कदम, डीएम से मांगी केंद्र सत्यापन रिपोर्ट

'आयोग की इस सतर्कता भरी पहल को आने वाली परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इससे नकल माफिया पर प्रभावी अंकुश लगने और युवाओं में आयोग के प्रति भरोसा बहाल होने की उम्मीद है।'
(डा. शिव कुमार बनरवाल, सचिव, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग)




जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने आगामी भर्ती परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों (डीएम) के माध्यम से मुख्य शिक्षा अधिकारियों (सीईओ) से परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह में तलब की है। इस सतर्कता भरी पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना, नकल माफिया पर अंकुश लगाना और अभ्यर्थियों के बीच आयोग के प्रति विश्वास को और मजबूत करना है। आयोग ने निर्देश दिया है कि यह पूरी कार्रवाई 16 नवंबर को प्रस्तावित सहकारी समितियों के अंतर्गत सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 और सहायक विकास अधिकारी (सहकारी) परीक्षा से पहले पूरी कर ली जाए।

रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आयोग परीक्षा केंद्रों की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी सुविधाओं के आधार पर अंतिम सूची जारी करेगा।

**स्नातक स्तरीय परीक्षा के बाद बढ़ी सख्ती**

गौरतलब है कि 21 सितंबर को आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र का कुछ हिस्सा इंटरनेट मीडिया पर लीक हो गया था। इस मामले में हरिद्वार जिले के रुड़की स्थित एक परीक्षा केंद्र से मोबाइल से पेपर की फोटो खींचने वाले आरोपित खालिद मलिक को गिरफ्तार किया गया था। परीक्षार्थियों और नागरिकों की शिकायतों के बाद आयोग ने तत्काल परीक्षा निरस्त कर दी थी। घटना के बाद आयोग ने पांच और 12 अक्टूबर को प्रस्तावित दो अन्य भर्ती परीक्षाएं भी स्थगित कर दीं। इन घटनाओं के मद्देनजर आयोग ने भविष्य की सभी परीक्षाओं में कड़े सुरक्षा मानक लागू करने का निर्णय लिया है, ताकि प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**संवेदनशील परीक्षा केंद्र होंगे रद्द, केवल शासकीय संस्थान बनेंगे परीक्षा स्थल**

आयोग ने स्पष्ट किया है कि अब केवल शासकीय विद्यालयों या सरकारी संस्थानों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। इससे परीक्षा संचालन की निगरानी, सुरक्षा और नियंत्रण अधिक प्रभावी रहेगा। वहीं, सभी जनपदों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों को रद्द किया जाएगा।

यूकेएसएसएससी ने कहा है कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया ही युवाओं के विश्वास की कुंजी है। आयोग की यह पहल न केवल परीक्षाओं की गोपनीयता सुनिश्चित करेगी, बल्कि उत्तराखंड में निष्पक्ष भर्ती प्रणाली को और मजबूत आधार देगी।

# 15 नवंबर से खुलेगा राजाजी टाइगर रिजर्व, जंगल सफारी के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

जंगल सफारी के लिए सफारी पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। पर्यटन व्यवसायी पंजीकरण फार्म 25 अक्तूबर तक प्रधान कार्यालय या वेबसाइट rajajitigerreserve.uk.in से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर निर्धारित की गई है।
(अजय लिंगवाल, एसीएफ, राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क)



जन एक्सप्रेस । देहरादून

विश्व प्रसिद्ध राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क में 15 नवंबर से जंगल सफारी शुरू हो जाएगी। पर्यटक इस दिन से पार्क की प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों के बीच रोमांच का अनुभव कर सकेंगे।

पर्यटन व्यवसायियों (सफारी वाहन स्वामियों ) के पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। आवेदनपत्र 25 अक्तूबर तक वेबसाइट या कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं, जबकि अंतिम तिथि 30 अक्तूबर तय की गई है। हर साल की तरह पार्क 15 नवंबर से 15 जून तक खुला रहेगा। इस अवधि में बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक यहां पहुंचते हैं। जंगल सफारी से पार्क प्रशासन को प्रतिवर्ष एक करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। राजाजी टाइगर रिजर्व एशियाई हाथियों और बाघों के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा यहां तेंदुआ, जंगली बिल्ली, हिमालयी काला भालू, स्लॉथ भालू, धारीदार लकड़बग्घा, सांभर, जंगली सुअर, चित्तीदार हिरण और बार्किंग हिरण समेत कई वन्यजीव बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। पार्क में इन दिनों गेट और सड़कों की मरम्मत का कार्य चल रहा है, जिसे 31 अक्तूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। राजाजी पार्क की चार प्रमुख रेंजों–चिल्लावाली (30 किमी), हरिद्वार रानीपुर (24 किमी), मोतीचूर (22 किमी) और चीला (36 किमी)–में जंगल सफारी संचालित की जाएगी। इस दौरान करीब 160 से अधिक सफारी वाहन पर्यटकों को सफर कराएंगे। सफारी संचालन से लगभग 200 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है। पार्क प्रशासन के अनुसार, सभी रेंजों में सफारी ट्रैक और आवश्यक सुविधाएं तैयार की जा रही हैं ताकि, इस सीजन में पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

# दीपावली पर पटाखा कारोबार में कर चोरी का धमाका,

## राज्य कर विभाग की सख्ती के बावजूद खुलेआम नियमों की अनदेखी

जन एक्सप्रेस । देहरादून



दीपावली से पहले राज्य कर (स्टेट जीएसटी) विभाग ने देहरादून समेत प्रदेश के विभिन्न शहरों में बड़े पटाखा कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए घोषित स्टॉक से अधिक माल रखने और कर चोरी पर कड़ी कार्रवाई की थी। तब यह माना जा रहा था कि विभाग की सख्ती के बाद कारोबारी नियमों का पालन करते हुए पारदर्शी ढंग से कारोबार करेंगे। लेकिन, देहरादून में हालात कुछ और ही नजर आए। दीपावली पर अधिकांश बड़े कारोबारियों ने पटाखों की जमकर बिक्री तो की, मगर बिलिंग और रिकॉर्ड व्यवस्था में कर कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई।

शहर में जिन पटाखा कारोबारियों ने 40 से 80 प्रतिशत तक छूट के बैनर लगाए थे, वहां सुबह से देर रात तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही। एक ही दिन में लाखों रुपये के पटाखे बिके, लेकिन ग्राहकों को बिल देना अधिकांश दुकानों में जरूरी नहीं समझा गया। जिन उपभोक्ताओं ने बिल की मांग की, उन्हें सादे कागज पर बस मुहर लगाकर रसीद थमा दी गई। इससे यह स्पष्ट है कि बड़ी मात्रा में बिना बिल के बिक्री की गई, जिसका वास्तविक कर जमा होना संदिग्ध है।

**भुगतान में भी गड़बड़ी, रकम गई अन्य खातों में**

जांच में यह भी सामने आया कि कई कारोबारी बिक्री की रकम अपने कारोबार से असंबंधित खातों में जमा करवा रहे थे। कुछ भुगतान ऐसे प्रतिष्ठानों के खातों में लिए गए जो कम टैक्स स्लैब वाली वस्तुओं या सेवाओं से जुड़े हैं। यह कर चोरी का एक नया तरीका माना जा रहा है। राज्य कर विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ऐसी स्थितियों में विस्तृत जांच कर वास्तविक कर वसूली सुनिश्चित की जाएगी।

**डिस्काउंट का दावा निकला फर्जी**

जिन व्यापारियों ने भारी छूट के विज्ञापन लगाए थे, उनके दावे भी खोखले साबित हुए। कई स्थानों पर पटाखों पर एमआरपी का उल्लेख ही नहीं था, और जहां था, वहां कीमतों में कोई वास्तविक कमी नहीं मिली। उपभोक्ताओं को भीड़ के दबाव में मनमाने दामों पर पटाखे खरीदने पड़े।

**दोयम दर्जे की गुणवत्ता से निराश उपभोक्ता**

पटाखों की गुणवत्ता को लेकर भी लोगों में भारी असंतोष रहा। देहरादून में बेचे गए कई पटाखों की क्वालिटी दोयम दर्जे की पाई गई। दीपावली की रात कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि उनके खरीदे गए पटाखों में से लगभग 25 प्रतिशत खराब निकले। टिहरी नगर निवासी अधिवक्ता अमित भट्ट ने बताया कि उनके खरीदे गए स्टॉक में रॉकेट, अनार, सुतली बम और अन्य पटाखों का बड़ा हिस्सा बेकार था। राज्य कर विभाग अब दीपावली के बाद बिक्री रिकॉर्ड और जीएसटी रिटर्न की क्रॉस जांच करने की तैयारी में है, ताकि बिना बिल बिक्री और कर चोरी करने वाले कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

# रजत जयंती पर दो दिवसीय विधानसभा सत्र होगा खास, तैयारी पूरी– राष्ट्रीय मुर्मू करेंगी विशेष संबोधन



- राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर सत्ता और विपक्ष रखेंगे विचार, विकास की दिशा और भविष्य की संभावनाओं पर होगा मंथन
- रजत जयंती पर होगा विशेष सत्र– राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी संबोधन, विकास यात्रा पर होगा मंथन

**विकास पर होगी खुली चर्चा, भविष्य का रोडमैप बनेगा**

विशेष सत्र में उत्तराखंड के 25 वर्ष के विकास यात्रा पर मंथन किया जाएगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही यह साझा करेंगे कि किस दिशा में राज्य को आगे बढ़ाया जाए, ताकि उत्तराखंड आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके। विधानसभा में सभी विधायकों से भविष्य की विकास योजनाओं के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे।

**विधानसभा अध्यक्ष ने दी जानकारी**

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया कि सत्र की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य को उत्तराखंड की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर बोलने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन की तिथि अभी औपचारिक रूप से तय नहीं हुई है, लेकिन संभावना है कि वे इस विशेष सत्र को संबोधित करेंगी। इसके लिए विधानसभा स्तर पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

**रजत जयंती की थीम पर सजेगा सदन**

विधानसभा भवन को रजत जयंती की थीम पर सजाया जा रहा है। प्रकाश सज्जा, राज्य की सांस्कृतिक झलक और विकास यात्रा को दर्शाने वाले चित्र सदन में लगाए जाएंगे। इस सत्र से उम्मीद की जा रही है कि यहां होने वाला मंथन उत्तराखंड के अगले 25 वर्षों की दिशा तय करेगा।

जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र तीन और चार नवंबर को आयोजित किया जाएगा। यह सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक होगा, क्योंकि इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विशेष संबोधन प्रस्तावित है। राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर यह सत्र उपलब्धियों की समीक्षा और भविष्य की दिशा तय करने का मंच बनेगा।

विधानसभा सचिवालय ने विशेष सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सदन को रजत जयंती के अनुरूप सजाया जा रहा है। सत्र के दौरान सत्ता और विपक्ष के सभी विधायकों को राज्य के विकास, उपलब्धियों और चुनौतियों पर अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा।

# 6.30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार, युवक पर एक दर्जन मुकदमे दर्ज है

जन एक्सप्रेस । देहरादून



**विकास नगर।** धर्मावाला पुलिस ने अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार गिरफ्तार किया। युवक के पास से 6.30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया, जहां से आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जा रहे हैं।

चौकी प्रभारी विवेक राठी ने कहा कि इससे पूर्व आरोपी एक दर्जन मामलों में जेल जा चुका है। कहां की पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग अभियान के दौरान धर्मा वाला क्षेत्र से एक आरोपी के पास 6.30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सहसपुर पर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्टके अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है आरोपी को को समय से न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जा रहा है। कहां की पूछताछ में आरोपी ने अपनीपहचान

सादिक पुत्र जब्बार निवासी खुशहाल पुर थाना सहसपुर जनपद देहरादून उम्र 22 वर्ष के रूप में की। कहां की आरोपी के विरोध अलग-अलग मामलों में एक दर्जन मुकदमे दर्ज है।

# डिलीवरी के नौ महीने बाद सामने आई डॉक्टरों की लापरवाही–पेट में छूटी पट्टी से महिला की मौत, अस्पताल सील

जन एक्सप्रेस । देहरादून



लापरवाही की हद पार करते हुए देहरादून के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान डॉक्टरों ने महिला के पेट में पट्टी छोड़ दी, जिससे नौ महीने बाद उसकी मौत हो गई। घटना सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मदरकेयर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द कर इसे सील कर दिया है। साथ ही तीन सदस्यीय समिति गठित कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, लक्खीबाग निवासी प्रज्वल की पत्नी 26 वर्षीय ज्योति की 29 जनवरी 2025 को मदर केयर अस्पताल में डिलीवरी हुई थी। ऑपरेशन के बाद ज्योति ने एक बेटी को जन्म दिया था। कुछ दिन डॉक्टरों की निगरानी में रखने के बाद उसे घर भेज दिया गया। लेकिन कुछ ही दिनों में उसे पेट में दर्द की शिकायत शुरू हुई।

जब परिजन ज्योति को दोबारा मदर केयर अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने सबकुछ सामान्य बताते हुए केवल दवाएं देकर वापस भेज दिया। यह सिलसिला कई बार दोहराया गया, लेकिन दर्द लगातार बढ़ता गया।

**ग्राफिक एरा अस्पताल में खुला सच**

तीन दिन पहले जब ज्योति की तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो उसे ग्राफिक एरा अस्पताल ले जाया गया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उसके पेट में गंभीर इंफेक्शन हो गया है और तत्काल ऑपरेशन की जरूरत है। शनिवार को ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने पेट के अंदर एक पट्टी फंसी हुई पाई, जिसे बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक इंफेक्शन शरीर में फैल चुका था। रविवार देर रात ज्योति की मौत हो गई।

**अस्पताल के सामने हंगामा, प्रशासन सख्त**

सोमवार को गुस्साए परिजनों ने ज्योति के शव को मदर केयर अस्पताल के सामने रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। सूचना पर डालनवाला इंस्पेक्टर मनोज मैनवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत कराया।

**सीएमओ ने दी कार्रवाई की जानकारी**

मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि प्राथमिक जांच में अस्पताल की गंभीर लापरवाही सामने आई है। इस पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द कर उसे सील कर दिया गया है। साथ ही एसीएमओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जिसे जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दर्दनाक घटना ने शहर में निजी अस्पतालों की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने संकेत दिया है कि अब अन्य निजी अस्प -तालों की भी जांच की जा सकती है।

## सांसद अजय भट्ट ने दो स्पान पुलों के जल्द निर्माण का आश्वासन दिया

जन एक्सप्रेस । काशीपुर

**बाजपुर।** सांसद अजय भट्ट ने बुधवार को ग्राम झारखंडी में निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय और लेवड़ा नदी पर बने दो स्पान पुलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को भवन और पुलों का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद भट्ट ने कहा कि लेवड़ा नदी के बाढ़ के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होती है।

प्रदेश सरकार ने स्थानीय मांग के बाद बेरिया रोड और चकरपुर में दो नए पुलों का निर्माण कराने की घोषणा की थी। सांसद ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ नदी का निरीक्षण किया और कहा कि भाजपा सरकार विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

# देहरादून में 47वां ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन्स कॉन्फ्रेंस 2025 आयोजित

जन एक्सप्रेस । देहरादून



राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया (PRSI) देहरादून चैप्टर की ओर से आयोजित होने वाले 47वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन्स कॉन्फ्रेंस 2025 के ब्रोशर का विमोचन किया। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 13 से 15 दिसंबर 2025 तक देहरादून में आयोजित होगा। सम्मेलन का विषय "विकसित भारत @2047 के लिए जनसंपर्क विज़न" रखा गया है।

सांसद बंसल ने कहा कि जनसंपर्क समाज, सरकार और जनता के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करता है। यह केवल सूचना का प्रसार नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और सकारात्मक सोच के माध्यम से विकास को दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है, ऐसे में इस स्तर का आयोजन राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह सम्मेलन जनसंपर्क क्षेत्र को नई पहचान देगा और युवा पेशेवरों को सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सम्मेलन जनसंपर्क के महाकुंभ के रूप में देशभर से जनसंपर्क विशेषज्ञों, मीडिया प्रतिनिधियों, कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स और शिक्षाविदों की उपस्थिति में आयोजित होगा।

इसमें जनसंपर्क के बदलते परिदृश्य, डिजिटल मीडिया की भूमिका और लोकसंचार के नए आयामों पर चर्चा होगी। सम्मेलन का उद्देश्य जनसंपर्क के क्षेत्र में नवीन प्रयोगों और सफल पहलों को साझा कर भारत @2047 के लिए सशक्त जनसंपर्क तंत्र का निर्माण करना है।

# पुल नंबर एक पर ट्रिपल राइडिंग, नाबालिग ड्राइविंग और बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । देहरादून

**विकास नगर।** बाजार थाना क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया। बुधवार को पुल नंबर एक पर आयोजित विशेष चेकिंग अभियान में चौकी इंचार्ज मयंक कुमार त्यागी के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

ट्रिपल राइडिंग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और बिना नंबर प्लेट के वाहनों के खिलाफ यह सख्ती सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस दौरान उप निरीक्षक नौशाद अंसारी भी मौजूद रहे।

चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने पुल नंबर एक पर वाहनों की सघन जांच की। ट्रिपल राइडिंग करते पाए गए दोपहिया वाहनों के चालकों पर जुर्माना लगाया गया, जबकि नाबालिगों द्वारा बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले मामलों में अभिभावकों को भी चेतावनी दी गई। इसके अलावा, बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई भी की गई।

चौकी प्रभारी मयंक कुमार त्यागी ने बताया, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य है। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए खतरा भी है। हम नियमित चेकिंग अभियान चलाकर ऐसी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाएंगे।

उप निरीक्षक नौशाद अंसारी ने कहा, इस अभियान में कुल 25 से अधिक चालान काटे गए, जिनमें अधिकांश ट्रिपल राइडिंग और बिना हेलमेट के



पुल नंबर एक पर चेकिंग करती हुए पुलिस

मामले शामिल हैं। हमारा उद्देश्य जाग रूकता फैलाना है, ताकि आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं कम हों स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई की सराहना की है। एक स्थानीय खालिद मंसूरी ने कहा, पुल नंबर एक पर रोजाना ट्रैफिक जाम और असुरक्षित ड्राइविंग की समस्या रहती है। पुलिस की यह पहल स्वागतयोग्य है, इससे सड़कें सुरक्षित होंगी।

विकास नगर बाजार थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में ट्रैफिक उल्लंघनों के कारण कई छोटी-मोटी दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे,जिसमें स्कूलों के पास नाबालिग ड्राइविंग पर विशेष नजर रखी जाएगी। चालान राशि में ट्रिपल राइडिंग के लिए 500 रुपये, नाबालिग ड्राइविंग के लिए 2,000 रुपये तक और बिना नंबर प्लेट के लिए 1,000 रुपये का प्रावधान है।

यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत की गई थी, जो पूरे राज्य में चल रहा है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सभी चालक नियमों का पालन करें और नाबालिगों को वाहन न सौंपें। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय थाने से संपर्क किया जा सकता है।

 ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ट्रंप से क्या मोदी को आसियान सम्मेलन में मिलना चाहिए?

**भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंध गहरे हो रहे हैं— क्वॉड, इंडो-पैसिफिक और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश निकटता बढ़ा रहे हैं। लेकिन जब अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार ऐसे फ़र्ज़ी या अधूरे दावे करते हैं जो भारत की संप्रभु नीति पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, तो दिल्ली की प्रतिक्रिया केवल शालीन मौन तक सीमित नहीं रह सकती। भारत का विदेश मंत्रालय अब तक ट्रंप के बयानों पर नो कमेंट नीति अपनाता आया है, किंतु इससे यह जोखिम रहता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिकी दावा धीरे-धीरे स्वीकार्य धारणा बन सकता है।**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ऐसा बयान दिया है जिसने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि यह भी दिखाया है कि वाशिंगटन की राजनीति में भारत का उल्लेख प्रायः घरेलू उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह के दौरान दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से बहुत अधिक तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा, मोदी ने बताया है कि भारत अब रूस से बहुत ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। वे भी चाहते हैं कि यूक्रेन युद्ध समाप्त हो। वहीं बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप आपके फोन करने और दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस पर्व पर दोनों महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें।'' गौर करने वाली बात यह है कि मोदी और ट्रंप के बीच 16 सितंबर के बाद से फोन पर हुई यह तीसरी बातचीत है जिसकी सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक जानकारी में जहां प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी कोई बात नहीं कही है जिससे यह प्रदर्शित होता हो कि रूसी तेल को लेकर दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत हुई तो वहीं ट्रंप ने अपने बयान में रूसी तेल खरीद को लेकर फिर से अपना पुराना दावा दोहरा दिया है। हम आपको बता दें कि मंगलवार रात को ट्रंप ने दिवाली समारोह का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यापारिक नेता शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर से अपना यह दावा दोहराया कि भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। देखा जाये तो यह दावा न तो भारत सरकार की किसी आधिकारिक घोषणा में परिलक्षित होता है और न ही वैश्विक तेल बाजार के आँकड़े इसे पुष्ट करते हैं। तेल व्यापार जगत के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की रूसी तेल खरीद में कोई विशेष कमी नहीं आई है; अधिकांश सौदे पहले से तय अनुबंधों के अंतर्गत चल रहे हैं। देखा जाये तो ट्रंप के इस वक्तव्य के दो प्रमुख पहलू हैं— पहला, यह कि वह ÷आश्वासन÷ का दावा कर रहे हैं, जबकि भारत ने ऐसा कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। दूसरा, ट्रंप ने खुद अपने पहले के दावे को थोड़ा नरम करते हुए कहा कि भारत पूरी तरह नहीं, काफी कम तेल खरीदेगा। यह बदलाव संकेत देता है कि या तो उन्हें पहले गलत जानकारी दी गई थी, या वे जानबूझकर ऐसी बातें करते हैं जो घरेलू राजनीतिक संदेशों के लिए उपयोगी हों। दूसरी ओर, भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हित से संचालित होती है और जब तक पश्चिमी प्रतिबंध भारत पर लागू नहीं हैं, वह सस्ते रूसी कच्चे तेल का आयात जारी रखेगा। ऐसे में ट्रंप के बयान का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं दिखता। वैसे यह पहली बार नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत का हवाला देते हुए भ्रामक या अतिशयोक्तिपूर्ण दावा किया हो। ट्रंप की राजनीति में सुपर डीलमेकर की छवि बनाये रखना आवश्यक है। वह हर अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल को एक बड़ी डील के रूप में प्रस्तुत करते हैं ताकि अमेरिकी मतदाताओं को लगे कि वह विश्व मंच पर अमेरिका फर्स्ट नीति को सफल बना रहे हैं। भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के साथ मित्रवत संबंध उनके लिए प्रचार का सबसे आसान माध्यम है— क्योंकि यहां का प्रवासी भारतीय समुदाय अमेरिकी चुनावी परिदृश्य में एक प्रभावशाली वर्ग बन चुका है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है।**

# स्नेह, त्याग और विश्वास की उजली परंपरा भाई दूज



योगेश कुमार गोयल

**भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी– एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा।**

आमतौर पर दीपावली के दो दिन बाद अर्थात् कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले भाई दूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस वर्ष दीवाली 20 अक्तूबर को मनाई गई और भाई दूज पर्व 23 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। पंचांग के अनुसार इस साल कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि 22 अक्तूबर को रात 8 बजकर 17 मिनट पर शुरू हो रही है और 23 अक्तूबर को रात 10 बजकर 47 पर समाप्?त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार भाईदूज का पर्व 23 अक्तूबर को मनाया जाएगा और शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से 2 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है। भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्त्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए। यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा। भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी



**यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया।**

तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी। कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फैंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है। जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरूष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गए लेकिन उसने नाग-नागिन को मारने की सारी तैयारी पहले ही कर रखी थी। आखिरकार उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया और उसके बाद वह निश्चिंत होकर सो गई। सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवार वालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाए लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सब को विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई और सभी को नाग-नागिन के मृत शरीर दिखाए तो सभी की आंखों में आंसू आ गए और भाई के प्रति उसका असीम प्यार तथा समर्पण भाव देखकर उसके प्रति सभी का हृदय श्रद्धा से भर गया। भाई-भाभी तथा माता-पिता ने उसे ढ़ेर सारे उपहारों से लादकर बड़े मान-सम्मान के साथ खुशी-खुशी ससुराल विदा किया। भाई-बहन के बीच इसी प्रकार के पावन संबंध, प्रेमभाव तथा उनके दिलों में आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए ही 'भाई दूज' पर्व मनाया जाता है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 22:47 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 28:50 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | आयुष्मान, 28:59 तक |
| सूर्योदयः | 06:27 |
| सूर्यास्तः | 17:42 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 13:29-14:54 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### बन रही रणनीति !

*बागीयों को टिकट नहीं ।*
*हो ऐसा प्रयास ।।*
*है आया आदेश ।*
*समय चल रहा खास ।।*
*बन रही रणनीति ।*
*आ गई वो खेला ।।*
*अपने-अपने स्तर पर ।*
*कर रहे सब खेला ।।*
*बड़ी है लड़ाई ।*
*और प्रतिष्ठा प्रश्न ।।*
*सबकी अपनी कोशिश है ।*
*हो हमारा जश्न ।।*
*दो दो हाथ करने को ।*
*हैं सारे तैयार ।।*
*करनी जीत दर्ज ।*
*रह कर होशियार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या सरसों का तेल पीना आपकी सेहत के लिए अच्छा है?



**भारत** की ज्यादातर रसोई में सरसों के तेल का इस्तेमाल होता है। खाना पकाने, घाव पर या स्किन केयर के लिए लोग अलग-अलग तरीके से सरसों के तेल का उपयोग करते हैं। सरसों के तेल में खाना पकाने से न सिर्फ आपके खाने का स्वाद बढ़ता है, बल्कि ये आपकी सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। आयुर्वेद के अनुसार सरसों के तेल में कई औषधीय गुण होते है, जो आपकी डाइट का एक अहम हिस्सा बनने लिए बिल्कुल उपयुक्त होता है। लेकिन, कई लोग कच्चा सरसों का तेल पीना भी पसंद करते हैं या सेहत के लिहाज से ऐसा करते हैं। मगर क्या सच में सरसों का तेल पीना सेहत के लिए अच्छा होता है।

**क्या सरसों का तेल पीना चाहिए?:** आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा के अनुसार, सरसों का तेल 'वातशामक' होता है, यानी यह शरीर में वायु दोष को कम करता है। सरसों के तेल की तासीर गर्म होती है, जो ठंडे मौसम में ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है। यही कारण है कि उत्तर भारत के ठंडे इलाकों में सरसों के तेल का ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है।÷ इसके अलावा, सरसों का तेल एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल गुण, ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड्स, विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स के गुणों से भरपूर होता है, जो सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद माना जाता है।

आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा का कहना है कि सरसों का तेल आमतौर पर बाहरी इस्तेमाल या खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन आप इसे सीमित मात्रा में पीने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपके शरीर को ये फायदे मिल सकते हैं

**पाचन तंत्र को साफ करें:** सरसों का तेल कब्ज और गैस की समस्या में फायदेमंद होता है। सुबह खाली पेट सरसों के तेल की कुछ बूंदें पीने से कब्ज और गैस की समस्या से राहत मिलता है। सुबह खाली पेट कुछ बूंदें पीने से पेट साफ होता है और पाचन भी बेहतर होती है।

**वात दोष कंट्रोल करें:** जिन लोगों में वात दोष बढ़ने के कारण जोड़ों में दर्द, गठिया या वात से जुड़ी समस्याएं होती है, उनके लिए सरसों का तेल पीना फायदेमंद माना जाता है।

**बॉडी स्ट्रेंथ और स्टेमिना बढ़ाएं:** सरसों का तेल पीने से शरीर के अंदर गर्मी बढ़ती है, जिससे शरीर की ताकत बढ़ती है, खासकर सर्दियों के मौसम में सरसों का तेल पीना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।

**शरीर डिटॉक्स करें:** सीमित मात्रा में सरसों का तेल पीने से शरीर में जमे टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर साफ होता है।

**सरसों का तेल कैसे पीना चाहिए?:** सरसों का तेल आप सुबह खाली पेट कर सकते हैं। कच्चे सरसों के तेल को गर्म करके एक गिलास गुनगुने पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए, क्योंकि इसमें इरुसिक एसिड होता है, जो ज्यादा मात्रा में शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है।

**निष्कर्ष:** सरसों का तेल पीना शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन इसे सीमित मात्रा और सही तरीके से पीना जरूरी है। खासकर उत्तर भारत के लोगों के लिए सरसों का तेल किसी भी रूप में पीना लाभकारी होता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# हर शहर की हवा अब खतरनाक, क्या हम जागेंगे?



प्रो. आरके जैन

**संकल्प करें अगली दिवाली हरे-भरे आसमान की होगी। दीये की लौ जलाएं, पटाखों की चिंगारी नहीं। हवा को शुद्ध रखें, ताकि हर सांस जिंदगी बने, मौत का सबब नहीं। यह महज त्योहार का मसला नहीं, हमारी हस्ती की जंग है। बदलाव का पहला कदम हमारा है।**

**सरकारें जागें—ड्रोन से निगरानी, एनसीएपी (नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम) को ताकत, इलेक्ट्रिक वाहन, हरियाली। हम भी बदलें—एन-95 मास्क, एयर प्यूरीफायर, कम बाहरी व्यायाम। स्कूलों में प्रदूषण की पढ़ाई हो, इंदौर की तरह हर शहर स्वच्छता से प्रदूषण को मात दे। हर कदम मायने रखता है—आज का कदम, कल की सांसें बचाएगा। दिवाली रोशनी का उत्सव है, जहर का अड्डा नहीं।**

**सांस** लीजिए, लेकिन डरिए–हर सांस में जहर है। दिल्ली की सड़कों पर, भोपाल की गलियों में, इंदौर के चौराहों पर–हवा अब दोस्त नहीं, कातिल बन चुकी है। दिवाली की रात, जब दीयों की लौ और पटाखों की चमक ने आसमान को रंगों से भर दिया, उसी रात हवा चीख उठी–यह उत्सव नहीं, मौत की दावत है। दिल्ली में एक्यूआई 400 को लांघ गया, भोपाल में पीएम-2.5 महज दो घंटों में 65 से 680 तक उछला–10 गुना जहर। स्वच्छता का तमगा पहनने वाला इंदौर भी नहीं बचा, एक्यूआई 323 तक पहुंचा। ये आंकड़े महज संख्याएं नहीं, हमारे फेफड़ों की चीख हैं। क्या हमारी खुशियां इतनी सस्ती हैं कि हम अपनी सांसों को दांव पर लगा दें? दिल्ली, हमारी राजधानी, अब जहर की राजधानी है। 21 अक्टूबर को सीपीसीबी ने बताया–औसत एक्यूआई 346, लेकिन अशोका विहार में तो 714। यह गंभीर नहीं, मौत का मंजर है। डब्ल्यूएचओ कहता है, पीएम-2.5 का सुरक्षित स्तर 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है, मगर दिल्ली में यह 24 गुना ज्यादा था। पटाखों ने पीएम-2.5 और पीएम-10 को 1,500 माइक्रोग्राम तक पहुंचाया। सुप्रीम कोर्ट के ग्रीन पटाखे के आदेश हवा में उड़ गए; सड़कों पर वही जहरीले पटाखे फटते दिखे। सुबह धुंध ने सूरज को निगल लिया, विजिबिलिटी 100 मीटर से कम। बच्चे अस्थमा से जूझ रहे हैं, बुजुर्ग फेफड़ों की तकलीफ में तड़प रहे हैं। पड़ोसी शहर भी डूबे–गुड़गांव 402, फरीदाबाद 412। पराली, वाहनों का धुआं, और कारखानों का जहर–सबने मिलकर हवा को कातिल बना दिया। आई-क्यू-एयर की चेतावनी साफ है–दिल्ली अब दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। क्या हम अपनी सांसों को बचाने के लिए अब भी नहीं जागेंगे? भोपाल अब सांसों का दम घोंट रहा है। कभी झीलों और हरियाली का गहना, यह शहर अब जहर की चपेट में है। 20-21 अक्टूबर की रात, पटाखों ने हवा को मौत का प्याला बना दिया। एमपीपीसीबी और सीपीसीबी के आंकड़े चीखते हैं–शाम 6 बजे पीएम-2.5 65 था, रात 8 बजे तक 680–महज दो घंटों में 10 गुना जहर। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और सूक्ष्म कणों ने हवा को कातिल कर दिया। एक्यूआई 181 तक पहुंचा–अस्वास्थ्यकर का ठप्पा। गरीब बस्तियों में आंखें जल रही हैं, गले खराश से तड़प रहे हैं, बच्चे खांसी में डूबे हैं। विशेषज्ञ चेताते हैं–ठंडी हवाएं और स्थिर मौसम प्रदूषकों को कैद करते हैं, और पटाखे इस जहर को विस्फोटक बनाते हैं। यह एक रात की कहानी नहीं–हर साल भोपाल की सांसें और कमजोर हो रही हैं। क्या हम अपने शहर को इस तरह मरने देंगे? इंदौर, स्वच्छता का गर्व, अब प्रदूषण की आग में झुलस रहा है। 21 अक्टूबर को एमपीपीसीबी ने खुलासा किया–एक्यूआई 261, लेकिन छोटी ग्वालटोली में 362, एयरपोर्ट पर 320–गंभीर की कगार पर। दिवाली से पहले एक्यूआई 153 था, मगर पटाखों ने इसे दोगुना कर दिया। पीएम-2.5 191 माइक्रोग्राम–डब्ल्यूएचओ के मानक से 12 गुना ज्यादा। वाहन, धूल, और निर्माण कार्य पहले से 70 प्रतिशत जहर उगलते हैं; पटाखों ने इस आग में घी डाला। एक रात की चमक ने हवा को जहर का गोला बना दिया। स्वच्छता का तमगा क्या हमारी सांसें बचा पाएगा? यह सिर्फ भोपाल या इंदौर की मार नहीं–2025 की दिवाली ने पूरे भारत को झकझोरा। गाजियाबाद 324, नोएडा 325, लखनऊ 250, उदयपुर 250। पीएम-2.5 फेफड़ों से खून में घुसता है, दिल के दौरे, कैंसर, स्ट्रोक को बुलावा देता है। डब्ल्यूएचओ की चेतावनी–भारत में हर साल 16 लाख मौतें प्रदूषण की भेंट चढ़ती हैं। एक घंटे के पटाखे महीनों के ट्रैफिक जितना जहर फैलाते हैं। ठंडी हवाएं स्मॉग का जाल बुनती हैं, मगर असली कसूरवार हमारी लापरवाही है। क्या हम अपनी सांसों को यूं ही जहर बनने देंगे? यह संकट सिर्फ आज का नहीं, हमारी आने वाली पीढ़ियों का है। बच्चों में अस्थमा 30 प्रतिशत बढ़ रहा है, बुजुर्ग हार्ट अटैक से जूझ रहे हैं, युवा कमजोर पड़ रहे हैं। आर्थिक नुकसान अरबों में। मगर रास्ता है–पटाखों को अलविदा कहें–लेजर शो, दीये, सामूहिक उत्सव अपनाएं। ग्रीन पटाखे भी नहीं, पूर्ण प्रतिबंध चाहिए। सरकारें जागें–ड्रोन से निगरानी, एनसीएपी (नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम) को ताकत, इलेक्ट्रिक वाहन, हरियाली। हम भी बदलें–एन-95 मास्क, एयर प्यूरीफायर, कम बाहरी व्यायाम। स्कूलों में प्रदूषण की पढ़ाई हो, इंदौर की तरह हर शहर स्वच्छता से प्रदूषण को मात दे। हर कदम मायने रखता है–आज का कदम, कल की सांसें बचाएगा। दिवाली रोशनी का उत्सव है, जहर का अड्डा नहीं। 2025 की धुंध में डूबी दिल्ली, भोपाल का बढ़ता धुआं, इंदौर का गहराता संकट–यह खतरे की घंटी है।

# उत्तराखंड एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्स प्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 23 अक्टूबर, 2025






**गाजियाबाद भारत का सर्वोच्च प्रदूषित शहर...**

गाजियाबाद की ट्रांस हिंडन समेत जनपद क्षेत्र की सिविल सोसायटियों के शीर्ष और नामित प्रतिनिधि गाजियाबाद में दीपावली के बाद प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और साहिबाद क्षेत्र के विधायक सुनील शर्मा सहित सदर विधायक संजीव शर्मा और महापौर सुनीता... पढ़ें पेज 12 पर...

# मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिला प्रशासन ने आपदा प्रभावितों के साथ सैंजी में मनाई दीवाली

- अपर जिलाधिकारी बोले, प्रशासन हर परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है

**जन एक्सप्रेस । पौड़ी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल ने गत दिवस जिला प्रशासन के अधिकारियों का एक दल आपदा प्रभावित गांव सैंजी पहुंचा। अधि -कारियों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सैंजी में रह रहे आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा दीपावली के शुभ अवसर पर भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आपदा के बाद मुख्यमंत्री स्वयं सैंजी पहुंचे थे। उन्होंने, पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया था। उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन ने लगातार राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता में रखा। आवास, सड़क, बिजली, पानी हर स्तर पर राहत कार्यों को गति दी गयी।

दीपावली समारोह के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने आपदा में प्रभावित परिवारों से संवाद किया। त्योहार के दिन जिला प्रशासन को अपने बीच पाकर स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया और प्रशासन के इस संवेदनशील कदम की सराहना की।

ग्राम प्रधान सैंजी रेखा देवी ने कहा कि त्योहार के दिन अपनी दीवाली छोड़कर जब प्रशासन के अधिकारी हमारे बीच पहुंचे, तो यह हमारे लिए



केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आत्मीयता का भाव था। आपदा के बाद जब जीवन की डोर कमजोर पड़ती है, तब ऐसे अवसरों पर प्रशासन का साथ आशा की नई किरण बन जाता है। उन्होंने, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जिला प्रशासन का इस मानवीय सहयोग के लिए हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनके कठिन समय में सरकार और प्रशासन ने जिस तत्परता से मदद पहुंचायी, उसने विश्वास को फिर जीवित कर दिया।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं जीवन का हिस्सा हैं, जिनसे हम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते रहते हैं, परंतु इन्हीं परिस्थितियों में आगे बढ़ना ही सच्चे जीवन का प्रतीक है। प्रशासन का ध्येय केवल राहत देना नहीं, बल्कि प्रभावितों को पुनः आत्मनिर्भर बनाना है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी प्रभावित परिवारों का पुनर्वास उनकी भावनाओं, सामाजिक परिवेश और आजीविका से जुड़े पहलुओं को ध्यान में रखकर ही किया जाय।

वर्तमान में प्रशासन गांव में ही उपयुक्त सरकारी भूमि के चिन्हीकरण की प्रक्रिया में है, ताकि विस्थापन की कार्यवाही संवेदनशीलता और पार - दर्शिता के साथ पूरी की जा सके। इस अवसर पर तहसीलदार दीवान सिंह राणा, कानूनगो प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र नौटियाल सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शांतिकुंज एवं देसंविवि में दीपावली उत्साहपूर्वक मनाई गई

- शांतिकुंज और देवसंस्कृति विश्व विद्यालय में दीपावली उत्साहपूर्वक मनाई गई, वैदिक परंपरा और सेवा भाव के संदेश के साथ सभाओं में हजारों साधक शामिल

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**



**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज एवं देवसंस्कृति विश्वविद्यालय परिसर में दीपावली का पर्व उत्साह, श्रद्धा और वैदिक परंपरा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज की बहिनों ने पूरे परिसर को आकर्षक रंगोलियों एवं दीपों से भव्य रूप से सजाया गया।

मुख्य कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख श्रद्धेय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं संस्था की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैल दीदी ने वैदिक विधि-विधान से बहीखाता पूजन किया। वेदमाता गायत्री ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं लेखा विभाग प्रभारी हरीश ठक्कर ने भी बही खातों का पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन शांतिकुंज के संस्कार प्रकोष्ठ के आचार्यों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि दीपावली प्रकाश एवं पवित्रता का प्रतीक पर्व है, जो हमें अपने घरों, कार्यस्थलों एवं अंतःकरण को स्वच्छ एवं दिव्य बनाए रखने का संदेश देता है। उन्होंने, कहा कि माँ लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने हेतु हमें अपने विचार, आचरण एवं जीवनशैली को शुद्ध बनाना चाहिए। संस्था की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैलदीदी ने अपने संदेश में कहा कि दीपक केवल एक ज्योति नहीं, बल्कि सेवा, स्नेह और आत्म-प्रकाश का प्रतीक है। हमें दूसरों के जीवन से अंधकार हटाने में अपनी प्रतिभा एवं संसाधनों का एक अंश समर्पित करना चाहिए। यही दीपावली की सच्ची साधना है। शांतिकुंज परिवार द्वारा यह पर्व धार्मिक उत्सव के साथ ही संस्कार, सेवा और आत्मविकास के संकल्प के साथ मनाया गया। इस दौरान देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति व युवा प्रतिनिधि डॉ चिन्मय पण्ड्या, शैफाली पण्ड्या, हरीश भाई ठक्कर, शिवप्रसाद मिश्र, योगेन्द्र गिरि सहित देश विदेश से आये हजारों साधक मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें....

### उत्तराखंड में दीपावली पर लगीं 66 आग की घटनाएं, दमकल ने समय रहते पाया नियंत्रण

**जन एक्सप्रेस/ऋषिकेश।** दीपावली की रात उत्तराखंड में आग लगने की 66 घटनाएं दर्ज की गईं। गनीमत रही कि किसी में जान-माल का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। फायर विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। मुख्यालय फायर सर्विस के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में घटनाएं कम रहीं। इस बार राज्यभर में 129 स्थानों पर फायर यूनिटें तैनात की गई थीं। देहरादून में सबसे ज्यादा 12 घटनाएं हुईं, जिनमें घर, दुकान, वाहन और बिजली पोलों में आग शामिल रही। ऋषिकेश में सात, हल्द्वानी में तीन और रुड़की, मायापुर, भगवानपुर में कई घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की गई। जागरूकता और सतर्कता से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला गया।

### नौकरी के झांसे में युवक से लाखों की ठगी, AXIS बैंक का मैनेजर भी आरोपी

**जन एक्सप्रेस/हरिद्वार।** नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से दस्तावेज लेकर उसके नाम पर बैंक खाता और क्रेडिट कार्ड बनाकर तीन लाख से अधिक रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित आशीष प्रसाद ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी दंपति दीपक और पिंकी अग्रवाल और एक्सिस बैंक के तत्कालीन मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में नौकरी की तलाश में आशीष ने न्यू शिवालिक नगर स्थित जॉब प्लेसमेंट ऑफिस चलाने वाले दंपति से संपर्क किया।

उन्होंने नौकरी दिलाने का झांसा देकर डिजिटल बैंक खाता खुलवाने के लिए आधार और शैक्षणिक दस्तावेज लिए। कुछ समय बाद दंपति अपने ऑफिस को बंद कर गायब हो गए। जब आशीष ने दिसंबर 2023 में बिजनेस लोन के लिए आवेदन किया तो उसके सिबिल स्कोर कम निकला। जांच में पता चला कि उसके नाम से एक्सिस बैंक पलवल शाखा, हरियाणा में खाता और क्रेडिट कार्ड जारी किया गया था। इसके जरिए 3.44 लाख रुपये एटीएम से निकाल लिए गए। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चे को टक्कर मारने पर ई-रिक्शा चालक की पिटाई, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/देहरादून।** बसंत विहार थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक ई-रिक्शा चालक ने गलती से बच्चे को टक्कर मार दी। इसके बाद बच्चे के परिजनों ने चालक की जमकर पिटाई की और 10,000 रुपये हरजाने के रूप में भी लिए। घायल चालक घर पहुंचा, लेकिन उसकी हालत बिगड़ गई और बुधवार को अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धाराओं में बच्चे के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिखणीखाल के ग्रामीणों ने इको सेंसिटिव जोन में शामिल करने का किया विरोध

**जन एक्सप्रेस/कोटद्वार।** रिखणीखाल ब्लॉक के बंजा देवी, रथुवाढाब, तैड़िया, कांडा नाला और कालिकों गांवों के ग्रामीणों ने अपने गांवों को इको सेंसिटिव जोन में शामिल करने का विरोध किया है। बुधवार को बंजा देवी में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि इससे उनके मूल अधिकार प्रभावित होंगे और विकास कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमति आवश्यक होने से गांव के विकास पर असर पड़ेगा। बैठक में राजस्व उपनिरीक्षक विवेक शाह ने एसडीएम के पत्र का हवाला देते हुए बताया कि हाईकोर्ट नैनीताल में इंडिपेंडेंट मेडिकल इनिशिएटिव सोसाइटी की याचिका पर कार्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन को जनसुनवाई के आदेश दिए गए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इनके गांवों में ES लागू किया गया तो वे सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बैठक में ग्राम प्रधान और दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### उत्तराखंड पुलिस ने व्लॉगरों के जरिए साइबर अपराध रोकने अभियान तेज किया

**जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी।** उत्तराखंड पुलिस ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए अनोखा कदम उठाया है। पुलिस अब मशहूर व्लॉगरों की मदद से लोगों को साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट के खतरों के प्रति जागरूक कर रही है। त्योहारी सीजन में ऑनलाइन ठगी की आशंका को देखते हुए, पुलिस ने व्लॉगर पवन पहाड़ी और तनु रावत के सहयोग से वीडियो तैयार किए हैं। इनमें बताया गया है कि ठग किस तरह लोगों से बैंक विवरण, आधार कार्ड, एफडी जैसी निजी जानकारी ले लेते हैं और डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लाखों रुपये ऐंठते हैं। अल्मोड़ा के व्लॉगर संदीप बिष्ट ने भी पहाड़ी भाषा में लोगों को कॉल पर भरोसा न करने, संदिग्ध लिंक न खोलने और 1930 साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में रिपोर्ट करने की सलाह दी। पुलिस ने नागरिकों से कहा है कि बैंक विवरण, ओटीपी, पैन कार्ड नंबर किसी को साझा न करें, ऐप डाउनलोड करते समय स्रोत की सत्यता जांचें और संदिग्ध गतिविधि होने पर साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। हरिद्वार पुलिस ने सोशल मीडिया पर हेल्पलाइन नंबर 1930 का सही उपयोग भी बता


### दीपावली पर हल्द्वानी और कुमाऊं में वायु प्रदूषण बढ़ा, जहरीली कणों से हवा भारी

**जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी।** दीपावली पर आतिशबाजी के चलते हल्द्वानी की हवा जह - रीली हो गई। सोमवार रात हल्द्वानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 194 माइक्रोग्राम /घनमीटर दर्ज किया गया, जबकि नैनीताल में एक्यूआई 111 रहा। काशीपुर और रुद्रपुर में हालात और गंभीर रहे, जहां क्रमशः 265 और 243 प्वाइंट तक पहुंचा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 अक्टूबर से ही हवा और शोर की निगरानी शुरू की थी। दीवाली पर आतिशबाजी और वाहनों के धुएं के कारण वायुमंडल में जहरीली परत जम गई, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और श्वांस रोगियों को सांस लेने में कठिनाई हुई। हल्द्वानी पिछले वर्षों की तुलना में कम प्रदूषित रही, लेकिन फिर भी मॉडरेट जोन से ऑरेंज जोन तक बढ़ने की संभावना है। धुंध और जहरीली हवा केवल बारिश या समय के साथ ही कम हो सकेगी।

### अंबर कंपनी से 18किलो कॉपर कट चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस/विकासनगर।** सेलाकुई स्थित एसी निर्माण कंपनी अंबर कंपनी से अज्ञात चोर ने 18 किलो कॉपर कट चोरी कर लिया। कंपनी के रिजनल मैनेजर परेश गोस्वामी की तहरीर पर सेलाकुई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि चोरी की घटना 21 अक्टूबर की सुबह हुई। पुलिस कंपनी के साथ मिलकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

# विशाल मेगामार्ट से ली गई मिठाई मे आई बदबू, ग्राहक ने स्टोर मे जमकर काटा हंगामा







**जन एक्सप्रेस । कोटद्वार**

कोटद्वार के देवी रोड स्तिथ विशाल मेगा मार्ट के स्टोर मे दोपहर मे कुछ ग्राहकों ने जमकर हंगामा काटा, दर - असल उनका कहना था कि वो दिवाली से एक दिन पहले इस स्टोर से बिकानो के बेसन के लड्डू और रस गुल्ले के 30 से अधिक डिब्बे लेकर थे ताकि, दिवाली मे उसे दोस्त रिश्तेदारों मे बाँट सके। लेकिन, जो बेसन के लड्डू के डिब्बे हम यहाँ से लेकर गए थे। उनमे लगभग सभी डिब्बो मे बदबू आ रही है, अगर कल के दिन इस बदबूदार मिठाई को खाकर हमारा कोई रिश्तेदार बीमार हो गया तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होंगी, वही विशाल मेगा मार्ट के कर्मियों ने कहा कि इस मामले को हम गंभीरता से ले रहे है हम बिकानों से इस संबंध मे बात करके इसमें कोई समाधान जरूर निकालेंगे। वही, कोटद्वार के फ़ूड सेफ्टी अधिकारी ने बताया कि ग्राहक की मेरे से बात हो गई है मैंने उनको लिखित शिकायत देने के लिए कहा है ज़ब वो हमें लिखित शिकायत दे देंगे तो हम इस पर नियमानुसार अपनी कार्यवाही शुरू कर देंगे। वही, अब आमजन का कहना है कि त्यौहारो के सीजन मे इतनी सारी मिठाई के डिब्बो का ख़राब निकलना कहीं ना कहीं ग्राहक के जीवन के साथ खिलवाड़ करना है इसमें कोई ठोस कार्यवाही जरूर होनी चाहिए।

# धूमधाम से मनाया जायेगा आठगांव मेला महोत्सव, आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण

**जन एक्सप्रेस । पिथौरागढ़**

आठगांव शिलिंग में दिनाँक 27 से 29 अक्टूबर 2025 तक होने वाले आठगांव शिलिंग मेला महोत्सव की योजना बैठक महोत्सव को भव्य, दिव्य, व आकर्षक रूप से आयोजित करने के लिए ग्रामोत्थान समिति आठगांव शिलिंग के अध्यक्ष गोपाल सिंह वल्दिया की अध्यक्षता व बिरेंद्र सिंह वल्दिया के संयोजन में संपन्न हुई। बैठक में तीन दिवसीय आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया गया और समितियों का गठन कर सभी की जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई।

बैठक में क्षेत्र के सभी गाँवो के गण मान्य लोग सम्मिलित हुए। समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह वल्दिया ने कहा कि आठगांव मेला महोत्सव को भव्य बनाने में क्षेत्र के सभी लोगों से राय शुमारी के बाद कार्यक्रमों कि रुपरेखा



तय की गयी है, जिसमें विद्यालयी बच्चों के कार्यक्रम, घरेलू गृहणीयों के लिए अलग अलग प्रतियोगिता कराई जाएंगी। शुभारम्भ के अवसर पर प्रातः 11 बजे एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने, बताया कि मेले में पहले दिन के.के. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना के साथ विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। मेले में दर्शन फर्शवाण, गोविन्द दिगारी, ख़ुशी जोशी, इन्दर आर्या, फ़ौजी ललित मोहन जोशी, चंद्र प्रकाश, माया उपाध्याय, सुरेश प्रसाद सुरीला सरीखे बड़े कलाकारों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। बैठक में बिरेंद्र सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह वल्दिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तिलक जोशी, कृपाल सिंह वल्दिया, गौरव विष्ट, बिक्रम चंद।प्रभु जोशी, अध्यक्ष रामलीला कमेटी शिलिंग शंकर दत्त तिवारी, समाजसेवी प्रकाश जोशी, लोक कवि जनार्दन उप्रेती, सूबेदार मेजर गोविन्द सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान देवदार हर सिंह वल्दिया, सी एम पांडे, महेन्द्र सिंह वल्दिया समेत दर्ज़नों लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी से छेड़छाड़ के विवाद में पति पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरतार

**जन एक्सप्रेस । रुद्रपुर**

सुभाष कॉलोनी वार्ड 29 निवासी एक व्यक्ति पर 19 अक्तूबर की रात कुछ युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। मामला पत्नी से छेड़छाड़ के विवाद से जुड़ा है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस में तहरीर दी, जिसमें बताया कि मोहल्ले का एक व्यक्ति तीन दिन पहले उसकी गैरमौजूदगी में घर में घुसकर पत्नी से छेड़छाड़ कर चुका था। उसकी शिकायत के बाद आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया था, लेकिन जब पीड़ित ई-रिक्शा से चौकी जा रहा था, तभी आरोपी के बेटे सोहिल, अरबाज और अन्य साथियों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसका हाथ टूट गया और सिर पर चोट आई। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर किया गया।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति ने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री से भेंट

- कुलपति ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से भेंट कर विश्वविद्यालय के विकास और दीक्षांत समारोह में आमंत्रण दिया

**जन एक्सप्रेस । पौड़ी**

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीप्रकाश सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति ने विश्व विद्यालय में चल रहे विकास कार्यों, नवनिर्माण परियोजनाओं, अनुसंधान पहल और शैक्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी मंत्री को दी।



कुलपति प्रो. सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को विश्व विद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का सादर आमंत्रण भी दिया। इस पर मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विश्वविद्यालय के आमंत्रण को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की और भविष्य में विश्वविद्यालय के साथ निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। यह मुलाकात अत्यंत सकारात्मक और रचनात्मक रही, जिसमें विश्व विद्यालय के शैक्षणिक उत्थान, नवाचार, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सार्थक चर्चा हुई।

# कर्तव्य के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस जवानों को "पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर उत्तरकाशी पुलिस द्वारा दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी**

"पुलिस स्मृति दिवस" पर मंगलवार वीरवार 21 अक्टूबर को पुलिस लाईन ज्ञानसू उत्तरकाशी स्थित शहीद स्मारक में शहीद हुये पुलिस के जवानों को उत्तरकाशी पुलिस परिवार द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरिता डोबाल, पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी द्वारा शहीद हुये पुलिस के जवानों को याद कर उन्हें, नमन किया गया।

इस दौरान पुलिसअधीक्षक द्वारा शहीद स्मारक पर वीरगति को प्राप्त हुये जवानों को रीत व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिव कुमार सहित उत्तरकाशी पुलिस के अधिकारी



कर्मचारी गणों द्वारा शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। तदोपरान्त शहीद हुये जवानों को सलामी देकर 02 मिनट का मौन धारण किया गया। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जनपद के सभी कोतवाली थाना चौकी पर सम्बन्धित प्रभारियों की मौजूदगी में शहीद जवानों को याद कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। विगत वर्ष देशभर में 186 पुलिस एवं अर्धद्सैनिक बल के जवानों ने कर्तव्य के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसमें उत्तराखण्ड पुलिस के 04 अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं।

# तीन धामों के कपाट बंद होने तक चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या 50 लाख पार होगी



- चारधाम यात्रा 2025 में 21 अप्रैल तक कुल श्रद्धालु: 49.30 लाख से अधिक
- गंगोत्री धाम: कपाट बंद 22 अक्टूबर, मां गंगा की डोली मुखबा के लिए प्रस्थान

**जन एक्सप्रेस । चमोली**

चारधाम यात्रा में 21 अप्रैल तक गंगोत्री, केदारनाथ, यमुनोत्री और बदरीनाथ धामों के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 49.30 लाख से अधिक हो चुकी है। हर दिन बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों का आगमन जारी है और अनुमान है कि तीनों धामों के कपाट बंद होने तक यह आंकड़ा 50 लाख पार कर जाएगा।

गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्टूबर को विधिविधान के साथ बंद होंगे, इसके बाद मां गंगा की डोली मुखबा के शीतकालीन प्रवास स्थल के लिए प्रस्थान करेगी। केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्टूबर को बंद होंगे।

इस साल की चारधाम यात्रा का आगाज 30 अप्रैल 2025 को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने से हुआ था। इसके बाद 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ यात्रा पूर्ण रूप से संचालित हुई।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, यात्रा के अंतिम पड़ाव में धामों में प्रतिदिन 10 से 11 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या इस बार की यात्रा को ऐतिहासिक बना रही है। तीनों धामों के कपाट बंद होने पर श्रद्धालुओं की संख्या 50 लाख पार कर जाने की संभावना है, जिससे चारधाम यात्रा के इस सत्र में रिकॉर्ड दर्ज होने की उम्मीद है।

# सीएम धामी ने गोवर्धन पूजा में गौ माता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित गौशाला में गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौ माता की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की खुश हाली, समृद्धि और जन कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण, मनुष्यों और जानवरों के बीच प्रेम और सह-अस्तित्व का संदेश देती है। यह पर्व हमें हमारी परंपराओं, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बने रहने की प्रेरणा देता है।

सीएम धामी ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है और गौमाता सनातन संस्कृति और कृषि जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी



सेवा और संरक्षण हमारे जीवन को आगे बढ़ाने में मदद करता है। कई परिवारों का भरण-पोषण गाय पालन और गो-सेवा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी से अपील की कि हम मिलकर गायों की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार निराश्रित गोवंश के लिए गौ सदनों के निर्माण और संचालन को बढ़ावा दे रही है। पहले इन निराश्रित पशुओं के भरण-पोषण के लिए 5 रुपए प्रतिदिन प्रति पशु दिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 80 रुपए प्रतिदिन किया गया है।

इसके साथ ही निजी गौशालाओं के निर्माण पर राज्य सरकार 60 फीसदी सब्सिडी प्रदान कर रही है। वर्तमान में राज्य में लगभग 54 गौ सदनों का निर्माण कार्य जारी है। सीएम ने कहा कि आगे भी राज्य सरकार गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी।

# धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा

**जन एक्सप्रेस । बागेश्वर**

गोवर्धन पर्व पर गांवों में गाय की पूजा धूमधाम से की गई। ग्रामीणों ने पकवान बनाए और गायों को चावल के आटे से सने हाथ की छाप लगाई। पशुपालकों ने गौ माता को फूलों की माला पहनाकर आरती उतारी। पंडित गोपाल दत्त जोशी ने बताया कि गोवर्धन पूजा का चलन द्वापर युग से है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, पहले संसार में इंद्र की पूजा होती थी, लेकिन भगवान कृष्ण के कहने पर वृंदावन वासियों ने गाय की पूजा शुरू की। गुस्साए इंद्र ने तेज बारिश से पूरे राज्य को जलमग्न कर दिया, तब श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर लोगों को बचाया। सात दिन बाद इंद्र ने हार मान ली और तब से गोवर्धन पर्वत, गाय और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। गांवों में लोग चावल के आटे का पानी (बिस्वार) बनाकर गायों को लगाते हैं।

# टिहरी डायट को मॉडल डायट बनाने की तैयारी, नवंबर तक डीपीआर तैयार होगी

**जन एक्सप्रेस । नई टिहरी**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नई टिहरी को मॉडल डायट के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू कर दी गई है। इस कार्य के लिए अवस्थापना विकास की जिम्मेदारी पेयजल निगम चंबा को दी गई है। मॉडल डायट बनने से टिहरी में सरकारी शिक्षा के विस्तार और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी की अध्यक्षता में मंगलवार को डायट सभागार में अकादमिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डायट के अकादमिक कार्यों के अलावा मॉडल डायट बनाने के लिए आवश्यक इस्टीमेट तैयार करने पर चर्चा हुई। डीएम नितिका खंडेलवाल ने खुशी जताई कि टिहरी डायट को मॉडल डायट बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। डीएम, एनसीईआरटी निदेशक प्रो. सकलानी सहित अन्य अधिकारियों ने डायट भवन, प्रताप इंटर कॉलेज और आसपास के संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने ऑडिटोरियम और अन्य सुविधाओं के लिए जगह का निरीक्षण किया और भूमि चयन एवं खाली स्थान के उपयोग पर भी ध्यान दिया। निदेशक ने इस परियोजना को प्राथमिकता बताया।

# बुजुर्ग महिला का हत्यारा पुलिस मुठभेड़ में घायल, तमंचे के साथ दबोचा गया आरोपी

जन एक्सप्रेस । आगरा/रुनकता



सिकंदरा थाना क्षेत्र में दिवाली की रात बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाला शातिर आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया था। जानकारी के अनुसार, सोमवार को रुनकता निवासी 70 वर्षीय महिला फिरदौस की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी की पहचान इमरान उर्फ (नोक) के रूप में हुई है, जो महिला का ही पड़ोसी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि दिवाली की रात लगभग 10 बजे खड़वाई चौराहे के पास पुलिस को आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रुनकता चौकी प्रभारी नीलेश शर्मा व उनकी टीम ने मौके पर घेराबंदी कर ली। पुलिस के अनुसार खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, सोमवार दोपहर को बच्चों के मामूली विवाद को लेकर इमरान ने गुस्से में आकर यह जघन्य वारदात की थी। आरोपी ने बुजुर्ग फिरदौस की बेरहमी से हत्या कर दी थी और मृतका की बेटी पर भी हमला करने की कोशिश की थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसके चलते पुलिस कमिश्नरेट में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कई टीमें गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को ट्रेस किया गया। इस मुठभेड़ के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस ने आरोपी को जल्द पकड़कर पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद दी है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हत्या की घटना में कोई और व्यक्ति शामिल था या नहीं। मामले की जांच एसीपी सिकंदरा के पर्यवेक्षण में जारी है।

## महिला से साथ हुई टप्पेबाजी की घटना

जन एक्सप्रेस । आगरा


रिश्तेदार को अस्पताल में देखने जा रही महिला के साथ टप्पेबाजी की घटना हुई। पीड़िता ने थाने में शिकायत कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जगजीवन नगर टेडी बगिया निवासी इंद्रवती पत्नी मुकेश कुमार 80 फुटा रोड स्थित एक अस्पताल में अपने रिश्तेदार को देखने जा रही थी। रास्ते में पता चला रिश्तेदार की अस्पताल से छुट्टी हो गई है। वह पैदल वापस घर के लिए आ रही थी इसी दौरान रास्ते में दो लड़के मिले और उन्होंने उनको बातों में फंसाकर उनसे सोने के कुंडल और चांदी के तोड़िए ले गए। महिला के अनुसार जाते समय दोनों लड़के उनको एक पॉलीथिन दे गए। जब महिला ने उसको खोलकर देखा तो उसमें कागज और एक कपड़े में मिट्टी थी महिला में इसकी जानकारी अपने बेटे राघव को बुलाकर दी। वही इस संबंध में थाना ट्रांस यमुना पुलिस से शिकायत की गई है।

# अमेरिका ने टैरिफ लगाकर भारत को झुकाने की कोशिश की: जगदंबिका पाल

### बोले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सनातन धर्म का अपमान करने बाला दिया बयान

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर में एक निजी प्रतिष्ठान का उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि दीपावली जैसे त्यौहार पर जिस तरह अखिलेश यादव ने कहा कि दीपावली पर दीपक, तेल जलाने से अच्छा है कि क्रिसमस मनाए। सभी धर्म के लोग अपनी अपनी धार्मिक भावनाओं के साथ त्योहार मनाते है, लेकिन अखिलेश यादव द्वारा जिस तरह का बयान दिया गया है, वह सनतान धर्म का अपमान करने वाला है। यह बात उन्होंने दीपू द्विवेदी के आवास पर पत्रकारवार्ता के दौरान कही।

वहीं पर उन्होंने कहा कि जीएसटी की छूट ने दीपावली की खुशियों पर चार चांद लगा दिया है। साथ ही कहा व्यापारियों को इस त्योहार पर खासा मुनाफा हुआ है। रिकार्ड तोड़ बिक्री हुई है। जिस तरह से अमेरिका ने टैरिफ लगाकर भारत को झुकाने की कोशिश की है, लेकिन 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश मजबूती से डटा हुआ है। आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। बिहार चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि वोट चोरी का जिस तरह से आरोप लगाकर राहुल गांधी मुद्दा बनाना चाहते थे लेकिन चुनाव आयोग ने पारदर्शी तरीके से काम किया है। साथ ही उन्होंने राहुल-तेजस्वी गठबंधन को लेकर भी सवाल उठाए। कहा कि बिहार में एनडीए की फिर सरकार बनने जा रही है। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू, दीपू द्विवेदी हरकौती, चौधरी जयकरन सिंह खरूसा, भरत भदौरिया, रामू तिवारी, सोमेंद्र पाल, सभासद अजय निरंजन, नितिन श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश, अन्नू कुशवाहा, आयुष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष सिपाही सहित 6 घायल

जन एक्सप्रेस । उरई

नदीगांव कस्बे के सुभाष तिराहे पर रविवार रात रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद होने लगा। इस दौरान वहां थाने का एक सिपाही विकास चौधरी भी मौजूद था। कुछ देर बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडो से हमला बोल दिया, जिसमें सिपाही सहित छह लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पीएचसी में भर्ती कराया, जहां से सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों में सिपाही विकास चौधरी, अक्षय सिंह उर्फ बबलू, जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू, राजवीर निवासीगण नदीगांव गंधर्व सिंह, रिंकू निवासीगण ग्राम खजुरी, रावतपुरा शामिल है। देर रात पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों पर दबिशें दी जिसमें दो लोगों को हिरासत में लिया गया। जबकि पुलिस ने मौके से दो लाइसेंसी बंदूकें भी बरामद की है। मामले में एसओ शशिकांत चौहान का कहना है दो पक्षो में पुरानी रंजिश को लेकर शराब के नशे में विवाद हुआ है जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला बोला है। जिसमें एक सिपाही सहित आधा दर्जन लोग घायल हुए है। अक्षय सोनी की तहरीर के आधार पर सात नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा उसे बक्सा नहीं जाएगा।

# दीपावली पर जिलाधिकारी ने गौवंश को खिलाया गुड़-चना, दिया स्नेह और सेवा का संदेश

जन एक्सप्रेस । उरई



दीपावली के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज गौशाला पिया निरंजनपुर पहुंचकर वहां संरक्षित 493 गौवंशों को गुड़, चना और केला खिलाकर गो सेवा का प्रेरणादायक संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंश हमारी भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक हैं, इनकी सेवा करना न केवल नैतिक दायित्व है, बल्कि यह एक पुण्य कार्य भी है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौशाला की सफाई, भोजन और चिकित्सा व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे, ताकि किसी भी पशु को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में रखे भूसे, चोकर और चारे-पानी की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया तथा बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा गौवंश संरक्षण और देखभाल के लिए सभी आवश्यक संसाधन प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अवस्थी, खंड विकास अधिकारी तथा पंचायत सचिव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ससुर से हुई कहासुनी के बाद बहू ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । माधौगढ

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर में ससुर से हुई मामूली कहा सुनी के बाद बहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष द्वारा पति ससुर सहित चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में दीपू दोहरे की पत्नी किरन देवी की मंगलवार की सुबह किसी बात को लेकर ससुर मनम से बिबाद हो गया। इसके बाद ससुर व पति गांव में निकल गए। इस दौरान बहू किरन देवी ने कमरे में जाकर पंखे के हुक से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनमे चीख पुकार मच गई, और मुहल्ले के लोग एकत्र हो गए। इस दौरान बहू किरन देवी ने कमरे में जाकर पंखे के हुक से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनमे चीख पुकार मच गई, और मुहल्ले के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर बिकेश बाबू पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचे और उन्होंने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर मिलते ही पहुंचे भिंड जिला के मिहोना निवासी मृतका भाई मंगल सिंह ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति दीपू दोहरे ससुर मनमोहन व सास ननद के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मामले में कोतवाल बिकेश बाबू का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

# बदमाशों ने महिला के साथ छेड़छाड़ कर, छीना मंगलसूत्र घटना केमरे में कैद

जन एक्सप्रेस । उरई



कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम बदमाशों ने महिला के साथ छेड़छाड़कर छीना-झपटी की घटना को अंजाम दे दिया। पूरा मामला करीब में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौनी मंदिर के पास मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे के करीब एक महिला पूजा-अर्चना के लिए मंदिर जा रही थी। तभी रास्ते में तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगे। जब महिला ने विरोध किया, तो बदमाशों ने उसके साथ छीना-झपटी की और गले में पड़ा लाकिट तोड़कर फरार हो गए। इस घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। किसी तरह जान बचाकर भागी महिला ने पुलिस को तहरीर दी। मामले में एएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला महेश्वरी देवी निवासी गोपालगंज द्वारा बताया गया कि मंगलवार देर शाम वह दूध लेने के लिए दुकान पर जा रही थी। ज्यादातर दुकानों के बन्द होने व सूनसान का फायदा उठाकर तीन अज्ञात व्यक्ति झपट्टा मारकर उनके गले से लॉकेट छीनकर कर ले गए। पीड़िता की सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए 2 टीमों का गठन किया गया था। जिसमें कोतवाली पुलिस एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदत से 12 घण्टे के अन्दर घटना में संलिप्त तीनों अभियुक्तों को मय लाकेट के गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दीपावली के दिन युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**उरई।** माधौगढ कस्बे में युवक ने दीपावली की रात में शराब के नशे में घर के अंदर छत के हुंक में साड़ी फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला मालवीय नगर उत्तरी में रामहेतपुरा रोड निवासी रविंद्र कुमार पुत्र रामसनेही दिल्ली में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था, जो दीपावली के त्योहार पर घर आया था। दीपावली के दिन शराब पीने के बाद पत्नी हेमलता से कहासुनी हो गई थी। दीपावली जलने के बाद पत्नी बच्चो के साथ अंदर कमरे में सोने चले गई। इसके बाद रविंद्र ने बाहर कमरे में छत के हुंक से साड़ी बांध कर खुदखुशी कर ली। मंगलवार को सुवह जब परिजन काम करने के लिए उठे कमरे में शव को टगा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फील्डयूनिट टीम ने शव को नीचे उतार कर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में कोतवाल बिकेश बाबू का कहना है कि खुदकुशी करने की सूचना पर फील्डयूनिट को भी बुलाया गया है और युवक ने यह कदम क्यों उठाया इसका पता लगाया जा रहा है।

# शहीद पार्क निर्माण में लापरवाही पर डीएम सख्त, ठेकेदार पर कारवाई के निर्देश



जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज नगर पालिका उरई द्वारा बनाए जा रहे शहीद पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य में मंद गति और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध एलडी क्लॉज लगाकर कटौती की जाए, ताकि शासन के निर्देशों के अनुरूप जवाबदेही तय हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पार्क का कार्य शीघ्रता के साथ पूर्ण किया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की प्रगति की नियमित निगरानी करें और तय समयसीमा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत, आर्किटेक्ट आदि उपस्थित रहे।

## कालपी हाइवे पर ई रिक्शा पलटने से किशोर की मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के फोरलेन बाईपास हाईवे तिराहे पर ई रिक्शा पलटने से किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उसरगांव निवासी शनु 11 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बबलू उसरगांव से ई रिक्शा में बैठकर के कालपीआ रहा था। इस दौरान कालपी बाईपास फोर लेंन हाईवे अमलतास तिराहे पर असंतुलित होकर ई रिक्शा पलट गया, और इस दुर्घटना में किशोर की मौत हो गई। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और सूचना मिलते ही क्षेत्रिय चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। नगर के मोहल्ला काशी खेड़ा निवासी धर्मेंद्र 30 अपने परिवार व बच्चों के साथ घर में रहता था। बताते हैं कि मामूली अनबन होने के कारण वह घर से निकल गया और कालपी - आटा रेलवे ट्रैक में जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर ज्ञान भारती पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार व दीवान रणजीत सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो है।

# वाहन की रोशनी पड़ने से बाइक सहित नहर में गिरे दो चचेरे भाइयों की डूबकर मौत

जन एक्सप्रेस । जालौन

कोतवाली क्षेत्र में वाहन की तेज रोशनी पड़ने से बाइक पर सवार दो चचेरे भाई बाइक सहित नारायणपुरा नहर में गिर गए। जिसमें गहरी होने के कारण दोनों की डूबकर मौत हो गई। जालौन रोड पर ग्राम नारायणपुरा नहर की रेलिंग टूटी हुई थी। इस दौरान सामने से आ रहे वाहन की रोशनी जब बाइक सवारों के आंखों पर पड़ी तो दोनों बाइक समेत नहर में जा गिरे। नहर की गहराई अधिक होने से दोनों युवक डूब गए। रात के समय कुछ लोगों ने उन्हें गिरता देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। इस पर कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने मौके पर पहुंचकर उनकी खोजबीन कराई। इसके बाद दोनों को बाहर निकाला गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। रात के समय उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बुधवार की सुबह दोनों के शवों की शिनाख्त एट थाना क्षेत्र के ग्राम अमीटा निवासी 24 वर्षीय शिवम कुशवाहा पुत्र धर्मजीत व 22 वर्षीय विपिन कुशवाहा पुत्र धनीराम के रूप में हुई जो कि चचेरे भाई हैं। मंगलवार की रात दोनों बाइक से गांव से अपने जीजा अन्नू कुशवाहा निवासी ग्राम दहगुवां कोतवाली जालौन के यहां जा रहे थे। सूचना के बाद घर में चीख पुकार मची है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लि भेज दिया है।

# भक्तों ने उठाई गोरखगिरि को नशामुक्त तीर्थ बनाने की मांग

- कार्तिक अमावस्या पर गोरखगिरि परिक्रमा लगाने के बाद भक्तों ने बढ़ती नशाखोरी पर जताई चिंता

जन एक्सप्रेस । महोबा




कार्तिक अमावस्या पर भक्तों ने चित्रकूट के कामदगिरि की तरह धार्मिक आस्था के केन्द्र गोरखगिरि पर्वत की 5 किलोमीटर लंबी परिक्रमा लगाई और स्वस्थ बुंदेलखंड, समृद्ध बुंदेलखंड बनाने के लिए प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने गोरखगिरि तीर्थ क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी को रोकने के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि गोरखगिरि तीर्थ क्षेत्र नं केवल जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बेहद नजदीक है बल्कि यहां हो रहे विकास कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल हैं। गोरखगिरि के प्रति लोग कामदगिरि जैसा श्रद्धा भाव रखते हैं लेकिन गोरखगिरि का ज्यादातर क्षेत्र शाम होते ही नशाखोरी का अड्डा बन जाता है। सुबह जब भक्त वहां पहुंचते हैं तो शराब की टूटी बोतलें, पाऊच और खाने-पीने का सामान जगह-जगह बिखरा मिलता है। जिसको लेकर भक्तों में भारी आक्रोश है। शाम के वक्त यहां जब तक नियमित पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होगी, नशाखोरी पर अंकुश लगना संभव नहीं।

परिक्रमा सुबह शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई और ओम नमः शिवाय जाप के साथ पठवा के हनुमान जी, महावीरन, केदारेश्वर महादेव, संकरे सन्या, काली माता, शनिदेव, राम दरबार, छोटी चंडिका, नाग देवता मंदिर, बालाजी हनुमान व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव मंदिर पर संपन्न हुई।

इस मौके पर सिद्धे सेन, ग्यासी कोस्टा, मनीष जैदका, महेन्द्र, प्रेम, प्रवीण चौरसिया, अवधेश गुप्ता, नीरज पुरवार, जागेश्वर, चंद्रकांत, संदीप, दीपू सोनी, गुमान अनुरागी, राजकुमार चंसौरिया व नरेन्द्र समेत तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# बाबा की निशान यात्रा पर बरसे फूल, खाटू वाले श्याम के में रंगी ताजनगरी

जन एक्सप्रेस । आगरा

हाथों में निशान जुबां पर जय श्री श्याम के साथ हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के गूंजते जयघोष के बीच आगरा नगरी खाटू वाले श्याम के रंग में रंग गई। कलकत्ता के श्रृंगार और सेब, चीकू, केले, अनार, आम के फलों से सजी श्याम बाबा की सवारी चली तो शंखनाद पर अलौकिक रूप में सजे खाटूश्याम जी की आरती की गई, हर भक्त के हाथ भगवान के अभिवादन में ऊपर उठ गए। हाथों में बड़े-बड़े निशान लेकर श्याम भक्त निकले तो सभी श्याम का नाम गाते नजर आए। कुछ ऐसा ही अलौकिक और मनमोहक दृश्य था श्री श्याम आस्था परिवार खाटूधाम की ओर से रावतपाड़ा स्थित श्री मनस्कामेश्वर मंदिर से निकाली गयी आमंत्रण यात्रा का। 13वें वार्षिक उत्सव पर 24 अक्टूबर को लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में श्री श्याम तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले श्री श्याम अखाड़ा (अखंड कीर्तन) के लिए निशान यात्रा निकाल सभी भक्तों को निमंत्रण दिया गया। यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, संरक्षक वीरेंद्र मेढ़तवाल और वंदना मेढ़तवाल ने हरी झंडी दिखाकर कर किया। अध्यक्ष दिव्य मेढ़तवाल (शुभम) ने बताया कि निशान यात्रा का रावतपाड़ा से शुरू होकर दरेसी, कचहरी घाट, पथवारी, बेलनगंज होते हुए जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। खाटू श्याम के डोले का जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। श्याम नाम की मेहंदी आज (गुरुवार) को सायं सात बजे शाहगंज स्थित शारदा भवन पर आयोजित होगी।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

■ सफाई में लापरवाही पर जताई नाराजगी, संबंधित फर्म पर जुर्माना लगाने को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीज अर्चना गुप्ता निवासी गौनरिया बाबू से बातचीत करते हुए उन्होंने दवा की ग़ैर-आधिकारिक पर्ची देख कड़ी नाराज़गी जताई। जिलाधिकारी ने चिकित्सक को सख्त निर्देश दिए कि मरीजों को केवल अस्पताल की आधिकारिक पर्ची पर ही दवाएं दी जाएं तथा किसी भी दशा में बाहर की दवा न लिखी जाए। यदि अस्पताल में दवा उपलब्ध न हो तो जनऔषधि केंद्र से दवा उपलब्ध कराई जाए।

डीएम के निरीक्षण के दौरान बेडशीट गंदी और सफाई व्यवस्था लचर मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित फर्म पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाईकर्मियों को मास्क और दस्ताने का प्रयोग करने तथा अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने की हिदायत दी। इसके बाद जिलाधिकारी ने डायलिसिस केंद्र का निरीक्षण किया, जहां 11 मरीजों का डायलिसिस चल रहा था। उन्होंने प्रक्रिया, रोगियों की सूचीकरण प्रणाली और दवा उपलब्धता की जानकारी ली। फार्मेसी की जांच के दौरान उन्होंने दवाओं की वैधता अवधि, स्टॉक पंजिका और वितरण रजिस्टर की जांच की और स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी दवा एक्सपायर न हो तथा समाप्त होने वाली दवाओं की मांग समय रहते कर ली जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एआरटी सेंटर में जाकर एचआईवी/एड्स मरीजों से संवाद किया और उनका उत्साह बढ़ाया। इसके अलावा सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, बाल रोग वार्ड और पुरानी इमरजेंसी का भी निरीक्षण किया। बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा उस समय 11 बच्चों की जांच की जा रही थी। अधिकांश मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में बेहद जरूरतमंद लोग आते हैं। इसलिए चिकित्सक और अन्य लोग इनको समुचित इलाज उपलब्ध कराने हेतु अपना सर्वोत्कृष्ट दें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल जरूरतमंदों के लिए उत्कृष्ट और सस्ते इलाज का केंद्र। इसलिए सभी लोगों की जिम्मेदारी और भी ज्यादा है।

इस दौरान निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, सीएमएस डॉ. ए.के. द्विवेदी, डॉ. ए.बी. त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चाय-समोसा के पैसे मांगने पर दुकानदार पर किया हमला, मुकदमा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की नगर कोतवाली अंतर्गत होण्डा एजेंसी के पास चाय-समोसा की दुकान पर एक ट्रक चालक और उसके दो अज्ञात साथी आये और चाय-समोसा खाने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगे। जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो तीनों ने उस पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमला करने के बाद वे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये। मारपीट की सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई करने के साथ ही तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये आरोपी मो. फरमान, उस्मान और सोहेल त्यागी मुजफ्फरनगर के कुटेसरा थाना चरथावल के निवासी हैं। नगर कोतवाल ने बताया कि दुकानदार द्वारा पैसे मांगने पर आरोपियों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक ट्रक को बरामद करते हुए उसे धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर दिया गया।

# जमीनी विवाद में अधेड़ की हत्या, सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज



पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सौरहा में जमीनी विवाद में हुए खूनी संघर्ष में 60 वर्षीय हरिराम यादव पुत्र स्व. चिरकुट की हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ बीएनएस धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश में पुलिस की तीन टीमें दबिश दे रही हैं। मृतक के भतीजे नागेंद्र यादव पुत्र स्व. राजाराम यादव, निवासी ग्राम सौरहा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनके पट्टीदार उपेंद्र कुमार, चंद्रकेश, वीरेंद्र (तीनों पुत्र स्व. नंदलाल), सचिन पुत्र चंद्रकेश, आशा देवी पत्नी चंद्रकेश, शीला देवी पत्नी वीरेंद्र और जितेंद्र (चेन्नई निवासी) से काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा था। आरोप है कि उपेंद्र और उसके परिजन अक्सर जान से मारने की धमकी देते थे। जितेंद्र चेन्नई से फोन कर अपने भाइयों को हत्या के लिए उकसाता था। बताया गया कि घटना सोमवार सुबह करीब 7 बजे की है। नागेंद्र यादव के चाचा हरिराम अपने खेत की ओर गए थे, तभी सभी आरोपी लाठी-डंडा और भाला लेकर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए हरिराम भागकर घर की ओर आए, लेकिन आरोपी घर में घुस गए और बेरहमी से मारपीट करते हुए उन्हें बाहर खींच लाए। इसी दौरान उपेंद्र ने भाले से वार कर दिया, जिससे हरिराम गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और ग्रामीण उन्हें गांगी बाजार स्थित डॉक्टर मनोज चौधरी के क्लिनिक ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा 190, 191(2), 191(3), 103(1), 351(3), 352, 333, 115(2) बीएनएस 2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने वीरेंद्र और चंद्रकेश पुत्र स्व. नंदलाल को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में तीन टीमें गठित कर दी गई हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर ली जाएगी।

# जिलाधिकारी ने किया गोवर्धन पूजन, गोवंशों को खिलाया केला-गुड़

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने महापर्व गोवर्धन पूजा के अवसर पर बुधवार को घुघुली ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा परसौनी बुजुर्ग स्थित गोसदन में पहुंचकर विधिवत गोवर्धन पूजन किया है। पूजन के पश्चात जिलाधिकारी ने गोवंशों को केला, गुड़ और गेहूं खिलाकर उनके कुशलक्षेम की कामना की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूसा, चोकर एवं पशु आहार की गुणवत्ता देखी। उन्होंने बताया कि सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं मिली। गोसदन में कुल 63 गोवंश संरक्षित हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि गोसदन में सभी गोवंशों का ईयर टैगिंग और टीकाकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने गोशाला में पूजा-अर्चना की और गोवंशों को प्रसाद स्वरूप गुड़, चना व केला खिलाया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश जायसवाल, नायब तहसीलदार देश दीपक तिवारी, पूर्व प्रतिनिधि भरत शुक्ला, प्रधान संघ मण्डल अध्यक्ष विजय मिश्रा, ग्राम प्रधान अविनाश ऊर्फ बंटी, ग्राम सचिव तृप्ति जायसवाल, बैजनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जेल में दीवाली: कारागार में बंदियों ने हर्षोल्लास से मनाया त्योहार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जेल में बंदियों ने दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं पारम्परिक तरीके से मनाया। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया है कि दीपावली के त्योहार हर्ष एवं उत्साह से मनाने के लिए समुचति व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी ताकि चाहरदीवारी के अन्दर रहते हुए भी अपनों से दूर रहने का एहसास कम से कम हो। प्रत्येक बैरक के लिए मिट्टी के लगभग दो हजार दीये की व्यवस्था करायी गयी। बंदियों द्वारा प्रत्येक अहाते में रंग बिरंगी रंगोली बनायी गयी तथा अहातों को दीप व मोमबत्तियों से रौशन किया, जिसमें कारागार के सभी बंदियों ने भाग लिया। बंदियों में मिष्ठान वितरित करने के साथ ही बाल कारागार में बंदियों को भी मिष्ठान वितरित किया गया। जेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बंदियों के साथ मिलकर दीपावली का त्योहार बड़े उत्साह के साथ मानाया गया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले पूर्व सांसद प्रतिनिधि महराजगंज के विकास की दिशा में एक और अहम पहल

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद महराजगंज के विकास की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूर्व सांसद प्रतिनिधि काशीनाथ सिंह ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। जिले की जमीनी समस्याओं और जनता की अपेक्षाओं को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार और बुनियादी ढांचे से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और जनपद में तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।

काशीनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री से हुई इस मुलाकात को बेहद सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने महराजगंज के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया है और कहा है कि जिले के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा या कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में सड़क और सिंचाई तंत्र को मजबूत करने, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने पर बल दिया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि काशीनाथ सिंह ने कहा कि जनता की खुशहाली और क्षेत्र की तरक्की ही उनका सबसे बड़ा संकल्प है। उन्होंने कहा, जनता की आवाज को मुख्यमंत्री तक पहुंचाना मेरा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि सौभाग्य भी है। जब जनता की समस्याओं का समाधान सरकार के स्तर पर होता है, तो एक जनसेवक के रूप में वही सबसे बड़ी संतुष्टि होती है। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री ने जिले की कई विकास परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट मंगाई है और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरे किए जाएं।

इस मुलाकात के दौरान उनके साथ आनंद पाण्डेय, संजय जायसवाल और सनी निषाद भी मौजूद रहे। तीनों ने भी मुख्यमंत्री से जनपद की प्राथमिक आवश्यकताओं से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए और शासन-प्रशासन से क्षेत्रीय विकास में और अधिक तेजी लाने की मांग की।

स्थानीय लोगों ने काशीनाथ सिंह की इस सक्रिय पहल की खुलकर सराहना की। लोगों का कहना है कि वे लगातार जनता के बीच रहकर समस्याओं को सुनते हैं और समाधान के लिए शासन स्तर तक आवाज उठाते हैं। कई लोगों ने कहा कि काशीनाथ सिंह जैसे जनसेवक ही वास्तव में जनता और सरकार के बीच की सच्ची कड़ी हैं, जो आम नागरिकों की भावनाओं को शासन तक पहुंचाकर विकास की नई धारा बहाने का कार्य कर रहे हैं।

महराजगंज की जनता को अब उनसे गहरी उम्मीदें हैं। लोग विश्वास जता रहे हैं कि उनके प्रयासों से जिले में तेज, पारदर्शी और परिणाममुखी विकास देखने को मिलेगा।

# डीएम-एसपी ने किया मां लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण, दिए सुरक्षा के निर्देश

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बुधवार को मां लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के अवसर पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पनियरा ब्लॉक अंतर्गत झरही नाला पुल, बरहवा नर्सरी और भौराबरी पुल के पास रोहिन नदी तट पर पहुंचकर विसर्जन स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए नदी में गहरे पानी में किसी को भी जाने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचाव के लिए नदी किनारे बांस के खंभे और रस्सी से बैरिकेडिंग की जाए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित दूरी पर रहकर पूजा और विसर्जन कर सकें। अधिकारियों ने क्षेत्र में लगाए गए पुलिस बल, गोताखोर दल, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की भी समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को सतर्क रहने और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान पनियरा थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, मुजुरी चौकी इंचार्ज मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कर सकें।

पुलिस अधीक्षक ने भी लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें।

## प्रतापगढ़: जमीनी विवाद में हुई मारपीट, एक की हालत गम्भीर

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जनपद के कोहंडौर थाना इलाके में मंगलवार सुबह दो पक्षों में जमीनी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कोहड़ौर थाना क्षेत्र के परसरामपुर गांव में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। गम्भीर रूप से घायल सुभाष दूबे की पत्नी आराधना दूबे ने थाने पर तहरीर देते हुए ये आरोप लगाया है कि उसके पट्टीदार राजेन्द्र प्रसाद, विनोद कुमार, मनोज कुमार व हिमांशु उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी डंडे व लकड़ी की पटरी लेकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। सूचना के बाद डायल-112 मौके पर पहुंची। मारपीट में सुभाष दूबे गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन लेकर सीएचसी कोहड़ौर गये।

# प्रतिभा का समानः विधायक ने युवा क्रिकेटर शिवम यादव को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



थाईलैंड देश के पटाया स्टेडियम में ञ10 क्रिकेट सीरीज़ का फाइनल मैच जीतकर लौटे शिवम यादव का बुधवार को सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने गांव में आयोजित सम्मान समारोह में माल्यर्पण करने के साथ ही अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। ये मैच टीम इंडियन लायंस और थंडर बफैलो के बीच पटाया स्टेडियम में खेला गया था। जिसमें इंडियन लायन्स टीम विजयी हुई थी। जीत के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में सैकड़ों की संख्या में सम्मानित लोगों ने भी माला पहनाकर शिवम यादव का स्वागत किया।

जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के सतेवर (सहाईपुर) गांव के युवा क्रिकेटर शिवम यादव ने अपनी लगन और मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बनाई है। शिवम यादव हाल ही में थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टी टेन क्रिकेट सीरीज़ का फाइनल जीतकर लौटे हैं। स्थानीय स्तर से अपने खेल के सफर की शुरुआत करने वाले शिवम यादव आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड तक पहुँचे हैं। यह न सिर्फ उनके लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह साबित किया है कि अगर जुनून और लगन हो, तो गांव की मिट्टी से निकला हुआ युवा भी दुनिया के किसी भी कोने में अपनी पहचान बना सकता है। शिवम ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे उनके पिता सन्तोष यादव व मैनेजर रोहित चौहान (विंग स्पोर्ट्स मैन) का अहम योगदान है। कार्यक्रम में रंगबहादुर सिंह, फौजी काका, राजेश जायसवाल, राहुल सिंह , अजय यादव, राधेश्याम, संजय, अजय सिंह, राकेश यादव, अनिल, प्रवीण व टिंकू यादव, जय सिंह, गुड्डु सिंह, रामबहादुर पटेल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रधान प्रतिनिधि पर युवक को पीटने व जान से मारने की धमकी का आरोप

### इनरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ वीडियो

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज

पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम देवीपुर में चुनावी रंजिश को लेकर बुधवार की रात एक युवक की पिटाई और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि युवक को गाली-गलौज और मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम देवीपुर बड़ा टोला निवासी शैलेश चौहान पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ चौहान ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह 21 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे अपने खेत में धान की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वहां पहुंचे और चुनावी रंजिश को लेकर उसे मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब शैलेश ने विरोध किया वह उसे जान से मारने की धमकी दी और असलहा निकाल लिया। शैलेश का कहना है कि जब उसने वीडियो बनाने के लिए मोबाइल निकाला, तो प्रधान प्रतिनिधि ने असलहा वाहन में रखकर लाठी-डंडा निकाल लिया और उस पर हमला कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर भागा तो प्रधान प्रतिनिधि ने चारपहिया वाहन से उसे कुचलने की कोशिश की। बाद में युवक की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि इसके बाद प्रधान प्रतिनिधि युवक के घर पहुंचे और उसकी मां देवनंदनी देवी के साथ मारपीट करते हुए अपशब्द कहे। मामले की सूचना पर आसपास के ग्रामीण जुट गए, जिसके बाद प्रधान प्रतिनिधि मौके से फरार हो गए। इस पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वहीं, इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि युवक द्वारा पहले उनकी मां-बहन को गालियां दी जा रही थीं, जिससे आवेश में आकर उन्होंने प्रतिक्रिया दी। इस संबंध में थाना अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है प्रधान प्रतिनिधि को हिरासत में लिया गया है मामले मे जांच-पड़ताल की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पटाखा जलाने को लेकर हुए विवाद में सात नामजद व 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले के कंधई थाना इलाके के तेरहमील चौराहे पर मंगलवार बीती रात पटाखा जलाने को लेकर शुरू हुई मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गयी। थाना क्षेत्र के बनी ग्राम प्रधान ने थाने पर तहरीर देते हुए ये आरोप लगाया है कि मंगलवार रात तेरहमील चौराहे पर एक लड़का पटाखे जला रहा था तभी कुछ लोग हाँथ में लाठी डंडा लेकर आये और लड़के से गाली गलौज करने के साथ ही पटाखा जलाने को मना किया। इस दौरान मेरा भाई अभयराज यादव आया और गाली देने से मना किया। जिसके बाद दर्जनभर से ज्यादा की संख्या में इकट्ठा लोग मेरे भाई के साथ जमकर मारपीट की जिसमें मेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# रफ्तार का कहर: अनियंत्रित कार ने दो बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

### एक घण्टे के भीतर हुए दूसरे हादसे में बाइकसवार ने युवक को मारी टक्कर, दोनों घायल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ जिले में रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत घण्टे भर के भीतर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत जबकि चार घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज। पहली दुर्घटना जिले के रानीगंज थाना इलाके में लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर मंगलवार रात लगभग साढ़े नौ बजे हुई। जिसमें एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। कुछ ही देर बाद हुए दूसरे सड़क हादसे में बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी जिसमें सड़क पर गिरकर दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात लगभग साढ़े नौ बजे सतीश कुमार सोनी अपनी बाइक लेकर राजमार्ग किनारे खड़ा था। उसी दौरान सामने से एक बाइक पर प्रिंस और घनश्याम गुजर रहे थे। तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को निजी वाहनों से रानीगंज ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने सतीश कुमार सोनी को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही सतीश के ससुराल पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। घायल प्रिंस और घनश्याम की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पाकर रानीगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा टक्कर मारने वाली कार को कब्जे में लेने के साथ ही अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घण्टे भर के अंदर ही हुए एक दूसरे हादसे में थाना क्षेत्र के लिलहा के पास एक तेज रफ्तार बाइकसवार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी जिसमें बाइकसवार और पैदल यात्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को रानीगंज ट्रामा सेन्टर पहुंचाया। वहां से दानिश की नाजुक हालत को देखते हुए उसे प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दीपचंद का इलाज प्रतापगढ़ ट्रामा सेंटर में चल रहा है।



# महेश बाबू ने फिल्म जटाधारा का ट्रेलर लॉन्च किया

## सोनाक्षी धन पिशाचनी तो शिल्पा शिरोडकर बनीं लालची औरत



महेश बाबू ने फिल्म जटाधारा का ट्रेलर लॉन्च किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, सुधीर बाबू, दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर अहम भूमिका में हैं। भूत-पिशाच, काला जादू और लालच से भरी ये फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी। तेलुगू एक्टर महेश बाबू ने अपकमिंग फिल्म जटाधारा का ट्रेलर डिजिटली लॉन्च किया। वेंकट कल्याण की डायरेक्टेड इस थ्रिलर मूवी में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं। वहीं, दिव्या खोसला और शिल्पा शिरोडकर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो वो दर्शकों एक अलग दुनिया से रूबरू करवाता है। साथ ही एक ऐसी कहानी की झलक मिलती है जहां काला जादू एक शक्तिशाली शक्ति है। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा धन पिशाचिनी का किरदार निभा रही हैं, जो सोने के आभूषणों से लदी हुई हैं। मूवी की कहानी भी पिशाचिनी की इर्द-गिर्द धूमती है, जो सदियों से एक सोने के खजाने की रखवाली करती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, खजाने की खोज से शुरू हुआ सफर खतरों, श्रापों से भरे एक सफल में बदल जाता है। शिल्पा शिरोडकर एक लालची महिला के रूप में नजर आती हैं तो सुधीर बाबू भूत-प्रेत में भरोसा न करने वाले किरदार को निभाते दिखते हैं। घोस्ट हंटर बनकर वह सोनाक्षी के किरदार से पंगा ले लेते हैं। फिर जो होता है वो फिल्म के रिलीज पर ही पता चलेगा।

### फिल्म जटाधारा की रिलीज डेट

डायरेक्टर ने इस फिल्म के जरिए पुरानी परंपराओं को दिखाने का प्रयास किया है। जटाधारा जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के निर्माता उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा हैं, जबकि अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा सह-निर्माता हैं। टीम में क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भाविनी गोस्वामी भी शामिल हैं। संगीत और साउंडस्केप जी म्यूजिक कंपनी द्वारा क्यूरेट किया गया है।



# मैडॉक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में अनीत पड्डा की एंट्री


यशराज फिल्म्स की सैयारा में अनीत पड्डा ने लीड रोल अदा किया। इस फिल्म ने उनके करियर को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। अब उनकी एंट्री मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में हो गई है। दरअसल, आज मैडॉक की थामा थिएटर्स में रिलीज हो गई है। फिल्म के आखिर में मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल अदा करेंगी।
मैडॉक फिल्म्स ने थामा की स्क्रीनिंग के दौरान शक्ति शालिनी का आधिकारिक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई है। साथ ही साफ कर दिया कि फिल्म में सैयारा फेम अनीत पड्डा लीड रोल करेंगी। पहली फिल्म में कियारा आडवाणी यह रोल अदा करने वाली थीं। मगर, अब अनीत की झोली में यह किरदार आ गिरा है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म शक्ति शालिनी अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। साझा किए गए वीडियो में या देवी सर्वभूतेषु मंत्र सुनाई दे रहा है। इसके साथ स्क्रीन पर लिखा है, रक्षक, विध्वंसक, सभी की मां। आगे लिखा है, शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा।

### अनीत के फैंस ने जताई खुशी

शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा की एंट्री पर उनके फैंस काफी खुश हैं। नेटिजन्स अनीत को बधाई दे रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, उम्मीद है कि यह फिल्म शानदार साबित होगी। बात करें फिल्म थामा की तो इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। इसमें आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे सितारे हैं।



# अभिनेत्री पवित्रा पुनिया को फिर मिला प्यार!

लव यू जिंदगी और बालवीर रिटर्न्स जैसे धारावाहिकों में बेहतरीन अभिनय करने वाली अभिनेत्री पवित्रा पुनिया ने हाल ही में बताया है कि उन्हें फिर से प्यार मिल गया है। वह इस साल अपने नए परिवार के साथ दिवाली मना रही हैं। सितंबर 2024 में अभिनेत्री का अभिनेता एजाज खान से ब्रेकअप हो गया था। पुनिया का नया साथी मनोरंजन जगत से नहीं है। दोनों पिछले कुछ समय से एक-दूसरे के साथ हैं।

### पवित्रा को फिर से मिला प्यार

पुनिया ने अपने रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हां, मुझे फिर से प्यार मिल गया है और इस साल दिवाली मेरे लिए और भी खास है क्योंकि मैं इसे अपने नए परिवार के साथ मना रही हूं। इससे पहले वह अपने परिवार के साथ भारत में दिवाली मनाती थीं।

### अमेरिकी कारोबारी हैं पवित्रा के पार्टनर

39 साल की अभिनेत्री ने बताया कि उनके पार्टनर अमेरिका में रहते हैं और वह कारोबारी हैं। उन्होंने बताया वह अमेरिका के एक बिजनेसमैन हैं, कोई एक्टर नहीं। वह एक बेहतरीन इंसान हैं और दयालु हैं। हम पिछले कुछ समय से एक-दूसरे के साथ अच्छे रिश्ते में हैं। हमें यह सही लगता है।

### विदेश में साथ रहना चाहती हैं पवित्रा

अपने रिश्ते के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए पुनिया ने कहा अपने माता-पिता और प्रियजनों के आस-पास न होना, घर को न सजाना, साथ में पूजा न करना अजीब लगेगा। हालांकि मैं अपने जीवन के इस नए चरण को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह एक बड़ा बदलाव है और मैं खुले दिल से इसे अपना रही हूं। पवित्रा पुनिया ने अपने परिवार से दूर दिवाली मनाने के बारे मिलीजुली प्रतिक्रिया दी।



# दिल्ली क्राइम 3 में अपने रोल पर बोलीं हुमा कुरैशी

शेफाली शाह की अदाकारी वाली मशहूर सीरीज दिल्ली क्राइन 3 का टीजर रिलीज हो गया है। इसके साथ यह भी एलान हो गया है कि यह सीरीज कब रिलीज होगी। इस बार इसमें नया खुलासा होने वाला है। इस सीजन में मेकर्स ने कई नए चेहरों को भी जोड़ा है। तनुज चोपड़ा ने दिल्ली क्राइम सीजन 3 का निर्देशन किया है। इसमें रसिका दुग्गल (नीति सिंह के रूप में), राजेश तैलंग (भूपेंद्र सिंह के रूप में), जया भट्टाचार्य (विमला भारद्वाज के रूप में) और अनुराग अरोड़ा (जयराज सिंह के रूप में) भी हैं। कलाकारों में हुमा कुरेशी, सयानी गुप्ता, मीता वशिष्ठ, केली दोरजी और अंशुमान पुष्कर शामिल हैं। सीरीज 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।


### हुमा कुरैशी को पसंद आया अपना रोल

मीना के रूप में फ्रैंचाइजी में शामिल होने वाली हुमा कुरैशी ने कहा मीना जैसी एक नकारात्मक भूमिका निभाना एक शक्तिशाली लेकिन बेचैन करने वाला अनुभव था। वह आघात से ग्रस्त है, फिर भी उसका नियंत्रण बहुत ज्यादा है। वह एक ऐसी महिला है जो पीड़ित और अपराधी दोनों है। दिल्ली क्राइम की ईमानदारी मुझे आकर्षित करती है। यह कभी भी महिमामंडन या सनसनीखेज नहीं बनाती। यह हमें उन असहज सच्चाइयों का सामना करने के लिए मजबूर करती है जो अक्सर साफ नजर आती हैं।

### दिल्ली क्राइम के सभी सीजन के बारे में

आपको बता दें कि दिल्ली क्राइम सीरीज एक वेब सीरीज है। इस सीरीज के दो सीजन पहले ही रिलीज हो चुके हैं। पहला सीजन 2019 में रिलीज हुआ था। यह 2012 के दिल्ली गैंग रेप पर आधारित था। दूसरा सीजन 2022 में रिलीज हुआ था, जो कि चड्ढी बनियान गैंग पर आधारित था। इसका तीसरा सीजन मानव तस्करी पर आधारित होगा।

# फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर को मिली 40 करोड़ की फीस?



साल 2023 में शाहिद कपूर ने ब्लैक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज फर्जी से ओटीटी पर डेब्यू किया था। द फैमिली मैन फेम राज और डीके के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इसे फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में 10 नॉमिनेशन मिले थे। जबकि ऑरमैक्स के मुताबिक, यह उस साल की सबसे अधिक देखी जाने वाली वेब सीरीज थी, जिसे 37 मिलियन दर्शकों ने देखा था। अब खबर है कि मेकर्स ने फर्जी सीजन 2 की तैयारी शुरू कर दी है। कहानी लिखी जा रही है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। लेकिन सबसे बड़ा दावा फर्जी 2 में शाहिद कपूर की फीस को लेकर किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक्टर को उनके करियर का अब तक की सबसे अधिक फीस ऑफर की गई है।
फर्जी 2 की सुगबुगाहट के साथ ही कई तरह के कयास भी लगने शुरू हो गए हैं। पहले सीजन में शाहिद कपूर के साथ विजय सेतुपति, के के मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा नजर आए थे। नकली नोट के गोरखधंधे पर बनी इस सीरीज में एक बार फिर से इन कलाकारों की वापसी के संकेत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शाहिद इस शो के लिए 40 करोड़ रुपये की फीस ले रहे हैं। जी हां, यह वाकई चौंकाने वाली रकम है, क्योंकि आम तौर पर वह एक फिल्म के लिए कथित तौर पर वह 25 से 30 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, शाहिद कपूर अगले साल जनवरी 2026 से फर्जी सीजन 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अभी सीरीज की कहानी लिखी जा रही है।



# अब स्टार पावर पहले जैसी नहीं रही

## ओटीटी के कारण यह बदलाव आया है

**करीब एक दशक बाद गीता बसरा ने पंजाबी 'मेहर' के साथ कमबैक किया है। फिल्मों तक ही सीमित न रहकर वह अब अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ टॉक शो की होस्टिंग भी कर रही हैं। हाल ही में अपने कई की नई पारी को लेकर गीता बसरा ने बातचीत की।**

**आपकी कमबैक पंजाबी फिल्म 'मेहर' को ऑडियंस से प्यार मिला, लेकिन बॉक्स ऑफिस के आंकड़े उतने अच्छे नहीं रहे। इसे लेकर आप कैसा महसूस कर रही हैं?**

लोगों ने फिल्म को बहुत प्यार दिया। यह एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें इमोशन, रोमांस और ड्रामा सब कुछ है। बॉक्स ऑफिस के आंकड़े दर्शकों के प्यार के बराबर नहीं थे। दरअसल, हम फिल्म को उस समय रिलीज कर रहे थे जब पंजाब में माहौल ठीक नहीं था। हमें पता था कि यह सही समय नहीं था। लेकिन मेरी नजर में फिल्म शानदार थी। मेरे कमबैक के लिए इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता था।

**आप इंडस्ट्री में लगभग एक दशक से हैं। क्या आपने जान-बूझकर कम काम करने का फैसला किया था?**

ये चॉइस का मामला नहीं था, जिंदगी के अलग-अलग चैप्टर्स होते हैं। कभी-कभी कुछ चीजें ज्यादा अहम होती हैं। मेरे लिए मेरी फैमिली सबसे पहले थी। मेरे बच्चे छोटे थे। शादी के बाद मेरा ध्यान परिवार पर था। अब जब बच्चे बड़े हो गए हैं, तो मुझे अपने लिए ज्यादा वक्त मिलता है। अब मैं अपने जुनून के लिए काम कर रही हूं, इस प्रोसेस का मजा ले रही हूं। मैं सिर्फ आंकड़ों का पीछा नहीं कर रही। वैसे शादी से पहले फिल्म इंडस्ट्री महिलाओं के लिए सपोर्टिव नहीं थी लेकिन मैं मानती हूं, जो हुआ अच्छा हुआ।

**अब आप हरभजन सिंह के साथ टॉक शो की मेजबानी कर रही हैं। यह अनुभव कैसा है?**

शो होस्ट करना मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव है। मुझे यह काम बहुत पसंद आ रहा है। यह पूरी तरह से नेचुरल है। हमारे शो में रिश्तों पर बातचीत है, प्यार-हंसी सब कुछ है। यह सब कुछ बिल्कुल नेचुरल है। माना एक्टिंग हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगी, लेकिन होस्टिंग से मैं अलग तरीके से ऑडियंस से जुड़ पाती हूं। इस शो में ऐसे पल भी हैं, जो लोग आमतौर पर पर्दे पर नहीं देखते हैं। यह टॉक शो मजेदार है, कभी-कभी थोड़ा मसालेदार भी है।

**क्या एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में मेल एक्टर्स की तुलना में ज्यादा आलोचना का सामना करना पड़ता है?**

ऐसा नहीं है कि एक्ट्रेसेस को मेल एक्टर्स से ज्यादा आलोचना मिलती है। अगर लोग पसंद करेंगे तो तारीफ करेंगे, नहीं तो आलोचना करेंगे ही। इससे फर्क नहीं पड़ता है कि आप एक्ट्रेस हैं या एक्टर। आज नियम बदल गए हैं। अब स्टार पावर पहले जैसी नहीं रही, निर्माता भी इस दबाव को महसूस करते हैं। वुमन सेंट्रिक कहानियां अब ज्यादातर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हैं। ओटीटी के कारण यह बदलाव आया है।

**खुद को कैसे इंस्पायर करती हैं?**

सोच सबसे अहम है। जब आप जिंदगी में खुश होते हैं, तो इंस्पिरेशन अपने अच्छे काम से मिलती है। परिवार को गर्व महसूस कराने से मिलती है। मुझे दूसरों की राय की परवाह नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी यह सीखे कि महिलाएं शादी और मां बनने के अलावा भी जिंदगी में सपने देख सकती हैं। मैं अपनी विरासत के रूप में यही बात छोड़कर जाना चाहती हूं।

### आपने प्रियंका चोपड़ा को बतौर आइडल खूब सराहा है



प्रियंका पूरी तरह से सेल्फ मेड हैं। उन्होंने सब कुछ अपने दम पर हासिल किया। ना किसी की मदद ली, ना किसी तरह का शॉर्टकट अपनाया। पर्दे के पीछे वह कॉन्फिडेंस से भरी हैं। बहुत जमीन से जुड़ी इंसान हैं। वह दूसरों को भी आगे बढ़ने में मदद करती हैं। मैंने उन्हें कई बार देखा है। वह कभी इनसिक्योर नहीं रहीं। यही एक आइडल की पहचान है। मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी भी इसी तरह खुद पर विश्वास करे और सबकुछ हासिल करे।

## अचानक हार्ट अटैक आए तो घबराएं नहीं, एक्सपर्ट ने बताया तुरंत जान बचाने का ये आसान तरीका

**हार्ट अटैक जैसी खतरनाक स्थिति को देखकर लोग घबरा जाते हैं और सही समय पर सही कदम नहीं उठा पाते हैं, जिस कारण जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि अचानक हार्ट अटैक आने पर क्या करना चाहिए।**

आजकल हार्ट अटैक की समस्या सिर्फ अधिक उम्र वाले लोगों तक ही सीमित नहीं है। स्ट्रेस, गलत लाइफस्टाइल और खराब खानपान के कारण कम उम्र के लोग भी इस स्थिति का शिकार हो रहे हैं। अक्सर लोगों के मन में सवाल होता है कि अगर किसी को अचानक से हार्ट अटैक आ जाए, तो क्या करना चाहिए। कई बार इस खतरनाक स्थिति को देखकर लोग घबरा जाते हैं और सही समय पर सही कदम नहीं उठा पाते हैं, जिस कारण जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि अचानक हार्ट अटैक आने पर क्या करना चाहिए।

### अचानक हार्ट अटैक आने पर करें ये काम

आजकल लोगों में मन में हार्ट अटैक आने का डर रहता है। अगर आपको भी यह डर सताता है, तो एक्सपर्ट के मुताबिक आपको क्या करना चाहिए। एक्सपर्ट की मानें, तो यदि किसी को अचानक से हार्ट अटैक आता है या फिर आने वाला है, तो अपने पास अदरक का टुकड़ा हमेशा रखना चाहिए। जब भी किसी को हार्ट अटैक आए, तो मरीज के दोनों पैरों को जोड़कर हार्ट के पास कर दें। जैसे ही आप इस तरह से बैठेंगे, तो मरीज का जान जाने का जोखिम काफी हद तक कम हो जाएगा।

एक्सपर्ट ने बताया कि इस स्थिति में मरीज को जमीन पर बिठाना चाहिए। साथ ही मरीज को अदरक का टुकड़ा देकर उसे चबाने के लिए कहें। अदरक के टुकड़े को तब तक चबाना है, जब तक कि आंखों में आंसू न आ जाएं। ऐसा करने से नाइट्रिक आक्साइड का प्रोडक्शन बढ़ जाएगा। जानकारी के लिए बता दें कि यह आयुर्वेद के टेक्स्ट बुक्स और रिसर्च पेपर में भी लिखा है कि अदरक हार्ट अटैक से बचा सकती है।

### अदरक के फायदे

बता दें कि आयुर्वेद में अदरक को एक शक्तिशाली औषधि माना गया है। अदरक में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण पाया जाता है, जोकि पाचन को सुधारने के साथ ही दिल की सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। अदरक का सेवन ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर करना है और ब्लड क्लॉट्स बनने से रोकता है। जिस वजह से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। यही कारण है कि अचानक से यदि हार्ट अटैक की स्थित बनती है, तो अदरक का सेवन जान बचाने में कारगर साबित हो सकता है।







# क्या भारतीयों को इंटरनेशनल ट्रिप्स के लिए ट्रैवल इंश्योरेंस ज़रूरी है?

> "इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस आपको विदेश यात्रा के दौरान आने वाली फाइनेंशियल परेशानियों से बचाता है। चाहे आप छुट्टियों के लिए विदेश जा रहे हों, पढ़ाई, नौकरी या ऑफिस की ट्रिप, ऐसी हर स्थिति में ये ट्रैवल इंश्योरेंस लिया जा सकता है।"

घूमना फिरना सभी को अच्छा लगता है। ट्रिप की तैयारी करते समय हम होटल बुकिंग, खानपान, मोबाइल, एक्स्ट्रा पैसे, इन सब चीजों पर ध्यान देते हैं। लेकिन एक बात अक्सर छूट जाती है, ट्रैवल इंश्योरेंस। सफ़र के दौरान हादसे होना, अचानक बीमार पड़ना, सामान खो जाना, ये सब बहुत आम बातें हैं। फिर भी ज़्यादातर लोग सोचते हैं- 卐हमारे साथ कुछ नहीं होगा, हम बहुत सावधान रहते हैं।卐

कई और गलतफहमियाँ भी लोगों के मन में होती हैं जैसे-

पहले से ही हेल्थ इंश्योरेंस है, तो ट्रैवल इंश्योरेंस की ज़रूरत ही क्या है?卐

ये तो बस छोटी सी ट्रिप है, हफ़्ते भर में लौट आएंगे। ट्रैवल इंश्योरेंस तो बड़ी यात्राओं के लिए होता है।

लेकिन क्या ये सब सच है? इन्हीं बातों को हम अब समझने की कोशिश करेंगे।

इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस क्या है?

इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस आपको विदेश यात्रा के दौरान आने वाली फाइनेंशियल परेशानियों से बचाता है। चाहे आप छुट्टियों के लिए विदेश जा रहे हों, पढ़ाई, नौकरी या ऑफिस की ट्रिप, ऐसी हर स्थिति में ये ट्रैवल इंश्योरेंस लिया जा सकता है।

इसका कवरेज आपके पूरे सफर के लिए लागू होता है। आप सिर्फ़ एक देश जा रहे हो या कई देशों की यात्रा कर रहे हो, दोनों ही परिस्थितियों में ये उतना ही फ़ायदेमंद होता है।

आमतौर पर इस इंश्योरेंस में ये चीजें कवर होती हैं-

बीमारी या हादसे की वजह से हॉस्पिटलाइजेशन
पासपोर्ट खो जाना या चोरी होना
ट्रिप रद्द होना या दोबारा शेड्यूल होना
ट्रिप को आगे बढाना
सामान गुम होना या देर से पहुँचना
फ्लाइट लेट या रद्द होना

इसके अलावा, कई पॉलिसियों में 24×7 इमरजेंसी सर्विसेज़ भी दी जाती हैं, जैसे -

खोए हुए पासपोर्ट की तुरंत मदद
- कैश वायर असिस्टेंस
- रद्द हुई फ्लाइट का टिकट फिर से बुक करना

भारतीयों के लिए किन देशों में ट्रैवल इंश्योरेंस जरूरी है?

भारत से विदेश जाने वाले यात्रियों के लिए कुछ देशों ने ट्रैवल इंश्योरेंस लेना अनिवार्य किया है। नीचे ऐसे देशों की लिस्ट दी गई है-

1. अंटार्कटिका 2. अल्जीरिया
3. इक्वाडोर 4. ईरान
5. क़तर 6. क्यूबा
7. जॉर्जिया 8. जॉर्डन
9. तुर्की 10. न्यूजीलैंड
11. मोल्डोवा 12. यूक्रेन
13. संयुक्त अरब अमीरात (श्व) 14. रवांडा
15. रूस 16. सऊदी अरब
17. शेंगेन देश (यूरोप के 29 देशों का समूह)

ट्रैवल इंश्योरेंस जहां जरूरी नहीं वहाँ भी क्यों लें?

कई देशों ने वीजा के लिए ट्रैवल इंश्योरेंस को जरूरी डॉक्यूमेंट बताया है। बिना इंश्योरेंस का सबूत दिए वीजा मुश्किल है। कई लोगों को लगता है कि ट्रैवल इंश्योरेंस मतलब बेकार का खर्च, या फिर ये सिर्फ़ अमीर लोगों और महँगा सामान ले जाने वालों के लिए है। लेकिन असलियत ये है कि ट्रैवल इंश्योरेंस हर यात्री के लिए जरूरी है क्योंकि-

1. यात्री के लिए आर्थिक सुरक्षा

सफर में किसी के साथ अचानक हादसा, बीमारी या कोई और परेशानी हो सकती है। विदेश के हॉस्पिटल में इलाज या ज़रूरी सेवाएँ बहुत महँगी होती हैं। लेकिन अगर आपके पास इंश्योरेंस हो, तो ज़रूरी मेडिकल ट्रीटमेंट और बाकी खर्च आसानी से किए जा सकते हैं। इससे बड़ा फाइनेंशियल बोझ नहीं पड़ता। इसके साथ ही, इसमें सामान खो जाने, ट्रिप कैन्सल होने, फ्लाइट लेट होने जैसी परिस्थितियाँ भी शामिल होती हैं।

2. मेजबान देश पर आर्थिक बोझ कम करना

अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे देश में बीमार पड़ता है, तो ज्यादातर वह उस देश के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज कराता है। ऐसे में खर्च वहाँ की सरकार को भरना पड़ता है। एक तरह से ये खर्च टैक्स भरने वालों का पैसा होता है। इससे देश का नुकसान होता है। इस बोझ को रोकने के लिए कई देशों ने ट्रैवल इंश्योरेंस अनिवार्य किया है।

3. पब्लिक हेल्थ और सैफ्टी

कोविड के समय हमने देखा कि बीमारियाँ कितनी जल्दी फैल सकती हैं। ऐसे में अगर टुरिस्ट को तुरंत मेडिकल केयर न मिले, तो इसका असर दूसरों पर भी पड़ सकता है। इंश्योरेंस से टुरिस्ट को समय पर इलाज मिलता है और बाकी लोग भी सुरक्षित रहते हैं।

4. ट्रिप का मजा खराब न हो

सफर में अचानक बीमार पड़ना, फ्लाइट लेट होना, सामान चोरी होना, ऐसी परेशानियाँ पूरी ट्रिप बिगाड़ देती हैं। लेकिन अगर आपके पास सही ट्रैवल इंश्योरेंस है, तो आपको तुरंत मदद मिलती है और आप बिना चिंता अपनी ट्रिप का मजा ले सकते हैं।

ट्रैवल इंश्योरेंस खरीदने से पहले ध्यान रखने वाली बातें

अगर आप ट्रैवल इंश्योरेंस से ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा लेना चाहते हैं तो इन बातों का ध्यान रखें-

1. डेस्टिनेशन- आप किस देश जा रहे हैं उस हिसाब से इंश्योरेंस का कवरेज तय होता है। कुछ देशों के लिए खास पैकेज बने होते हैं जैसे शेंगेन ट्रैवल इंश्योरेंस, ज्यादा फायदेमंद होते हैं।

2. उम्र और स्वास्थ्य- कम उम्र और अच्छे स्वास्थ्य वाले लोगों को कम प्रीमियम में ज़्यादा कवरेज मिल जाता है। अगर मेडिकल हिस्ट्री है, तो प्रीमियम थोड़ा ज़्यादा हो सकता है।

3. ट्रिप ड्युरेशन- ट्रिप जितनी लंबी होगी, प्रीमियम उतना ही ज्यादा देना होगा।

4. ट्रिप की गिनती- अगर आप साल में सिर्फ़ एक-दो बार सफर करते हैं, तो सिंगल ट्रिप पॉलिसी काफ़ी है। लेकिन अगर आप बार-बार सफ़र करते हैं, तो मल्टी-एनुअल ट्रिप पॉलिसी ज़्यादा फायदेमंद होती है।

5. एडवेंचर एक्टिविटीज- ट्रेकिंग, स्कूबा डाइविंग, स्कीइंग जैसी एक्टिविटीज़ में रिस्क ज़्यादा होता है। इसलिए ऐसी पॉलिसी चुनें जिसमें एडवेंचर स्पोर्ट्स कवर शामिल हो, ताकि आपको एक्स्ट्रा कवर मिले। सफ़र में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करें

यात्रा के समय ट्रैवल इंश्योरेंस आपके और आपके परिवार के लिए सेफ़्टी नेट की तरह काम करता है। इंश्योरेंस लेने का मतलब है कि आप खुद को सुरक्षित कर रहे हैं।

# प्रीवेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट है बिहार का ये शहर, कम बजट में आएंगी शानदार तस्वीरें

**आजकल के कपल्स के लिए शादी से पहले का प्री-वेडिंग फोटोशूट नया ट्रेंड बन गया है। शादी की तैयारियों के बीच प्री वेडिंग फोटोशूट कुछ रोमांटिक पल साथ बिताने का खास मौका देता है। इन तस्वीरों में जीवन भर की मीठी यादें संजोकर रख सकती हैं।**

आजकल के कपल्स के लिए शादी से पहले का प्री-वेडिंग फोटोशूट नया ट्रेंड बन गया है। शादी की तैयारियों के बीच प्री वेडिंग फोटोशूट कुछ रोमांटिक पल साथ बिताने का खास मौका देता है। इन तस्वीरों में जीवन भर की मीठी यादें संजोकर रख सकती हैं। हालांकि कई बार प्री-वेडिंग शूट के लिए कपल्स महंगी और दूर की लोकेशन्स चुनते हैं। जिससे बजट और समय दोनों पर दबाव पड़ता है। लेकिन आप कम बजट में भी अच्छी लोकेशन पर फोटोशूट करा सकते हैं।

बता दें कि अगर आप बिहार से हैं, तो गया शहर प्री वेडिंग शूट के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। गया शहर में प्री वेडिंग फोटोशूट कई बजट फ्रेंडली डेस्टिनेशन और शानदार जगहे हैं। गया शहर सिर्फ मंदिरों और धार्मिक स्थलों तक ही सीमित नहीं है, यहां पर कई ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थल हैं, जो आपकी प्री वेडिंग फोटोशूट की तस्वीरों को एक यादगार स्पर्श देगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गया की कुछ खास जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने प्री वेडिंग फोटोशूट को यादगार बना सकती हैं।


## बेहद खास हैं गया की ये जगहें

### महाबोधि मंदिर परिसर

महाबोधि मंदिर परिसर गया की सबसे प्रतिष्ठित जगह है और साथ ही यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भी है। महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म का एक पवित्र स्थल है। यहां का शांत और विशाल परिसर, सुनहरी बुद्ध प्रतिमाएं, प्राचीन वास्तुकला और ऐतिहासिक बोधि वृक्ष आपको फोटोशूट को शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक स्पर्श देंगी। सुबह या शाम के समय यहां बेहद खूबसूरत तस्वीरें आती हैं। हालांकि इस दौरान यहां के धार्मिक माहौल का सम्मान जरूर करें।

### विष्णुपद मंदिर और फल्गु नदी

विष्णुपद मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है और मंदिर के पास फल्गु नदी बहती है। इस मंदिर की भव्य वास्तुकला, सूर्योदय या सूर्यास्त के समय का नजारा और फल्गु नदी का शांत किनारा आदर्श है। इस नदी के किनारे बहुत ही कलात्मक तस्वीरें आती हैं। हालांकि मंदिर परिसर में फोटोग्राफी के नियमों का ध्यान रखना न भूलें। फल्गु नदी के किनारे फोटोशूट करने के दौरान प्राकृतिक रोशनी का उपयोग करें।



### दशरथ मांझी रोड

इसी जगह पर दशरथ मांझी ने पहाड़ काटकर रास्ता बनाया था। यह जगह अपनी प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के कारण काफी खास है। यहां पर दशरथ मांझी को समर्पित एक स्मारक भी है। दशरथ मांझी रोड प्रेम और दृढ़ संकल्प की कहानी बयां करता है, जोकि आपकी तस्वीरों में एक गहरा अर्थ जोड़ सकता है। दोनों साइड माउंटेन व्यू के साथ एक से बढ़कर एक फोटोशूट करा सकते हैं।

### ब्रह्मयोनि पहाड़ी

ब्रह्मयोनि एक पहाड़ी है, जहां तक जाने के लिए सीढ़ियां हैं और यहां से गया शहर का शानदार नजारा दिखता है। ऊपर से गया शहर और आसपास की हरियाली को बेहद मनोरम दृश्य मिलता है। यह जगह पैनोरमिक शॉट्स के लिए बेहतरीन है। यहां का प्राकृतिक लैंडस्केप और पथरीला रास्ता तस्वीरों में विविधता लाते हैं। इसलिए यहां पर सुबह जल्दी जाएं, जिससे कि आपको भीड़ कम मिले। इस दौरान आरामदायक जूते पहनना न भूलें।

### रबर डैम

गया के फल्गु नदी में स्थित रबर डैम एक दिलचस्प और अनोखी जगह है। यह जगह प्री वेडिंग फोटोशूट के लिए खास जगह बन सकती है। अगर आप कुछ अलग और क्रिएटिव तस्वीरें चाहते हैं, तो शाम की लाइटिंग में रबर डैम में फोटोशूट करा सकती है। इसका प्राकृतिक और शहरी परिवेश मिलकर एक शानदार बैकग्राउंड देता है। यह जगह कपल फोटोशूट के लिए आपको खर्च भी नहीं करना पड़ेगा।

# दिल्ली अभी दूर है, 2029 तक महाराष्ट्र का सीएम बना रहूंगा : देवेंद्र फडणवीस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि वह 2029 तक अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे और सत्तारूढ़ गठबंधन की संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा। वहीं राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, जहां तक मुझे अपनी पार्टी की जानकारी है...दिल्ली अभी बहुत दूर है। मैं 2029 तक महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना रहूंगा।



### ‘राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के प्रति कोई कटुता नहीं’

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि उनके मन में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के प्रति कोई कटुता नहीं है। उन्होंने कहा, 2024 के विधानसभा चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता को देखते हुए, मुझे विश्वास है कि (नेताओं के बीच) सौहार्द वापस आएगा। इससे पहले, 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद राजनीतिक अस्थिरता के कारण, राजनीतिक नेताओं के बीच दुश्मनी जैसी स्थिति थी। मेरे 99 प्रतिशत राजनीतिक नेताओं के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध हैं।

### महायुति में कोई बदलाव नहीं होगा : फडणवीस

इस दौरान सीएम फडणवीस ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन, जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राकांपा शामिल हैं, में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, %न तो कोई नया साझेदार बनेगा और न ही साझेदारों की अदला-बदली होगी। उन्होंने स्थानीय निकाय चुनावों से पहले राज्य की मतदाता सूची में विसंगतियों का आरोप लगाने के लिए विपक्ष पर भी निशाना साधा। ये चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक पूरे होने हैं। सीएम फडणवीस ने स्थानीय निकाय चुनावों के लिए धारणा बनाने के लिए मतदाता सूची पर आपत्ति जताने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने मतदाता सूची पर कोई आपत्ति या सुझाव नहीं दिया है। उन्होंने बताया कि वे मतदाता सूची के पूर्ण संशोधन का भी विरोध करते हैं। विपक्ष स्थानीय निकाय चुनावों को स्थगित करवाना चाहता है, लेकिन उनके पास कोई ठोस कारण नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि वे अब बिहार चुनाव प्रचार में मतदाता सूची के बारे में बात नहीं करते हैं।

### ठाकरे बंधुओं के साथ आने पर भी दी प्रतिक्रिया

मनसे प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के स्थानीय निकाय चुनावों में साथ आने की अटकलों पर फडणवीस ने कहा, अगर राज ठाकरे कहते हैं कि मैंने मराठी के मुद्दे पर दोनों भाइयों को करीब लाया, तो मैं इसे एक तारीफ मानता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, पहले, पार्टियां तोड़ने के लिए मेरी आलोचना होती थी। कोई तीसरा व्यक्ति किसी राजनीतिक दल को नहीं तोड़ सकता। केवल महत्वाकांक्षाएं और अन्याय ही पार्टियों को तोड़ सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्थानीय निकाय चुनावों के बाद भी ठाकरे भाई साथ रहेंगे। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि ठाकरे ब्रांड का मतलब सिर्फ शिवसेना संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे हैं, और कोई नहीं। एकनाथ शिंदे को परेशान करने के लिए राज और उद्धव ठाकरे के बीच गठबंधन कराने के आरोपों पर पूछे गए सवाल पर फडणवीस ने कहा, जैसे मेरे राज के साथ संबंध हैं, वैसे ही शिंदे के भी हैं।

### मंत्रिमंडल में कोई भी मंत्री अक्षम नहीं : फडणवीस

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में फेरबदल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई भी मंत्री अक्षम नहीं है। उन्होंने कहा, हम जल्द ही एक साल पूरा कर लेंगे और एक प्रदर्शन ऑडिट किया जाएगा। फडणवीस ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ महायुति स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राजनीतिक रूप से समझदारी भरे गठबंधन बनाएगी। उन्होंने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र में, सत्तारूढ़ सहयोगी चुनाव पूर्व गठबंधन करेंगे, जबकि अन्य जगहों पर चुनाव बाद गठबंधन हो सकते हैं।

# केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का हेलिकॉप्टर गड्ढे में फंसा

- पुलिस, फायर स्टाफ ने धक्का मारकर निकाला, प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**



केरल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलिकॉप्टर बुधवार को उतरने के बाद गड्ढे में फंस गया। मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर को धक्का देकर गड्ढे से निकाला। प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं। यह घटना केरल के पथानामथिट्टा स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में हुई। यहां हेलीपैड जल्दबाजी में बनाया गया था। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने कहा, कन्क्रीट पूरी तरह से जम नहीं पाया था, इसलिए जब हेलिकॉप्टर उतरा तो वह उसका भार नहीं संभाल सका और एक तरफ झुकने लगा। जहां इसके पहिए जमीन को छू रहे थे, वहां गड्ढे बन गए। अधिकारियों के अनुसार, लैंडिंग की योजना मूल रूप से पंबा के पास निलक्कल में बनाई गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण इसे प्रामदम में बदल दिया गया। हालांकि, राष्ट्रपति मुर्मू ने बिना किसी देरी के सड़क मार्ग से अपनी यात्रा जारी रखी।

### राष्ट्रपति ने सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए

राष्ट्रपति मुर्मू ने सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए। वे भगवान अय्यप्पा मंदिर में दर्शन करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति हैं। 1970 के दशक में पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरी ने इस मंदिर का दौरा किया था। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को राज भवन में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके बाद वर्कला में शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु की महा-समाधि शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगी।

### भगवान शिव और विष्णु की संतान हैं अयप्पा

पौराणिक कथाओं के अनुसार, सबरीमाला मंदिर के भगवान अयप्पा को भगवान शिव और मोहिनी (भगवान विष्णु का अवतार) का पुत्र माना जाता है। इनका एक नाम हरिहरपुत्र भी है। हरि यानी विष्णु और हर यानी शिव, इन्हीं दोनों भगवानों के नाम पर हरिहरपुत्र नाम पड़ा। इनके अलावा भगवान अयप्पा को अयप्पन, शास्ता, मणिकांता नाम से भी जाना जाता है।


### सबरीमाला मंदिर 800 साल पुराना

केरल में शैव और वैष्णवों में बढ़ते मनमुटाव के कारण एक मध्य मार्ग की स्थापना की गई थी, जिसमें अय्यप्पा स्वामी का सबरीमाला मंदिर बनाया गया था। इसमें सभी पंथ के लोग आ सकते हैं। ये मंदिर लगभग 800 साल पुराना माना जाता है। अयप्पा स्वामी को ब्रह्मचारी माना गया है, इसी वजह से पीरियड्स के दौरान महिलाओं का प्रवेश वर्जित था। मंदिर की विशेषता यह है कि दर्शनार्थियों को 41 दिनों का कठोर व्रत रखना पड़ता है, जिसमें ब्रह्मचर्य, शाकाहारी भोजन और सादा जीवन अपनाना शामिल है।

### 24 अक्टूबर तक रहेंगी केरल में

राष्ट्रपति मुर्मू कोट्टायम जिले के पाला में सेंट थॉमस कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समारोह में भी शामिल होंगी। वे 24 अक्टूबर को एर्नाकुलम में सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह में भाग लेकर केरल यात्रा खत्म करेंगी।

# ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड के अंतर्गत चल रहे प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण



- 40 एमएलडी प्लांट से साहिबाबाद की 1200 औद्योगिक इकाइयों को हो रही है 15 एमएलडी जलापूर्ति

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट के कार्य पूर्ण होने पर कमेटी के साथ निरीक्षण किया गया जिसमें शोधित जल की प्रक्रिया को मौके पर देखा गया तथा उपकरणों के सही इस्तेमाल को भी देखा गया प्रोजेक्ट को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के निर्देश महाप्रबंधक जल के पी आनंद तथा टीम को दिए गए, लैब में पहुंच कर शोधित जल के पैरामीटर की भी जानकारी ली गई, मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, वेबेग से प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहती व टीम उपस्थिति रही। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि इंदिरापुरम स्थित 40 एम एल डी, टीएसटीपी का कार्य तेजी से कराया गया है जिसके क्रम में लगातार अधिकारियों की मॉनिटरिंग बनी रही आज कमेटी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण हुआ है, लगभग 1200 औद्योगिक इकाइयों को साहिबाबाद में जलालपूर्ति की जा रही है 40 एमएलडी प्लांट से वर्तमान में लगभग 15 MLD की जलापूर्ति की जा रही है जिनको विभाग द्वारा और अधिक गति देते हुए बढ़ाया जाएगा, प्लांट पूर्ण रूप से चालू है उपकरणों व अन्य व्यवस्था के लिए अंतिम रूपरेखा देने का कार्य चल रहा है, शीघ्र ही प्लांट की विधिवत शुरुआत की जाएगी। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड के प्रोजेक्ट के कार्य को पूर्ण कर लिया है, लगभग 3 वर्ष में प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण हुआ है जिसके माध्यम से जल शोधित करने का कार्य किया जा रहा है तथा औद्योगिक इकाई साहिबाबाद को लाभ पहुंच रहा है जिससे न केवल भूगर्भ जल की बचत हो रही है बल्कि औद्योगिक इकाइयों की पूर्ति भी की जा रही है।

# तीनों सेनाओं में एकीकरण स्थापित करना चुनौती

## सीडीएस अनिल चौहान बोले, राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल जरूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें नियुक्त किए जाने के बाद उनकी प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक तीनों सेनाओं थल, जल और वायु सेना में जॉइंटनेस और इंटीग्रेशन यानी एकता और समन्वय को बढ़ाना है। उन्होंने इसे एक कठिन लेकिन अत्यंत आवश्यक कार्य बताया। चौहान दिल्ली में आयोजित उस कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो किताबों का अनावरण किया। जनरल चौहान ने कहा कि सिविल-मिलिट्री फ्यूजन (नागरिक और सैन्य समन्वय) केवल रक्षा के दायरे तक सीमित नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय स्तर पर समग्र शक्ति और सुरक्षा का मापदंड है। उन्होंने कहा कि यह काम बेहद कठिन है, लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी है। देश की शक्ति तभी मजबूत होगी जब नीतिगत और सैन्य ढांचे में तालमेल स्थापित हो। सीडीएस ने बताया कि हाल ही में आयोजित कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में राजनीतिक नेतृत्व ने सेना को कई अहम दिशा-निर्देश दिए,



जिनमें यह भी कहा गया कि कुछ ऐसे क्षेत्रों में सेना को नेतृत्व करना चाहिए जहां एकीकरण और सहयोग बढ़ाया जा सके।

### राज शुक्ला की किताब से प्रेरणा की बात

जनरल चौहान ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राज शुक्ला की किताब ने इस विषय को गहराई से समझाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने सिविल-मिलिट्री फ्यूजन की दिशा में कई प्रयास किए हैं, लेकिन अभी इस पर और काम करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा राज शुक्ला ने अपनी किताब में जो विचार रखे हैं, वे न सिर्फ वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य बल्कि भविष्य की रणनीतिक दिशा तय करने में मदद करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर दोनों पुस्तकों का विमोचन किया। पहली किताब सिविल मिलिट्री फ्यूजन एज अ मेट्रिक ऑफ नेशनल पावर एंड कॉम्प्रेहेंसिव सिक्योरिटी भारत की रणनीतिक सोच और नीतिगत समन्वय पर केंद्रित है।

### सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने साझा किया अनुभव

इस मौके पर थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) से अपने करियर में बहुत कुछ सीखा है। हायर कमांड कोर्स हमेशा ‘क्यों’ पर केंद्रित रहता है। उनसे मैंने तीन महत्वपूर्ण बातें सीखी थीं, जिनमें से एक थी ऑपरेशन सिंदूर की नींव। जनरल द्विवेदी ने बताया कि जब 2016 में उरी हमला हुआ था, तब राज शुक्ला ने संभावित जवाबी रणनीति और भविष्य की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की थी। आगे उन्होंने कि जब मेरे सामने ऐसी स्थिति आई, तो मुझे यह सब पहले से ही सामान्य और परिचित लगा, क्योंकि मैंने यह परिप्रेक्ष्य पहले देख लिया था।

# असामाजिक तत्वों ने छठ घाट तोड़ा नाराज लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ किया नारेबाजी

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



साहिबाबाद क्षेत्र में थाना शालीमार गार्डन के चौकी विक्रम एन्क्लेव के प्रयास पार्क छठ घाट को असमाजिक तत्व ने तोड़ दिया। जिससे लोगो मे काफी आक्रोश व्याप्त हो गया। लोगो ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया वही वार्ड 37 के भाजपा पार्षद का कहना है की प्रयास पार्क के कोने पर पुलिस चौकी बनी हुई है उसके बावजूद भी असमाजिक तत्व द्वारा दो बार छठ घाट को क्षतिग्रस्त कर दिया । मंगलवार को रात्रि 8 बजे तक छठ घाट का निर्माण कराया सुबह जब लोग आए तो देखा की छठ घाट टूटी हुई है इसके बाद लोगो में आक्रोशित लोगों ने जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। उदयभान सिंह पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष बबली चौहान, महासचिव पूर्वांचल छठ घाट कांति देवी, डालचंद्र, शिव गुप्ता, आरडी शर्मा, धर्मपाल चौधरी, राजेन्द सोलंकी, संतोष, मनोज, सीमा देवी, सुधा देवी बाला देवी बिना देवी सहित पुरबिया समुदाय के लोग भारी संख्या में प्रदर्शन में शामिल रहे।

### खुद अपनी 12 साल पुरानी सलाह मानें, एफडीआई में गिरावट को लेकर कांग्रेस का मोदी पर निशाना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में आई गिरावट को लेकर तंज कसा। कांग्रेस ने पीएम से अपील के अंदाज में कहा कि वे अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की वही सलाह अब खुद पर लागू करें जो उन्होंने 12 साल पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार को दी थी। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 2013 में पीएम मोदी के तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम को संबोधित करने वाले एक एक्स पोस्ट का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को अब अपनी ही सलाह माननी चाहिए। खेड़ा ने कहा, कुछ ताजा आंकड़े बताते हैं कि अगस्त में भारत में नेट एफडीआई 159 प्रतिशत गिर गई है।






# गाजियाबाद भारत का सर्वोच्च प्रदूषित शहर में शामिल होने की दहलीज पर

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद की ट्रांस हिंडन समेत जनपद क्षेत्र की सिविल सोसायटियों के शीर्ष और नामित प्रतिनिधि गाजियाबाद में दीपावली के बाद प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और साहिबाद क्षेत्र के विधायक सुनील शर्मा सहित सदर विधायक संजीव शर्मा और महापौर सुनीता दयाल से मुलाकात करके अपना मांगपत्र दिया । हाउस टैक्स वृद्धि प्रस्ताव निरस्त होने के बाद भी निगम की प्रशासनिक तानाशाही की शिकायत करते हुए बढ़े टैक्स वसूली रोकने की मांग किया। जिस पर पूर्व की भांति मंत्री, विधायक और महापौर का आश्वासन ही मिला है।

वसुंधरा मे उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से



प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाक़ात किया। विधायक एवं मंत्री सुनील शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि आरडब्ल्यूए मेमोरंडम को प्रदेश के प्रमुख सचिव आवास तक पहुंचाऊंगा। उन्होने सुझाव दिया की आवास मंत्री ए के शर्मा से नोएडा मे जाकर हाउस टैक्स के बारे मे मुलाक़ात करें। उन्होने ज़ोर देकर कहा कि जब नगर निगम का निगम के बोर्ड बैठक में टैक्स की व्रद्धि को निरस्त कर चुका है तो फिर बढ़े हाउस टैक्स वृद्धि जमा कराने की क्या आवश्यकता है। जो ऐसा कर रहे है वो गलत कर रहे है। समिति के पदाधिकारी सदर विधायक संजीव शर्मा से मिले और उनसे कहा की एक तो गाजियाबाद भारत का सर्वोच्च प्रदूषित शहर में शामिल होने की दहलीज पर है और ऊपर से यहाँ के नगर निगम हाउस टैक्स में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी कर रहा है। यह किसी कीमत पर स्वीकार नहीं है। डेलीगेशन का नेतृत्व करते हुये कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा की 30 जून 2025 को नगर निगम की सदन की बैठक मे प्रशासनिक असहमिति के पश्चात भी बोर्ड बैठक ने सर्व सम्मिती से संपत्ति कर की दरो मे व्रद्धि के प्रस्ताव को निरस्त किया गया। नेताओं माने तो इस बैठक की मिनट्स मे यह भी लिखा है कि उच्च न्यायालय ने नगर निगम के सदन की बैठको पर स्टे नहीं लगाया यानि सदन द्वारा यदि हाउस टैक्स वृद्धि निरस्त कर दी जाये तो यह मामला उच्च न्यायालय मे स्वत ही खत्म हो जाएगा। शहर विधायक संजीव शर्मा ने पूरी तत्परता से संज्ञान लेने का वादा किया और यहाँ तक कहा की हम हाउस टैक्स को नहीं बढ्ने देंगे । प्रतिनिधि मण्डल में डा पवन कौशिक , डा आर के आर्या , जय दीक्षित , तरुण चौहान अंजु शर्मा , मोनिका गोयल , गुरमेल सिंह सिद्धू , नेम पाल चौधरी ने विधायक को हाउस टेक्स की बढ़ोतरी के विरुद्ध मेमोरंडम सौपा।

### हाउस टैक्स वृद्धि के मुद्दे पर महापौर के व्यक्तव्य से समझने परे

हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में प्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल महापौर सुनीता दयाल से भी मुलाक़ात किया। जिसके बाद उनके अधीन सम्पन्न बोर्ड बैठक के स्वीकृत प्रस्ताव पर राहत देने की मांग रखी गई। जिसके बाद महापौर ने प्रतिनिधियों को ही अपनी मंशा जाहिर करते हुए हाउस टैक्स में अनियमितता के खिलाफ कार्यवाही की बात कही। नेताओं की माने तो महापौर कहा कि मैं सर्वे करवाऊंगी और जिन्होने अपने घर की गलत नाप दिया दी हुई है उन पर भारी भरकम जुर्माना भी वसूलेंगी। इस पर कर्नल त्यागी ने कहा की ये तो आपके अधिकार की बात है किसी को आपत्ति नहीं है। लेकिन अब जो आपके अधीन हाउस टैक्स निरस्त करने का जो निर्णय सदन में हुआ है उसे तो लागू किया जाना चाहिए। महापौर ने ये तर्क स्वीकार कर लिया।

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में हुई गोवर्धन पूजा, सुंदरकांड का पाठ भी आयोजित

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

- गोवर्धन पूजा के बाद अन्नकूट का प्रसाद भी बांटा

राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी स्थित श्री शिव बालाजी धाम मन्दिर में सभी निवासियों ने मिलकर गोवर्धन महाराज की पूजा कर परिक्रमा लगाई। मन्दिर के पुजारी पंडित राजीव मिश्रा ने गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की छवि बनाई। इस अवसर पर मन्दिर में बजरंगबली का चोला चढ़ाकर श्रृंगार किया गया और उसके बाद सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सुंदरकांड समापन के बाद गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का प्रसाद भी वितरित किया गया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर गुलमोहर एन्क्लेव के सभी निवासियों के सहयोग से श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड संपन्न होने के बाद भव्य रूप से गोवर्धन महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जिसमें कॉलोनी के सभी निवासियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। गोवर्धन पूजा के बाद सभी ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा लगाई और मन्दिर परिसर में अन्नकूट, कढ़ी चावल और हलवा-



पूरी का प्रसाद भी वितरित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी नई सदस्य रश्मि चौधरी ने कहा कि जब भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलधार वर्षा से बचने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उँगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएँ उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। वहीं निवासी अनुजा बंसल ने कहा कि इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। पंडित राजीव मिश्रा ने बताया कि गोवर्धन पूजा में गौधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। इस मौके पर पंडित राजीव मिश्रा, रश्मि चौधरी, अनुज बंसल, संजय बंसल, अनुजा बंसल,कुमार गौरव,राजीव बसिन,अनिल तायल , निर्देश गोयल,सुभाष गर्ग,संजीव बंसल समेत सैकड़ों गुलमोहर वासी मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)